# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 48 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1902:** भारतीय मनीषी विवेकानंद का निधन हुआ।
**1946:** फिलीपीन को अमेरिका से स्वतंत्रता मिली।
**1963:** तिरंगे का डिजाइन बनाने वाले पिंगली वेंकैया का निधन।
**1997:** नासा का पाथफाइंडर स्पेस प्रोब मंगल की सतह पर उतरा।
**2012:** सर्न के वैज्ञानिकों ने नए कण हिग्स बोसॉन की खोज की।

## झारखंड में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दो लाख करोड़ खर्च करेगी केंद्र सरकार : नितिन गडकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को गढ़वा स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पहुंचे। इसके बाद वे हूर गांव स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने 2400 सौ करोड़ से अधिक के निवेश से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। गढ़वा में 1129 करोड़ की लागत से बनकर तैयार गढ़वा फोर लेन बाईपास सड़क का उद्घाटन जबकि 1330 करोड़ की लागत से बनने वाली गुमला से छत्तीसगढ़ फोरलेन सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में 2 लाख करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक राज्य में 40,000 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं जबकि 70,000 करोड़ की परियोजनाओं पर काम जारी है। इसके अलावा 75,000 करोड़ की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। श्री गडकरी ने कहा कि 36,000 करोड़ की वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर मार्च 2028 तक पूरा होगा। 12,800 करोड़ की रांची-वाराणसी इकोनॉमिक कॉरिडोर जनवरी 2028 तक तैयार हो जाएगा। वहीं 31,700 करोड़ की दिल्ली-कोलकाता सिक्स लेन कॉरिडोर जून 2026 तक बनकर तैयार होगा। मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि चुनावों तक राजनीति हो सकती है, लेकिन चुनाव के बाद देश और राज्यों में विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने झारखंड सरकार से भूमि अधिग्रहण, वन विभाग की मंजूरी और अन्य तकनीकी अड़चनों को दूर करने का आग्रह भी किया। मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि 2014 में झारखंड में जहां 2,600 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क था, अब यह बढ़कर 4,470 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने यह भी कहा (शेष पृष्ठ 9 पर)



## रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शुक्रवार 4 जुलाई को झारखंड के रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के एक नए क्षेत्रीय केंद्र के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेगा। संस्थान को पहले एनआईपीसीसीडी के नाम से जाना जाता था। इस नए केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। समारोह में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु लड़कियों के साथ बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी के प्रमाणपत्रों का वितरण भी शामिल होगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के नए लोगो का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना अन्नपूर्णा देवी के दूरदर्शी नेतृत्व में एक व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। इसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक सहयोग और बाल विकास संस्थान का आधिकारिक नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला और बाल विकास संस्थान करना शामिल है। इस नाम का बदला जाना तेज मिशन-संचालित दृष्टिकोण और महिला और बाल-केंद्रित विकास के लिए मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संस्थान नई दिल्ली में अपने मुख्यालय और बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में क्षेत्रीय केंद्रों के साथ, ऑनलाइन और व्यक्तिगत कार्यक्रमों के माध्यम से सालाना 1,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने में सबसे आगे रहा है। रांची केंद्र के जुड़ने से देश के पूर्वी क्षेत्र में इस मुहिम के मजबूत होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की हत्या

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** कुंडा थाना अंतर्गत करनीबाग के महालक्ष्मी नगर मोहल्ले में गोली लगने से एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। बताया जाता है कि महालक्ष्मी नगर के रहने वाले दिनेश कुमार सिंह को कुछ अपराधियों ने गोली मार दी जिसमें उनकी मौत हो गयी।

### पति ने पत्नी को टांगी से काट डाला

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के महुआरी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को टांगी से काट डाला। इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुआरी गांव में बसंत भुइयां और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद में बसंत ने अपनी पत्नी को टांगी से काट डाला। घटना की सूचना पाकर नौडीहा बाजार थाना की पुलिस ने छापेमारी कर हत्यारोपित बसंत भुइयां को गिरफ्तार कर लिया।

### शिबू सोरेन की स्थिति में सुधार के संकेत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून से भर्ती झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद और हेमंत सरकार के कॉर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत मिले हैं। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दवाओं के साथ-साथ राज्य भर में उनकी कुशलता के लिए हो रही प्रार्थना और दुआओं का असर हो रहा है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की दो नई रेलवे परियोजनाओं को स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे की दो नई रेलवे परियोजनाओं के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रालय ने निमपुरा रिसेप्शन यार्ड और खड़गपुर जंक्शन के बीच तीसरी रेल लाइन को मंजूरी दी है। यह तीसरी रेल लाइन परियोजना 6.41 किलोमीटर लंबी होगी और इसे 157.86 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। खड़गपुर-निमपुरा रिसेप्शन यार्ड हावड़ा-मुंबई एवं हावड़ा-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग पर स्थित है। निमपुरा रिसेप्शन यार्ड और खड़गपुर जंक्शन के बीच तीसरी लाइन के पूरा होने पर, आदित्यपुर-खड़गपुर तीसरी लाइन परियोजना पूरी हो जाएगी। इससे गोकुलपुर और आद्रा से आने वाली मालगाड़ियों की देरी कम होगी और माल यातायात की गति बढ़ेगी। वहीं कलाईकुंडा-निमपुरा वेस्ट आउटर-गोकुलपुर कनेक्टिविटी (निमपुरा रिसेप्शन यार्ड को बायपास करते हुए) नई रेल लाइन परियोजना 12.33 किलोमीटर लंबी (शेष पृष्ठ 9 पर)

## बिना चालक के दौड़ी ट्रेन खड़ी गाड़ी से टकराई, 14 बोगियां बेपटरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** जिले के बरहड़वा प्रखंड स्थित बिन्दुवासिनी रैक लोडिंग साइट पर गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। एक मालगाड़ी की 14 बोगियां बिना चालक और बिना ब्रेक के तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी खड़ी मालगाड़ी से जा टकराईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक के बाद एक बोगियां पटरी से उतरकर नीचे गिर गईं। सभी बोगियों में गिट्टी लोड थी। इस हादसे में रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। बताया जाता है कि बरहड़वा रैक लोडिंग यार्ड में एक मालगाड़ी का रैक लोड होकर खड़ा था। अचानक यह रैक बिना किसी सिग्नल या चालक के नियंत्रण के अपने स्थान से लुढ़कने लगा। तेज रफ्तार में यह दूसरी खड़ी मालगाड़ी से टकरा गया। इस घटना से यार्ड में अफरातफरी मच गई। हादसे के दौरान सौभाग्य से कोई मानव हानी नहीं हुई। हालांकि, सुबह-सुबह स्थानीय लोग अपनी बकरियों को रेलवे पटरी के किनारे चराने के लिए छोड़ गए थे। तेज रफ्तार बोगियों की चपेट में आने से 14 बकरियों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर उस समय कोई व्यक्ति वहां मौजूद होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। रेलवे प्रशासन ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रैक के लुढ़कने का कारण तकनीकी खराबी या मानवीय चूक हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना को लाइव देखने वाले स्थानीय लोग दहशत में हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि यह हादसा इतना भयानक था कि देखकर रोंगटे खड़े हो गए। गनीमत रही कि लोगों की जान बच गई। मामले में मालदा डिविजन के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक को जल्द से जल्द सामान्य करने और नुकसान का आकलन करने के लिए कई टीमें मौके पर काम कर रही हैं।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय



'नारी शक्ति के लिए नए अवसर'

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान,
के क्षेत्रीय केंद्र, रांची के उद्घाटन के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

"हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रांची केंद्र के खुलने से लाभ:

- देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को मिलेगा लाभ और मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विशिष्ट प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को किया जाएगा पूरा।
- केंद्र द्वारा बाल मार्गदर्शन एवं परामर्श में एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उद्घाटन समारोह
मुख्य अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
श्री संजय सेठ
माननीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय
श्रीमती सावित्री ठाकुर
माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
श्री नवीन जयसवाल
माननीय विधायक, हटिया
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी

दिनांक : 4 जुलाई 2025, शुक्रवार
स्थान : सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, झारखंड शहरी नियोजन एवं प्रबंधन संस्थान, एचईसी मुख्यालय के पास, धुर्वा, रांची, झारखंड

CBC46101/13/0013/2526

# 237 करोड़ से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार, पाइप नहीं बिछा: 20 जून को पीएम ने किया था उद्घाटन

## लोगों ने कहा- किसी घर से कनेक्शन तक नहीं

**बेगूसराय, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को सीवान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से वीसी के जरिए बेगूसराय में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया था। इसकी शुरुआत तो कर दी, लेकिन चुनावी वर्ष में यह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चर्चा का विषय बन गया है। एक ओर शहरवासी अचंभित है तो दूसरी सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चा हो रही है, वहीं विपक्ष ने इसपर बड़े सवाल उठाए हैं।

लोगों का कहना है कि करीब 237 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है। पूरे शहर के गंदे पानी को साफ करेगा, लेकिन जब पूरे शहर में पाइप बिछाया ही नहीं गया तो यह प्लांट साफ किस पानी को करेगा। पाइप नेटवर्क तैयार नहीं किया गया है तो इसके उद्घाटन का क्या औचित्य है। उद्घाटन के बाद जब कांग्रेस के नेता प्लांट पर पहुंचे तो जिस शिलापट्ट का ऑनलाइन अनावरण प्रधानमंत्री ने किया था, वह गायब था। कांग्रेस ने जब इस पर सवाल उठाए तो फिर से शिलापट्ट रख दिया गया, लेकिन उसे पॉलिथीन से ढंक कर रख दिया गया है। कहा गया कि अभी शहर के चार वार्ड 38, 42, 43 और 48 को इससे जोड़कर प्लांट चालू कर दिया गया है, लेकिन इस 4 वार्ड पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बेगूसराय नगर निगम में मात्र 45 वार्ड है तो फिर 48 नंबर वार्ड में चालू कैसे हो गया। नमामि गंगे परियोजना के तहत राजा डुमरी में यह सीवरेज प्लांट बनाया गया है, लेकिन सीवरेज प्लांट के सबसे नजदीकी मोहल्ले वार्ड नंबर-45 वाजितपुर में तो आज तक कोई काम ही नहीं हुआ है। कुछ इसी तरह की बातें 38, 42 और 43 के भी लोग कहते हैं। 236.85 करोड़ की लागत से लाखो के नजदीक राजा डुमरी में नमामि गंगे परियोजना से नवनिर्मित एसटीपी एंड सीवरेज नेटवर्क प्लांट का उद्घाटन 20 जून को किया गया है। इसके तहत बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में 95.11 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क, 3.60 एमएलडी क्षमता का दो आईपीएस लोहिया नगर और पिपरा में बनना है। जिसमें 17 एमएलडी क्षमता का एसटीपी और लोहिया नगर आईपीएस बनकर तैयार हो गया है। एसटीपी से शहरी क्षेत्र के 20000 घरों के दूषित पानी का ट्रीटमेंट-प्रसंस्करण किया जाएगा। निष्कर्षित पानी का उपयोग सिंचाई और अन्य कार्यों में किया जा सकेगा। जिससे गंगा नदी में दूषित-गंदे पानी का प्रवाह नहीं होगा और गंगा नदी को स्वच्छ रखा जा सकेगा। वार्ड नंबर-45 वाजितपुर निवासी प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का ऑनलाइन उद्घाटन किया है। इनको विकास की सूचना ऑनलाइन जाती है, समीक्षा ऑनलाइन करते हैं, उद्घाटन भी ऑनलाइन करते हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हमारे मोहल्ला के बगल में है, लेकिन आज तक मेरे मोहल्ले में सीवरेज का पाइप तक नहीं पहुंचा है।




घर से कनेक्ट कैसे किया जाएगा, जब गांव में पाइप ही नहीं पहुंचा है। वाजिदपुर निवासी भूखन पासवान ने बताया कि सीवरेज प्लांट हमारे गांव के बगल में बना है, लेकिन अभी तक हमारे गांव मोहल्ले को उसे कोई फायदा नहीं है। अभी तक न पाइप आया है और न ही और कोई कुछ काम हुआ है। वार्ड नंबर-43 के पार्षद प्रतिनिधि हेमंत कुमार पिंकू ने बताया कि मेरे वार्ड में सीवरेज का कोई काम नहीं हुआ है। सिर्फ पाइपलाइन का 60-70 प्रतिशत काम हुआ है। होम कनेक्शन अभी तक एक भी घर का नहीं हुआ है, उद्घाटन की खानापूर्ति की गई है। वार्ड नंबर-38 के पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मेरे वार्ड में अभी हाउस कनेक्शन नहीं हुआ है, अभी तक न पाइप लगा है, न कनेक्शन हुआ है। जब पाइप का कनेक्शन ही नहीं हुआ है तो गंदा पानी कैसे जाएगा।

**किसी भी घर से कनेक्शन नहीं जोड़ा गया :** महिला कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक अमिता भूषण ने कहा कि चुनाव नजदीक है, इसलिए इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। क्यों किया गया, कैसे किया गया, किसके कहने पर किया गया, यह चिंता का विषय है। नगर निगम में 45-वार्ड है, किसी भी घर से कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। अगर 2-4 घर मिल जाए तो यह औपचारिकता होगी। योजना का उद्घाटन तब होता है जब काम पूरा हो जाता है, लेकिन काम पूरा हुआ नहीं और प्रधानमंत्री ने उद्घाटन कर दिया। डर लगता है कि कहीं अगली बार आधे-अधूरे फ्लाई ओवर का उद्घाटन न करवा दिया जाए। कोई घटना हो जाए। सीवरेज का अभी 10 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ है। 2010 में इस योजना की शुरुआत की गई, जिसमें ढेर सारे व्यवधान आए। 2014 के बाद नमामि गंगे के तहत बड़े-बड़े वादे कर इस काम को शुरू किया गया। उद्घाटन की जानकारी मिलने के बाद जब प्लांट में जाकर पता करवाए तो काम कहीं नहीं हुआ है।

### 17 एमएलडी का बनकर तैयार हो गया

नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर ने बताया कि, सीवरेज लाइन बन रहा है, शहर के सिवर लाइन को उससे कनेक्ट करेंगे। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 17 एमएलडी का बनकर तैयार हो गया है, उसका उद्घाटन हुआ। घर से निकलकर गंदा पानी वहां जाएगा, उसके बाद प्रोसेसिंग करके गंगा नदी में डाला जाएगा। 20000 से अधिक घर को कनेक्ट किया जाना है, कनेक्शन की प्रक्रिया चल रही है। एसटीपी से जो गंदगी निकलेगा, उससे खाद बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुहर्रम : निर्धारित मार्ग और समय पर ही जुलूस निकालें



**गया, एजेंसी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अनुमण्डल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। टिकारी और पंचानपुर थाना परिसर में भी बैठक की गई। बैठक में शांति समिति के साथ साथ मुहर्रम अखाड़ा जुलूस के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि जुलूस को शांतिपूर्ण समपन्न कराने को लेकर चर्चा की। मुहर्रम जुलूस में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। निर्धारित मार्ग व समय पर ही जुलूस निकालने की बात कही गई। सोशल मीडिया पर सकारात्मक संदेश साझा करें। संगीन गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया। मुहर्रम के दौरान शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि जुलूस को लेकर सभी चिन्हित जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। टिकारी थाना क्षेत्र में कुल 24 कमिटी को अखाड़ा जुलूस का लाइसेंस निर्गत किया गया है। बैठक में बीडीओ योगेन्द्र पासवान, सीओ मयंक शेखर, पंचानपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, टिकारी के चंद्रशेखर कुमार आदि मौजूद थे।

### छापा: सिटी में प्रिंटिंग प्रेस से नकली किताब बरामद

**पटना, एजेंसी।** सुल्तानगंज पुलिस ने शाहगंज इलाके में एक प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी कर नकल के धंधे का भंडाफोड़ किया है। प्रेस से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकाशकों की नकली पुस्तक बरामद की गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सुल्तानगंज पुलिस ने बताया कि खंजाची रोड रोड स्थित पब्लिकेशन कंपनी के प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचित किया था कि उनके कंपनी के नाम पर नकली पुस्तकों की छपाई और वाइडिंग शाहगंज स्थित प्रेस में की जा रही है। जिसके बाद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अजय कुमार के साथ पुलिस टीम ने शाहगंज में बाइडिंग यूनिट कारखाना में छापेमारी की। जहां से प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तक और मॉडल प्रश्न पत्र बरामद किए गए। सुल्तानगंज पुलिस ने बताया कि इस मामले में खंजाची रोड के पब्लिकेशर सिद्धेश्वर ओझा के द्वारा शिकायत करायी गयी है। जिसमें आशीष कुमार को आरोपित किया गया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

### पंचायत सचिवों को मिला लॉग इन आईडी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले की पंचायतों में बेपटरी हुई जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया जल्द ही दुरुस्त हो जाएगी। इसके लिए जिले के सभी पंचायत सचिवों को लॉग इन आईडी और पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही अब इन प्रमाणपत्रों के पंचायत में ही बनाए जाने की राह की अंतिम बाधा भी दूर हो गई है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी (डीएसओ) खालिद अंसारी ने बताया कि मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद जिला स्तर पर ही सभी पंचायत सचिवों का लॉग इन आईडी और पासवर्ड बनाया गया। इसे पंचायत सचिवों को उपलब्ध करा दिया गया है। अब जन्म-मृत्यु प्रमाण 21 दिनों के भीतर पंचायत स्तर पर ही बन जाएगा। इसके बाद कार्यपालक अधिकारी के लॉग इन से इसे बनाया जा सकता है। जबकि, एक साल से अधिक का मामला होने पर जिला स्तर से ऐसे प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। डीएसओ ने बताया कि जून महीने में सांख्यिकी निदेशालय ने पंचायत स्तर पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पंचायत सचिवों को अधिकृत करने का निर्णय लिया था। लेकिन, उसके लिए पंचायत सचिवों के लॉग इन आइडी और पासवर्ड बनाने में परेशानी आ रही थी। अब पंचायत सचिवों को यह उपलब्ध करा देने से जल्द ही व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी एनडीए: इंजीनियर नंदलाल मांझी

## हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले- कुछ लोगों को बिहार का सीएम बनने की हड़बड़ी

**गया, एजेंसी।** गया में हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर नंदलाल मांझी ने बयान दिया है। इन्होंने कहा है कि कुछ लोग अभिनेता से नेता बने हैं। उन्हें बिहार का मुखिया बनने की हड़बड़ी है। लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और उनके नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव लड़ेगी। दरअसल, बिहार में एनडीए के अंदर कलम और जुबान की लड़ाई तेज हो गई है। जमुई सांसद अरुण भारती के इशारों ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को झकझोर दिया है। दरअसल, भारती ने एक्स पर तंज कसते हुए कहा था कि बिहार विधानसभा में बहुमत साबित करने से पहले इस्तीफा देने का अनुभव चिराग पासवान के पास नहीं है। उनका यह इशारा साफ तौर पर जीतन राम मांझी की ओर था। क्योंकि जीतनराम मांझी 2015 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।



### मांझी ने 13 सीएम के साथ किया काम

इस बयान के बाद हम ने भी मोर्चा खोल दिया है। नंदलाल मांझी ने चिराग पासवान का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग जीतनराम मांझी पर टिप्पणी कर रहे हैं। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि जितनी उनकी उम्र है, उससे ज्यादा मांझी सदन में रह चुके हैं। मांझी ने 13-13 मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया है। संघर्ष के बल पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री बने हैं, किसी की कृपा से नहीं। हम प्रवक्ता ने कहा कि जीतनराम मांझी होना आसान नहीं है। इसके लिए 'जिगरा' चाहिए। मांझी संघर्ष के प्रतीक हैं। हम ने एनडीए में रहते हुए हमेशा दलित और गरीबों की आवाज को मजबूती से उठाया है और उठाते रहेंगे। मांझी पर सवाल उठाने वालों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। राजनीति के जानकारों का कहना है कि बिहार एनडीए में सियासी खींचतान के बीच हम और लोजपा के बीच की जुबानी जंग आने वाले चुनाव में समीकरणों को और उलझा सकती है।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मांगी रंगदारी, 2 गिरफ्तार

## कटिहार में व्यापारी से मांगे 10 लाख रुपए, किशनगंज से पुलिस ने पकड़ा



**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मामला सहायक थाना क्षेत्र के ललियाही शिवाजी नगर का है। एएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि 18 जून को शिवाजी नगर के एक व्यक्ति ने सहायक थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, उन्हें एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर परिवारको जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामला गंभीर होने के कारण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और एसटीएफ के सहयोग से पुलिस टीम ने किशनगंज जिले से अभिमन्यु कुमार उर्फ मन्नू कुमार को गिरफ्तार किया। कड़ी पूछताछ के दौरान अभिमन्यु ने अपने साथी का भी नाम उजागर किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ललियाही से अमर कुमार उर्फ अमन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ था।

### जांच में जुटी पुलिस

अमर कुमार ने अपने दोस्त अभिमन्यु के साथ मिलकर पीड़ित को डराने और पैसों की उगाही के लिए कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई केनाम का इस्तेमाल किया। ताकि धमकी ज्यादा प्रभावी लगे। कटिहार पुलिस की मुस्तैदी और तकनीकी अनुसंधान के चलते मामला सुलझा और साजिशकर्ता सलाखों के पीछे पहुंच गए। पुलिस गहराई से जांच कर रही।

# बगहा में घर में घुसा 15 फीट लंबा किंग कोबरा

## वन विभाग की टीम ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा



**बगहा , एजेंसी।** बगहा के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार सुबह एक किंग कोबरा ने दहशत फैला दी। मिली जानकारी के अनुसार अशोक राम के घर में घुसा यह सांप लगभग 15 फीट लंबा था। सांप को देखते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वनकर्मी शंकर यादव और धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। रेंजर श्रीनिवासन नवीन के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सांप लगातार अपनी जगह बदल रहा था। इससे उसे पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो गया था। वनकर्मियों ने विशेष सावधानी बरतते हुए सांप को पकड़ा। उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। रेंजर ने बताया कि किंग कोबरा बेहद विषैला होता है। यह बिना उकसावे के हमला नहीं करता। इसकी लंबाई 20 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। यह मुख्य रूप से अन्य सांपों का शिकार करता है। इसका जहर इतना प्रभावशाली है कि एक बार के काटने से हाथी की भी मौत हो सकती है। मादा किंग कोबरा अंडों के लिए घोंसला बनाती है और उनकी रक्षा करती है। भारत में यह एक संरक्षित प्रजाति है।



# बगहा शिवनाथ यादव हत्याकांड में 23 साल बाद आया फैसला: मुख्य आरोपी सिंहासन यादव को 10 साल की सजा

## अन्य पांच दोषियों को तीन-तीन साल

**बगहा, एजेंसी।** बगहा में शिवनाथ यादव हत्याकांड मामले में बुधवार को बगहा सिविल कोर्ट से बड़ा फैसला आया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) मानवेंद्र मिश्र की अदालत ने मुख्य आरोपी सिंहासन यादव को 10 वर्ष की कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। वहीं मामले में नामजद अन्य पांच आरोपियों संजय यादव, ठाकुर यादव, नरेश यादव, उमेश यादव और प्रवेश यादव को तीन-तीन वर्ष की सजा दी गई है। इन सभी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न चुकाने पर छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### गैर इरादतन हत्या और हमला करने का दोषी पाया गया

अदालत ने मुख्य आरोपी सिंहासन यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 304(2) (गैर इरादतन हत्या) के तहत दोषी माना। जबकि शेष पांचों आरोपियों को धारा 324 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता मनु राव और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया।


### सीधे जेल भेजे गए दोषी

फैसले के बाद सभी दोषियों को कोर्ट से सीधे जेल भेज दिया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि सजा अवधि में पहले से काटी गई जेल अवधि जोड़ी जाएगी।

### क्या था मामला

यह मामला कई वर्षों पुराना है, जब एक विवाद में शिवनाथ यादव की हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच और अभियोजन की मेहनत के बाद यह फैसला सामने आया, जिससे पीड़ित पक्ष ने राहत की सांस ली है।

# 100 नंबर की परीक्षा में 257 अंक, 30 नंबर के प्रैक्टिकल में 225 आए, बिहार के कॉलेज में गजब हो गया



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी बिहार (बीआरएबीयू) में पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-25 में बड़ी संख्या में छात्रों के रिजल्ट में गड़बड़ी हुई है। आरडीएस कॉलेज में हिन्दी की एक छात्रा को 100 में 257 अंक दे दिए गए हैं। 30 नंबर के प्रैक्टिकल में छात्रा को 225 अंक आये हैं। इसके बाद भी छात्रा पास नहीं प्रमोटेड है। 100 से अधिक छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हो गया है। रिजल्ट मंगलवार की देर शाम जारी किया गया।

नौ हजार छात्रों ने थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा दी थी। लगभग आठ हजार छात्रों ने परीक्षा पास की है। हिन्दी और अंग्रेजी के छात्रों का कहना है कि उनके रिजल्ट में गड़बड़ी है। विज्ञान संकाय के छात्रों ने भी गड़बड़ी की शिकायत की है। बीआरएबीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. रामकुमार का कहना है कि जिन विभागों से इंटरनल के अंक नहीं आये हैं, उन्हीं छात्रों के रिजल्ट पेंडिंग हुए हैं। छात्रा को 100 में 257 अंक कैसे आ गये, इसकी जांच कराई जाएगी। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि अगली बार से किसी छात्र का रिजल्ट पेंडिंग नहीं हो।

**रिजल्ट आने के बाद परेशान रहे छात्र :** पीजी थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट आने के बाद से छात्र परेशान हैं। छात्रों ने कहा कि विवि और कॉलेज की गलती से उनका रिजल्ट फंस गया है। अब इसे ठीक कराने के लिए उन्हें विवि के चक्कर लगाने पड़ेंगे। पीजी में रिजल्ट की गड़बड़ी का मामला पिछले कई परीक्षाओं से सामने आ रहा है, लेकिन तमाम दावों के बाद भी विवि प्रशासन इसपर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। पिछलीबार पीजी की परीक्षा में कई छात्र को एक और दो नंबरों से फेल कर दिया गया था। इसपर अंकुश लगाने के लिए विवि ने हेड एग्जामनर की नियुक्ति की बात कही थी।

**आवेदन सामान्य में, रिजल्ट दिव्यांग श्रेणी में :** बीआरएबीयू में मंगलवार को जारी हुए वोकेशनल परीक्षा के रिजल्ट भी गड़बड़ी सामने आई है। प्रवेश परीक्षा में एक छात्र ने सामान्य कोटे में आवेदन किया था, लेकिन उसका रिजल्ट दिव्यांग कोटे में जारी किया गया है। कई और छात्रों ने भी रिजल्ट में गड़बड़ी की शिकायत विवि में सीसीडीसी से की है। कई छात्रों के रिजल्ट के आगे नॉट क्वालिफायड लिख दिया गया है, जबकि ऐसा नहीं लिखना था। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि जो शिकायतें आई हैं, उन्हें ठीक किया जा रहा है।

**पहले दिन एक-दो छात्र ही पहुंचे नामांकन लेने :** बीआरएबीयू में बुधवार से वोकेशनल कोर्स में नामांकन शुरू हो गया। पहले दिन किसी कॉलेज में एक-दो तो किसी कॉलेज में एक भी छात्र नामांकन लेने नहीं पहुंचे। पहली मेरिट लिस्ट के तहत नौ जुलाई तक छात्रों को नामांकन ले लेना है। इसके बाद 10 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### 30 दिनों में बन जाएंगे पार्ट थ्री के पेंडिंग अंकपत्र

बीआरएबीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. रामकुमार ने बुधवार को परीक्षा विभाग के कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने डिग्री सेक्शन के कर्मियों से कहा कि वह छात्रों के हित के लिए दो घंटे अतिरिक्त काम करें। इसपर कर्मियों ने अपनी सहमति जताई। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि पार्ट थ्री के जो भी पेंडिंग मार्क्सशीट हैं, उन्हें 30 दिनों में तैयार कर कॉलेजों में भेज दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई छात्र बार-बार विवि आते हैं तो उनके काम को पूरा कर दिया जाये। छात्र को दोबारा विवि न आना पड़े, इसका उपाय किया जाये। छात्रों के आवेदन पर मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जरूर लिये जाएं। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि वेबसाइट पर एक हेल्पलाइन बनाया जायेगा, जिसपर छात्र अपने आवेदन अपलोड कर सकेंगे। उन्हें हार्ड कॉपी जमा करने के लिए विवि आने की जरूरत नहीं होगी।

# मनरेगा पीआरएस की जांच में दोष सिद्ध, कई पर अनुशासनात्मक कारवाई

## 35 लाभुकों को आवास योजना का मिला था दोहरा लाभ, वसूली का निर्देश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अनियमितताओं के आरोप में पूर्वी चंपारण जिले के कई पदाधिकारियों और कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई एध्क्ष्टइख्र्ट के माध्यम से प्राप्त तीन परिवादों की जांच के बाद की गई।

परिवादी कुन्दन कुमार, विवेक कुमार ठाकुर और सत्यजीत कुमार द्वारा कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत दरमाहां व परसौनी वाजिद पंचायतों में दोहरी लाभ की शिकायत की गई थी। जांच की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) व वरिष्ठ लेखा पदाधिकारी को संयुक्त रूप से सौंपी गई थी। मामले की पुष्टि के लिए सुगौली के प्रखंड विकास पदाधिकारी से सत्यापन कराया गया, जिसमें यह सामने आया कि 2021-22 में 35 लाभुकों को आवास योजना का दोहरा लाभ दिया गया था।

जांच में दोषी पाए गए कर्मियों पर निम्नलिखित कार्रवाई की गई–

सरोज कुमार बैठा, तत्कालीन बीडीओ, सुगौली पर आरोप पत्र प्रपत्र 'क' गठित करने की अनुशंसा की गई है।

अर्जुन प्रसाद यादव, तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक (भटहाँ पंचायत) का अनुबंध रद्द किया गया है।

उमेश्वर नाथ तिवारी, तत्कालीन ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक (सुगौली), वर्तमान पोस्टिंग पहाड़पुर– पर 20% मानदेय की कटौती तीन वर्षों तक लागू की गई है। अनिल कुमार, तत्कालीन लेखा सहायक (सुगौली), वर्तमान पदस्थापन हरसिद्धि– पर 10% मानदेय की कटौती तीन वर्षों के लिए की गई है। रवि रंजन राम, तत्कालीन कार्यपालक सहायक (सुगौली), वर्तमान पदस्थापन आदापुर– जो कि उटक्क्ष के अंतर्गत नहीं आते हैं, उन पर भी 10% मानदेय की कटौती तीन वर्षों तक का दंड लगाया गया है। इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुगौली को निर्देश दिया गया है कि वे दोहरी लाभ प्राप्त करने वाले 35 लाभुकों से एक माह के भीतर राशि की वसूली सुनिश्चित करें। यदि वसूली नहीं होती है, तो निलाम पत्र वाद दायर करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति की गई प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# मोतिहारी नगर निगम ने पीएम आवास योजना के तहत 2000 लाभुकों को जारी की पहली किश्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोतिहारी नगर निगम द्वारा पात्र लाभुकों को आवास निर्माण हेतु प्रथम किश्त की राशि जारी कर दी गई है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपे और योजना के उद्देश्य को साझा किया। महापौर ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीबों को स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ आवास उपलब्ध कराना है। नगर निगम द्वारा अब तक 2400 लाभुकों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से करीब 2000 लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 लाख की पहली



किश्त सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शेष लाभुकों को भी जल्द ही पहली किश्त की राशि प्रदान की जाएगी। नगर निगम द्वारा अभी भी आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। ऐसे इच्छुक लाभुक, जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे जल्द से जल्द अपना आवेदन पत्र निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं। महापौर प्रीति कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष सभी पात्र लाभुकों को जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम पूरी पारदर्शिता और गति के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में जुटा है। कार्यक्रम में नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, उप नगर आयुक्त गुरु शरण, नगर पार्षदगण एवं निगम के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दो दर्जन से अधिक स्कूली बच्चों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय वलीपुर में उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक एक दर्जन से अधिक महिलाएं डंडे लेकर कक्षाओं में घुस कर छोटे छोटे बच्चों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना आज गुरूवार के तीन बजे के आसपास की बताई गई है। मारपीट में एक नन्ही छात्रा का हाथ भी टूट गया है। अफरा तफरी के माहौल में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपने-अपने कक्षा के छात्रों के साथ दरवाजा बंद कर लिया। घटना की जानकारी हुलासगंज पुलिस को तत्काल दी गई। लेकिन पुलिस के पंहुचने के पूर्व सभी महिलाएं भाग गयी थी। सुल्तानपुर गांव के ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो लोगों




ने तुरंत हमलावर महिलाओं पर कार्रवाई करने की मांग की। घटना के कारणों के संबंध में शिक्षकों ने अनभिज्ञता जताई है। जबकि छात्रों ने बताया कि मध्यान भोजन की अवधि में कुछ बच्चे एवं बच्चियां अलग अलग खेल रहे थे । खेलने के दौरान एक छात्र एवं छात्रा के बीच आपस में नोक झोंक हो गई। बताया जाता है कि छात्रा जो बगल के गांव दुर्गापुर की रहने वाली थी दौड़कर अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। उसके बाद दर्जनों महिलाएं डंडे लेकर स्कूल में पंहुच छोटे- छोटे बच्चों को ताबड तोड़ मारना शुरू कर दिया। मारपीट की घटना में सभी घायल छात्र वलीपुर के बताए गये हैं। पुलिस द्वारा घायल छात्र-छात्राओं को हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सुल्तानपुर के ग्रामीणों ने तुरंत दुर्गापुर के छात्रों को यहां से स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल के दिनों में इस तरह की घटना तीसरी बार घटित हुई है।

# गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया में 287 अभ्यर्थी दैनिक रूप से सफल घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में चल रहे गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु गुरुवार को शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु कुल 1399 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 973 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के पहले चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में 394 अभ्यर्थी सफल हुए। सफल अभ्यर्थियों की ऊँचाई एवं सीना माप की गई, जिसमें से 67 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर सके और असफल घोषित किए गए।इसके उपरांत 327 अभ्यर्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक में भाग लिया।



शारीरिक परीक्षण के उपरांत 40 अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण में असफल पाए गए, जबकि 287 अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किया गया एवं वे दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए वहीं गुरुवार को अपीलीय कोषांग में चार अपीलें दायर की गईं, जिन्हें यथाशीघ्र निष्पादित कर लिया गया। चिकित्सकीय जांच में असफल पाए गए 40 अभ्यर्थियों में से 16 ने पुनः परीक्षण हेतु अपीलीय कोषांग में आवेदन किया है।

# गृहरक्षक भर्ती प्रक्रिया में 297 महिला अभ्यर्थी सफल घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिला गृहरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत मंगलवार को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 297 महिला अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। यह प्रक्रिया विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत आयोजित की गई थी। प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, कुल 600 महिला अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था, जिनमें से 421 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षा में भाग लिया। प्रारंभिक चरण में आयोजित 800 मीटर दौड़ में 408 महिलाएं सफल रहीं। इसके बाद इन सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई की माप ली गई, जिसमें 73 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर सकीं और



असफल घोषित कर दी गईं।

दौड़ और ऊंचाई परीक्षण के बाद 335 महिला अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इनमें से 38 महिला अभ्यर्थी चिकित्सीय जांच में अनफिट पाई गईं, जबकि 297 अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षण में फिट पाई गईं और दैनिक रूप से सफल घोषित की गईं। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पारदर्शी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के सहयोग की सराहना की और बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया की जानकारी शीघ्र ही दी जाएगी।

# तीन साल तक अनचाहे गर्भ से बचाएगा सब-डरमल इम्प्लांट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** परिवार नियोजन को लेकर पूर्वी चंपारण जिले में स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की शुरुआत की है। महिलाओं के लिए दीर्घकालिक और प्रभावी गर्भनिरोधक साधन सब-डरमल इम्प्लांट को जल्द ही जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसको लेकर महिला चिकित्सक डॉ. सुरुचि स्मृति और सहयोगी संस्था घ्ट्क्र इंडिया के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण पटना में कराया जा रहा है। इसके उपरांत जिले के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि सब-डरमल इम्प्लांट एक सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रतिवर्ती गर्भनिरोधक विकल्प है, जो उन



महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी है जो लंबे समय तक गर्भनिरोधक साधन की तलाश में हैं। यह एक छोटी, लचीली छड़ होती है जिसे महिलाओं की बांह की त्वचा के नीचे प्रत्यारोपित किया जाता है और यह लगातार तीन वर्षों तक गर्भावस्था को रोकने में सक्षम होता है। इस इम्प्लांट से निकलने वाला हार्मोन ओव्यूलेशन को रोकता है और गर्भाशय ग्रीवा के बलगम को गाढ़ा कर देता है, जिससे शुक्राणु गर्भाशय तक नहीं पहुंच पाते। जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से निकाला भी जा सकता है और महिलाएं पुनः गर्भधारण करने में सक्षम हो जाती हैं। यह बार-बार गर्भनिरोधक लेने की आवश्यकता को समाप्त करता है। डॉ. सुरुचि स्मृति ने बताया कि इसे मासिक धर्म चक्र के पहले 5 दिनों के भीतर, प्रसव के 4 सप्ताह के अंदर या गर्भपात के बाद लगवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं देखे गए हैं, हालांकि कुछ महिलाओं को अनियमित रक्तस्राव, सिरदर्द, मुंहासे या मनोदशा में हल्के बदलाव की शिकायत हो सकती है। गौरतलब है कि सब-डरमल इम्प्लांट को शुरुआत में पटना और भागलपुर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया गया था। यह माचिस की तिली जैसी दिखने वाली अस्थायी गर्भनिरोधक छड़ है, जो अब मोतिहारी सहित अन्य जिलों में भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# जहानाबाद में गृहरक्षक भर्ती के अंतर्गत 15 जुलाई को होगी पुन: चिकित्सीय जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, बिहार, पटना द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत जहानाबाद जिले में 317 गृहरक्षकों के पदों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस कड़ी में शारीरिक दक्षता परीक्षा 19 जून से 12 जुलाई तक पुलिस केन्द्र मैदान, जहानाबाद में आयोजित की जा रही है। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों द्वारा पुनः चिकित्सीय जांच की मांग की गई थी, जिसे जिला प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए 15 जुलाई को सुबह 6 बजे से कार्य समाप्ति तक दोबारा मेडिकल जांच का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यह जांच भी पुलिस केन्द्र मैदान में ही की जाएगी। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद को तीन सदस्यीय नए मेडिकल बोर्डों का गठन करने का निर्देश दिया गया है, जो सभी संबंधित अभ्यर्थियों की चिकित्सीय जांच सुनिश्चित करेंगे। स्पष्ट किया गया है कि पूर्व से प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को नए मेडिकल बोर्ड में शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे जांच प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। यह निर्णय गृहरक्षक चयन प्रक्रिया को स्वच्छ, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुहर्रम को लेकर पीपराकोठी थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर गुरुवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार रखे। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर धारदार हथियारों का प्रदर्शन और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से ही निकलेगा। आयोजकों को रूट चार्ट और जुलूस में शामिल होने वाले सदस्यों के नाम की सूची थाना में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। जुलूस के दौरान भड़काऊ भाषण और अशोभनीय गानों पर भी पूर्णतः रोक रहेगी। थानाध्यक्ष ने जुलूस की वीडियोग्राफी कराने की भी अपील की और बताया कि सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शांति भंग करने वालों पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख रजनीश कुमार, मुखिया उपेन्द्र पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा, एसआई परमानन्द मंडल, हेमंत कुमार, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, पंसस रीतज कुमार, पूर्व मुखिया दिवाकर पांडेय, उप सरपंच रामेश्वर राय, शेख एकराम, गुंजन जयसवाल, राजू सिंह, रूदल पांडेय, शेख अलीमुद्दीन, शेख लालबाबू, अवधेश प्रसाद, अरविंद सिंह, कामेश्वर चौरसिया, रंजन गुप्ता, गुड्डू कुमार, मो. मुस्तकीम, मुसलम, मो. मैनुल्लाह, शेख नेकमहमद, शेख मुस्तफा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण की प्रारूप सूची प्रकाशित, 6 जुलाई तक आम मतदाता व राजनीतिक दल दे सकते हैं सुझाव

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पूरी हुई प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण की प्रक्रिया जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों - 216-जहानाबाद, 217-घोसी एवं 218-मखदुमपुर (अ.जा.) - में पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने 30 जून 2025 को युक्तिकरण के उपरांत मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची का प्रकाशन किया है। यह सूची आम मतदाताओं और राजनीतिक दलों के लिए अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे इस पर आपत्ति अथवा सुझाव दर्ज करा सकें। आपत्तियां और सुझाव 6 जुलाई 2025 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन कार्यालय, जहानाबाद में लिखित रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों अथवा सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त सभी सुझावों और आपत्तियों की नियमपूर्वक जांच-पड़ताल के बाद आवश्यक संशोधन किए जाएंगे और फिर सूची को अंतिम अनुमोदन के लिए निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया चुनावी पारदर्शिता एवं सुचारू निर्वाचन प्रबंधन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# कॉनकॉर ने शुरू की कंटेनरों के जरिये बल्क सीमेंट परिवहन की सुविधा

## रेल आधारित लॉजिस्टिक्स में नवाचार, उद्योग को मिलेगा पर्यावरण अनुकूल विकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए कॉनकॉर (एगएग्ट) ने पहली बार बल्क सीमेंट को विशेष टैंक कंटेनरों के माध्यम से परिवहन की सुविधा शुरू की है। इससे सीमेंट उद्योग को बोरी आधारित पारंपरिक परिवहन से मुक्ति मिलेगी और एक सुरक्षित, कुशल व हरित विकल्प उपलब्ध होगा। यह सेवा आंध्र प्रदेश के माई होम सीमेंट साइडिंग (एमएमएचएम), मल्लेचरुवु से शुरू होकर कॉनकॉर आईसीडी व्हाइटफील्ड, बेंगलुरु तक सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। यह पहल भारतीय रेल के उस सतत प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत देश के आर्थिक क्षेत्रों को नवाचारी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन टैंक कंटेनरों को विशेष रूप से बल्क सीमेंट के परिवहन के लिए डिजाइन किया गया है, जो न केवल माल ढुलाई की लागत को घटाते हैं बल्कि समय की भी बचत करते हैं। इसके साथ ही यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पैकेजिंग सामग्री की आवश्यकता घटेगी और उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

कॉनकॉर ने अपने मजबूत बुनियादी ढांचे और मल्टीमॉडल क्षमताओं के बल पर यह सुविधा शुरू की है, जो उद्योगों को किफायती, तेज और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

इस पहल से न केवल सीमेंट कंपनियों की संचालन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि यह भारत सरकार के हरित और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को सुदृढ़ करने के विजन के भी अनुरूप है।

# नवोदय विद्यालय में 11वीं में 11 जुलाई तक व 6वीं में 29 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पीपराकोठी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं (विज्ञान संकाय) में नामांकन हेतु 45 सीटों पर प्रवेश के लिए 11 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन नवोदय विद्यालय के कार्यालय में ऑफलाइन माध्यम से जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विद्यालय की प्राचार्य सुष्मिता सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं। यदि किसी विशेष श्रेणी के लिए पात्र उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं, तो नवोदय विद्यालय समिति के मानदंडों के अनुसार रिक्त सीटों को भरा जाएगा। जिले के सभी दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के लिए पात्र हैं।

# हरैया थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** मुहर्रम पर्व को लेकर हरैया थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष किशन पासवान ने की। इस दौरान स्थानीय बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से कहा कि मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और जुलूस में धारदार हथियार का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल थाना को दें। पुलिस प्रशासन हर समय सहयोग को तत्पर रहेगा और जुलूस में गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पंटोका पंचायत के सरपंच धांगड़ मियां, पूर्व सरपंच भुनेश्वर तिवारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गोपाल जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नई श्रम नीति के विरोध में 9 जुलाई को धरना-प्रदर्शन करेगी ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (निबंधन संख्या-4065) आगामी 9 जुलाई को देशभर में प्रस्तावित आम हड़ताल के समर्थन में धरना-प्रदर्शन, सांकेतिक आंदोलन एवं काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। यह हड़ताल केंद्र सरकार की नई श्रम नीतियों के विरोध में सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा आयोजित की जा रही है। आंदोलन की तैयारी को लेकर यूनियन द्वारा रामगढ़वा रेलवे स्टेशन के समीप जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व केन्द्रीय/जोनल संयुक्त सचिव श्री रत्नेश वर्मा ने किया। श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा लागू की जा रही नई श्रम नीतियां मजदूर हितों के विरुद्ध हैं। 55/30 की सेवा समीक्षा नीति, निजीकरण, निगमीकरण और चार लेबर कोड लागू कर मजदूरों की आवाज को दबाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही और नियमित कर्मचारियों पर निजीकरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। यूनियन ने केंद्र सरकार से श्रमिक विरोधी नीतियों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

सभा के दौरान सरकार विरोधी नारों के साथ मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर संजय कुमार, रवि रौशन कुमार, सन्नोज कुमार, रामनाथ राम, मनीष कुमार, सोनालाल कुमार, सुरेंद्र राम, रंजन कुमार, हरिओम कुमार, अंगद कुमार सिंह, शत्रुघ्न शाह, दीपक कुमार, शिवम कुमार, साजन कुमार, मो. शेराजुल अंसारी, लालबाबू पासवान, मो. अब्दुल्लाह कादरी सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।

यूनियन ने समस्त रेलकर्मियों से 9 जुलाई के विरोध कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## हाईवा की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, चार घायल

**चकिया/नबिटा सं।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया चोरमा पथ पर गुरुवार हाईवा और कार में हुई जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घायल की पहचान कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के जगिरहां निवासी अवधेश यादव व बर्बखुर्द गांव निवासी महेश यादव एवं घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बहरोहर गांव निवासी रविंद्र कुमार यादव तथा बसवरिया गांव निवासी उदय जयसवाल के रूप में बताई गई है। घायल सभी खतरे से बाहर बताया जाता है।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शहर के अंबेडकर चौक के पास गुरुवार को एक मजदूर प्रचार बोर्ड लगाने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मजदूर खंभे पर चढ़कर बोर्ड लगा रहा था, तभी अचानक उसका संपर्क ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से हो गया और वह अचेत होकर पहले से लगे एक होर्डिंग में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने जेसीबी मशीन की मदद से उसे उतारा और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी



स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोग बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को हादसे की वजह बता रहे हैं

4_page 12 29.05.2025.qxd 03-07-2025 21:38 Page 1



# थानाध्यक्ष के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी

▸ प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल नहीं करना बना कारण

▸ पूर्व में भी इस पर लग चुका है जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पॉक्सो एक्ट के आठ वर्ष पुराने एक मामले की प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा नहीं करने पर विशेष कोर्ट पॉक्सो एक्ट-एक के न्यायाधीश धीरेंद्र मिश्रा ने काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। विशेष कोर्ट ने काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर कोर्ट में अगली सुनवाई की तिथि पर आठ जुलाई को प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

गैर जमानतीय वारंट का तामिला कराने की जिम्मेदारी डीएसपी पूर्वी को दी गई है। इसकी प्रति एसएसपी व एडीजीपी (कमजोर वर्ग) को भी भेजी गई है। आदेश में कहा कि पूर्व में थानाध्यक्ष पर पांच हजार रुपये जुमार्ना की कार्रवाई की गई। इसके निष्पादन के लिए एसएसपी को कहा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसमें एसएसपी फेल हो गए।

पाया गया कि थानाध्यक्ष द्वारा जानबूझकर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल नहीं की रही है। यह थानाध्यक्ष की लापरवाही को दशार्ता है। रिपोर्ट नहीं मिलने से केस के निष्पादन में कोर्ट की कार्यवाही प्रभावित हो रही है। वहीं, कोर्ट ने थानाध्यक्ष को कई बार मौका दिया। विदित हो कि कोर्ट परिवाद पर 24 दिसंबर 2017 को काजीमोहम्मदपुर थाने में प्राथमिकी की गई थी। इसमें आनंद कुमार वर्मा, उसके पुत्र सोनू, रामभरोस महतो व उसके पुत्र राकेश कुमार को नामजद किया गया था। परिवाद में महिला में कहा कि 23 अक्टूबर 2017 को वह झोपड़ी में खाना बना रही थी।

आरोपित सरकारी जमीन पर बालू-गिट्टी गिराकर



रास्ता बंद कर रहे थे। विरोध पर आरोपितों ने अभद्र व्यवहार कर किशोर पुत्री के साथ अश्लील हरकत की। बीच बचाव पर उनके परिवार के लोगों को लाठी-डंडे से पीटा। जाति सूचक गाली देकर धार्मिक स्थल को गंदा करने का आरोप लगाकर पिटाई की।

बता दें कि कोर्ट ने पांच वर्ष पुराने पाक्सो एक्ट के आरोपित मनोज महतो को गिरफ्तार नहीं करने पर भी काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष पर पांच हजार रुपये जुमार्ना लगाया था। इसके पहले भी आरोपित रवि कुमार को गिरफ्तार नहीं करने पर जुमार्ना लगाया गया था, लेकिन कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है।

## विशेष अभियान में 18 गिरफ्तार

**बक्सर।** अपराध पर काबू पाने के लिए बक्सर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्र के 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

वहीं, कोर्ट से जारी 29 वारंट का निष्पादन किया गया है। बक्सर पुलिस द्वारा जारी दैनिक उपलब्धि रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को लड़की के अपहरण के एक मामले में अपहता को बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शराब तस्करों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत गुप्त सूचना पर पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 18 लीटर अंग्रेजी शराब के अलावा 27 लीटर देसी शराब जब्त की गई है। वहीं, नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई के तहत नशे की हालत में नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जुमार्ना के लिए कोर्ट को सुपुर्द किया गया है। इधर कोर्ट से जारी कुर्की के दो मामलों का निष्पादन करते हुए कोर्ट वारंट में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई के लिए कोर्ट को सुपुर्द कर दिया है।

# मुहर्रम जुलूस की कराएं ड्रोन से वीडियोग्राफी : पुलिस अधीक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभा कक्ष में मुहर्रम के मद्देनजर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुहर्रम को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाए। इससे शांति का संदेश आमजन तक पहुंचेगा। ड्रोन कैमरे की सहायता से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों व जुलूस मार्गों की निगरानी सुनिश्चित की जाए। पूरे जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाए। इससे किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना की पुष्टि की जा सके। सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए छोटे से छोटे विवाद या सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मौके पर दफ्ळ टीम का गठन किया गया।जुलूस मार्गों की गहन मुआयना कर उसे अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। आवश्यकतानुसार प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग व सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी।असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के लिए खुफिया शाखा को अलर्ट पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए साइबर सेल को सतर्क किया गया है। इससे अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी मुहर्रम को सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। किसी भी अफवाह या भड़काऊ खबर पर ध्यान न दें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें। जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क व तैयार है। शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नशीले पदार्थ और शराब के कारोबार का भंडाफोड़

### गांजे सहित दो गिरफ्तार, सरगना फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** आलमगंज थाना अंतर्गत डंका इमली के समीप एक करकटनुमा घर से नशीले पदार्थ और शराब का कारोबार किए जाने का भंडाफोड़ पुलिस प्रशासन ने छापेमारी कर किया है। मौके से दो व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस अवैध कारोबार का मुख्य सरगना मौका पाकर फरार हो गया।

एएसपी अतुलेश झा जाने बताया कि आलमगंज थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर और अनुमंडल के सहकारी पदाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस टीम ने गायघाट में डंका इमली स्थित एक करकटनुमा घर में छापेमारी की। मौके से पुलिस टीम ने 4.654 किलो गांजा, 333 ग्राम चूरन नशीला पदार्थ, दो एंड्राइड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल और 7190 रुपये नगद बरामद किए।

टीम ने डंका इमली निवासी 45 वर्षीय भोला कुमार और इसी जगह के 42 वर्षीय बिक्कु कुमार को गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि इस अवैध कारोबार का मुख्य सरगना डंका इमली का रहने वाला शंभू शाह मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मानपुर का सिक्स लेन पुल बना हॉटस्पॉट

### कपल होते हैं जमा, लगा रहता है मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के कई जगह आमजन के लिए हॉटस्पॉट बन गए हैं। यहां लोग शाम में घूमने आते हैं कई लोग यहां पर कारोबार करते हैं और शाम के वक्त यह जगह उनके लिए मन बहलाने का एक बेहतरीन साधन बन गया है।



यह जगह है मानपुर का सिक्स लेन पुल, जहां पर शाम में काफी रौनक दिखती है। मानपुर और इसके आसपास के लोग यहां पर सब्जी खरीदने, नाश्ता या चाय पानी करने पहुंचते हैं। यहां पर शाम में कपल्स भी पहुंचते हैं जो आइसक्रीम, चाट और तमाम अलग-अलग तरह की खाने की चीजों का मजा उठाते हैं।

सिक्सलेन पुल के पास एवं पुल पर दोनो छोर चाइनीज फूड, सब्जी, फल सहित खाने-पीने के कई दुकान लग जाते हैं। कई लोग सिक्सलेन पुल के पास झोला लेकर मार्केटिंग करने आते हैं। कई लोग गाड़ी रोककर सब्जियां खरीदते हैं।

मानपुर के स्थानीय लोग सिक्सलेन पुल पर परिवार के साथ खुले वातावरण का आनंद उठाते हैं और चाइनीज फूड खाने जाते हैं। सिक्सलेन पुल पर आधी रात तक चहल-पहल रहता है। हालांकि, सिक्सलेन पुल पर कई लाइटें खराब व बंद पड़ी है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

मुफस्सिल मोड़ के पास लोग टोटो और ऑटो ठेले पर फल बेचते हुए नजर आते हैं। दर्जनों ठेलों पर भी फल बेचते कई लोग नजर आ जाते हैं, जिसके कारण जाम की समस्या बढ़ जाती है।

मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं एएनएम अपने दफ्तर में कार्य करते हुए नजर आए। डॉ. रंजन कुमार सिंह ने कहा की नाईट ड्यूटी है कोई अगर पेशेंट आते हैं तो उसका इलाज तुरंत किया जाता है। वहीं, मौजूद दफ्तर में एएनएम राखी कुमारी ने कहा की डिलीवरी से जुड़ी महिलाएं आती है तो उनको इमरजेंसी में ले जाकर इलाज किया जाता है एवं डिलीवरी किया जाता है।

मानपुर बाजार में किताब की दुकान खुली दिखी। बच्चों के परिजन किताब खरीदने हुए नजर आए। दुकानदार ने कहा कि मानपुर बाजार में लगभग 10 बजे रात तक बच्चों का परिजन किताब, कॉपी, कलम खरीदने के लिए आते हैं जिसके कारण दुकान खुली रहती है। प्रशासन तत्परता से मानपुर बाजार को निगरानी रखती है।

जिसके कारण हम लोग लगभग 10 बजे रात तक दुकान खुले हुए रखते हैं। वहीं, ग्राहक ने कहा कि मानपुर बाजार में 9 बजे भी दुकान खुला हुआ रहता है। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई वाली सामग्री लेने के लिए आते हैं।

# एक ही परिवार के दो मासूम नहर में डूबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरा गांव में बुधवार शाम एक ही परिवार के दो बच्चे नहर में डूब गए। गुरुवार सुबह दोनों के शव बरामद किए गए। मृत बच्चों की पहचान शेखपुरा निवासी बृजमोहन सिंह के पुत्र रॉकी कुमार (14 वर्ष) और मुन्ना सिंह के पुत्र अनमोल कुमार (10 वर्ष) के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि बुधवार को करीब चार बजे दोनों बच्चे साइकिल से मेह पुल पर सामान खरीदने निकले थे। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की।

इस दौरान गांव के सामने नहर किनारे एक साइकिल पर आलू, चीनी और जामुन रखा मिला, साथ ही बच्चों की चप्पलें भी नहर के पास पड़ी थीं। परिवार वालों को आशंका हुई कि बच्चे सामान खरीदने के बाद सीधे नहर पर जामुन खाने गए होंगे और फिर नहर में हाथ धोते समय फिसलकर गिर पड़े, जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष राकेश कुमार और बारुण के अंचलाधिकारी मंजेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात कर नहर में पानी की आपूर्ति कम कराई ताकि शवों की खोज की जा सके।

गुरुवार सुबह खोजबीन के दौरान रॉकी कुमार का शव करीब 10 किलोमीटर दूर बारुण थाना क्षेत्र के बरुआ पुल के पास मिला। वहीं अनमोल कुमार का शव घटनास्थल से करीब 30 किलोमीटर दूर औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भरथौली फॉल के पास बरामद किया गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नालंदा में भाजपा को लगा झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा की राजनीति में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और नालंदा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा, जिससे जिले की राजनीति में नए समीकरण बनते दिख रहे हैं।



यह शामिली समारोह नालंदा के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां छोटे मुखिया के साथ उनके दर्जनों समर्थक भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार प्रभारी देवेंद्र यादव, राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति और पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। समारोह में छोटे मुखिया का जोरदार स्वागत किया गया।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद छोटे मुखिया ने अपने राजनीतिक जीवन की चर्चा करते हुए कहा, ₹मेरा सफर एक साधारण मुखिया से शुरू हुआ और जनसेवा के जरिए आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। उन्होंने इसे तीन दशक बनाम पांच वर्ष की लड़ाई बताते हुए कहा कि नालंदा में सुशासन की आड़ में एक व्यक्ति की सत्ता चल रही है, जिससे जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और सत्ता का केंद्रीकरण जैसे मुद्दों से जनता परेशान है और यही कारण है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने छोटे मुखिया के पार्टी में प्रवेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि ₹अब जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस- गठबंधन आने वाले चुनाव में नालंदा सहित पूरे राज्य में मजबूत होकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक जानकारों के अनुसार, छोटे मुखिया जदयू नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के धुर विरोधी माने जाते हैं। उनके कांग्रेस में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनावों में नालंदा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की पूरी संभावना है। जहां यह कदम कांग्रेस को नालंदा में नई ऊर्जा देगा, वहीं भाजपा के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## पुलिस अभिरक्षा में मौत, हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली में पुलिस अभिरक्षा में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान कटहरा थाना क्षेत्र के किशुनपुर तिलौर गांव निवासी वैद्यनाथ साहनी (55 ) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंच गए। घटना हाजीपुर की है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वैद्यनाथ साहनी को कटारा एवं गंगा ब्रिज थाना की पुलिस ने बीते बुधवार की दोपहर में ट्रैक्टर चोरी के मामले में गिरफ्तार की थी। उसके निशान देही पर चोरी किया गया ट्रैक्टर भी बरामद किया गया। लेकिन अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। आननफानन में थाना की पुलिस ने वैद्यनाथ साहनी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डॉक्टर ने वैद्यनाथ साहनी को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद पुलिस प्रशासन ने सदर अस्पताल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ शुरू

### गाजे- बाजे के साथ दिगंबर जैन मंदिर से निकली कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में लगभग दो दशक के बाद आठ दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान आरंभ हुआ। इसके पूर्व जैन मंदिर से भव्य कलश यात्रा शुरू हुई। प्रातः 6 बजे स्थानीय जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भगवान को रथ पर विराजमान कर भव्य कलश यात्रा गाजा-बाजा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा शहर के थाना रोड से छह मुहान, रेड़मा ओवर ब्रिज होते हुए आबादगंज स्थित गणेश लाल सरावगी स्मृति परिसर में आकर संपन्न हुआ। अनुष्ठान स्थल पर ले जाकर भगवान को विराजमान किया गया। आठ दिनों तक विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया जी के दिव्य सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना होगी। इस विधान को संगीतमय बनाने के




लिए मध्य प्रदेश से संगीतकारों की टोली भी आई है। सुबह कलश यात्रा में भगवान के रथ के आगे धार्मिक गीत बज रहे थे। भगवान के रथ के ठीक पीछे पारंपरिक वेशभूषा में अष्टकुमारी के रूप में हिताक्षी, राजवी, नव्या, रक्षिता, प्रार्थी, रूप, जीविका, सावी व लोकांतिक देव के रूप में आद्विक, अरनव, आदि, दिव्यांश, वीरांश, विरम, विहान, भव्यम, ओजस, संयम जैविक व भूमित चल रहे थे। जैन समाज की सभी महिलाएं एक जैसे परिधान में अभिमंत्रित जल से भरे कलश को अपने सर पर लेकर चल रही थी। जैन समाज के सभी पुरुष केसरिया रंग के पारंपरिक धोती व दुपट्टे में भक्तिमय होकर कलश यात्रा में शामिल थे।

सर्वप्रथम विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया के मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण शांति लाल जी बाकलीवाल ने किया। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ सदस्य धर्मचंद जी रारा, महावीर जी गंगवाल, सुरेश कुमार पंड्या, उर्मिला कासलीवाल व शांति देवी छाबड़ा ने सामूहिक रूप से भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। तत्पश्चात बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया ने भगवान की प्रतिमा को विराजमान कर पूजा पाठ प्रारंभ किया। यह अगले 8 दिनों तक चलेगा। साथ ही प्रतिदिन संध्या में 7 बजे से भक्तामर के रिद्धि मंत्रों द्वारा 48 दीपों को स्थापित कर आरती की जाएगी। भैया जी के द्वारा प्रश्न मंच का कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त जानकारी जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन व सचिव सागर जैन के माध्यम से मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने दी।

### मोहर्रम को ले ठाकुर मुहल्ला और मुस्लिम अंजुमन ने मिलाया हाथ

# बैठक में लिया सौहार्द्रपूर्ण त्योहार मनाने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव हजारीबाग।** बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत मुस्लिम मुहल्ला मस्जिद के समीप इमामबाड़ा के पास ठाकुर मुहल्ला समाज और मुस्लिम मुहल्ला अंजुमन कमेटी के बीच मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पंसस रितेश ठाकुर और मुखिया मो. तकरीमुल्ला खान की उपस्थिति में दोनों समुदायों ने आपसी सहयोग और भाईचारे का परिचय देते हुए एक-दूसरे के पर्व को मिलकर मनाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर मुस्लिम अंजुमन की ओर से ठाकुर मुहल्ला समाज के लोगों को शांति का प्रतीक सफेद अंगवस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया गया। साथ ही मोहर्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण भी दिया गया।

बैठक में मौजूद प्रमुख लोगों में मुखिया मो. तकरीमुल्ला, पंसस रितेश ठाकुर, ठाकुर मुहल्ला समाज के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर, सदर अख्तर हुसैन, पप्पू खान, रामचरित्र ठाकुर, मेवा लाल नाग, सरोज सोनी, नंदकिशोर राणा, सेक्रेट्री शहजाद आलम, महिपाल सोनी, मजहर मालिक, नवीन ठाकुर, मोहम्मद गुड्डू, रौशन ठाकुर, महंगू ठाकुर, पप्पू राणा, रोहित खान, गोविंद ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विक्रम ठाकुर, हकीम अंसारी, साहिल मलिक, राजा खान, मो. रसीद, सूरज ठाकुर, टिंकू ठाकुर, वीनू ठाकुर, शशि ठाकुर समेत दोनों समुदाय के अनेक सदस्य उपस्थित थे। बैठक में साम्प्रदायिक सौहार्द्र, आपसी सहयोग और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए तय किया गया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा।

# संथाल को मणिपुर बनाना चाहती है भाजपा : राजेंद्र सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भोगनाडीह में हूल दिवस के दौरान हथियारों के साथ पकड़े गए लोगो का संबंध पूर्व मुख्य मंत्री चंपई सोरेन से है ।ये गंभीर मामला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कही। वे गुरुवार को स्थानीय जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के लोग हथियार लेकर भोगनाडीह में क्या करने गए थे। क्या इनकी मंशा मुख्य मंत्री की हत्या या हूल दिवस पर किसी कैबिनेट के अन्य मंत्रियों की हत्या की साजिश रची गई थी। भोगनाडीह में हथियारबंद लोगों का पकड़ा जाना संदिग्ध गतिविधियों की तरफ इशारा कर रहा है। इसका संबंध पूर्व मुख्य मंत्री चंपई सोरेन से है। कहा कि पिछले दो वर्ष से संथाल को मणिपुर बनाने की प्रयास किया जा रहा है। लेकिन भाजपा की इस साजिश को झारखंड मुक्ति मोर्चा के ईमानदार व कर्मठ कार्यकर्ता सफल नहीं होने देगी। यह पूरी साजिश दिल्ली के दीनदयाल मार्ग से राची जा रही है। गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे इसका निर्देशन कर रहें है। इस षडयंत्र में चंपई सोरेन व मंडल मुर्मू भी शामिल हैं। गिरफ्तारी शुरू हो गई है। जल्द ही एक- एक साजिशकर्ता को बेनकाब किया जायेगा। गोड्डा संसद निशिकांत दुबे इस तरह की साजिश पिछले विधानसभा चुनाव में रचे थे । राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भोगनाडीह में हुई पूर्व नियोजित हिंसा इसी साजिश का हिस्सा है। इस कांड के पीछे शामिल लोगो का खुलासा जल्द होगा। जनता के सामने भाजपा की घिनौनी साजिश को बेनकाब किया जायेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी की ओर से भाजपा के खिलाफ भाजपा का पुतला दहन किया जाएगा। मौके पर पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सह उपाध्यक्ष सन्नु सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष बालकिशन उरांव, सचिव रंजन चंद्रवंशी शामिल थे।




## सौंदर्यीकरण कार्य को मिली गति

**बड़कागांव, हजारीबाग।** सामुदायिक विकास और विरासत संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने हजारीबाग स्थित शहीद स्मारक के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 15,11,137 की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह योगदान एनटीपीसी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत दिया गया है, जो जिले की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में एक अहम भूमिका निभा रहा है। इस पहल के तहत परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास ने उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह को 7,55,168 की अंतिम किशत का चेक सौंपा।

यह संयुक्त प्रयास न केवल शहीदों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा।

एनटीपीसी की यह पहल राष्ट्र के प्रति सम्मान, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और क्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में उसके सक्रिय योगदान को दशार्ती है।

# विश्व पुलिस गेम्स में पदक जीतकर सपना ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के भोजपुर जिले के आरा की रहने वाली और सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत सपना कुमारी ने 21वें विश्व पुलिस गेम्स में पदक जीतकर राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। यह प्रतियोगिता 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक बर्मिंघम, अलबामा (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित की जा रही है।



सपना कुमारी को तीरंदाजी की तीन श्रेणियों में पदक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने फील्ड आर्चरी में स्वर्ण पदक, 3डी आर्चरी में स्वर्ण पदक और टारगेट आर्चरी में रजत पदक जीता है।

तीरंदाजी में यह प्रदर्शन भारत और बिहार के खेल क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है। विश्व पुलिस खेलों में हिस्सा लेने के लिए सपना कुमारी का चयन सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करते हुए हुआ था।

राज्य के खेल जगत और प्रशासनिक हलकों में इस उपलब्धि को सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। खेल विभाग ने उनके प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया है और इसे सुरक्षा बलों में कार्यरत खिलाड़ियों के लिए एक उदाहरण के रूप में रेखांकित किया है।

सपना कुमारी की इस उपलब्धि के बाद राज्य सरकार और खेल संस्थानों द्वारा उनके योगदान और प्रदर्शन की सराहना की जा रही है।

CMYK

# चुनाव आयोग की मंशा पलायन से प्रभावित लोगों को मताधिकार से वंचित रखने की : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयीदिल्ली।** चुनाव से ठीक चार महीने पहले 20 साल में पहली बार बिहार में इतने बड़े पैमाने पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्णय लिया गया है। यह प्रक्रिया न तो पारदर्शी और न ही व्यवहारिक है। ये बातें दिल्ली अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संयुक्त रूप से कही। एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार को मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव से पूर्व बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटने की कवायद है। उन्होंने आंकड़े दिए कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट को देखेंगे तो 2001-2006 के बीच बिहार में जन्मे सिर्फ 2.28% बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2002 में बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 3.7% थी जबकि राष्ट्रीय औसत 56.2% था। साल 2004-2005 में भी बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 11.16% से भी कम थी जबकि राष्ट्रीय औसत 60.64% था। विगत कुछ दिनों में एक सर्वे आया और उस सर्वे में दिखाया कि इंडिया गठबंधन और हमारे नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है। इसी को देखते हुए चुनाव आयोग की मदद से ऐसे काम किए जा रहे हैं, लेकिन कोई इस मुगालते में न रहे कि बिहार के लोग राजनीतिक तौर पर जागृत नहीं हैं और इतिहास इस का गवाह रहा है। चुनाव आयोग का ऐसा रवैया, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए उस मौलिक अधिकार का हनन होगा जिसमें समान वोट का अधिकार है। यह फैसला लोगों को वोट से वंचित करने का है जिसका हम पूरजोर विरोध करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीएलओ के पास हजारों मतदाताओं के सत्यापन की जिम्मेदारी है, लेकिन उन्हें संसाधन नहीं दिए गए हैं। क्या यह असल में बिहार के युवा, मजदूर, बाढ़ और रोजी रोजगार की तलाश में पलायन को प्रभावित वोटर को बाहर करने की सोची समझी साजिश है? बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार विगत 20 साल में ऐसी कोई भी नई बहाली नहीं कर पाई है जिससे यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके। मतदाता पुनरीक्षण के लिए बिहार सरकार के पास सक्षम अधिकारी नहीं हैं जो यह काम कर सके, साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या कम है। ऐसे में चुनाव आयोग से मेरा सवाल है कि ये काम केवल 28 दिनों में कैसे किया जाएगा।

# मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शिष्टाचार मुलाकात के बाद कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर बिहार के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रगति और विकास पर भी चर्चा हुई। यह मुलाकात सार्थक रही और इस दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू भी साथ में रहे।

# शोध तभी सार्थक जब मिले किसानों को समाधान : डॉ. कोकाटे




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में 2 जुलाई 2025 को तीन दिवसीय अनुसंधान परामर्शदात्री समिति की 21वीं बैठक का शुभारंभ डॉ. के. डी. कोकाटे, पूर्व उप महानिदेशक (कृषि प्रसार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समिति के अन्य सदस्यगण डॉ. मसूद अली, पूर्व निदेशक, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर; डॉ. एस.डी. सिंह, पूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली; डॉ. के. एन. तिवारी, प्रोफेसर, आईआईटी, खड़गपुर एवं डॉ. एस कुमार, पूर्व प्रमुख, भा.कृ.अनु.प. का पूर्वी अनुसंधान परिसर - अनुसंधान केंद्र, रांची मौजूद थे। साथ ही बैठक में डॉ. ए. वेलुमुरुगन, सहायक महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष; अनुसंधान केन्द्र, रांची; कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के प्रमुखों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की शोध उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. कोकाटे ने संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों की सराहना की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, सीमित संसाधनों, अस्थिर बाजार तथा छोटी और खंडित जोत जैसी जटिल चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वही अनुसंधान सफल है जो किसानों की आजीविका को सशक्त बनाए और उन्हें व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में 'अपशिष्ट से संपदा' की अवधारणा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कृषि अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन कर न केवल उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी साकार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों के व्यापक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि कृषि अनुसंधान अधिक प्रभावशाली और भविष्य उन्मुख बन सके।

# प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह बने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ठाकुर प्रसाद सिंह (टीपीएस) कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान के आदेश के बाद गुरुवार को राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट आर. चोंग्थू ने अधिसूचना जारी कर दी। उनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों के लिए होगा। कुलपति चयन समिति द्वारा अनुशंसा के आधार पर अंतिम रूप से उपेंद्र प्रसाद सिंह का चयन किया गया है। टीपएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह इसी साल 31 मई को रिटायर हुए थे। कॉलेज में छात्र संघ की ओर से उनके लिए 'विदाई सह सम्मान समारोह' का आयोजन भी किया गया था। टीपीएस कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रधानाचार्य संघ का अध्यक्ष भी चुना गया था। इससे पहले प्रोफेसर शरद कुमार यादव को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बनाए गए थे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच हुई मुलाकात में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नये कुलपति के नाम पर भी चर्चा हुई थी। मुलाकात के दौरान ही प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के नाम पर दोनों में सहमति बनी और इस मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कुलपति नियुक्ति पर यह फैसला लिया। इसके बाद राज्यभवन सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह की शैक्षणिक पृष्ठभूमि मजबूत रही है।

# चिराग पासवान ने की राज्यपाल से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान ने गुरूवार को राजभवन जाकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। करीब बीस मिनट तक चली मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने बताया कि महामहिम से मुलाकात के कई मुद्दे थे। उन्होंने 5 जुलाई को अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती दिवस के अवसर पर महामहिम से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। विधानसभा चुनाव को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए में सीट बंटवारा बहुत जल्द हो जाएगा।



इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि 2020 में अगर मैं एनडीए गठबंधन के साथ रहता तो राजद इतनी ज्यादा सीट पर चुनाव नहीं जीत पाती। चिराग पासवान ने कहा कि जहां से राजद को जीत मिली है, वहां वो अपनी पार्टी के उम्मीदवार खड़ा कर देते तो राजद दहाई अंक में नहीं पहुंच पाती। वहीं, मतदाता सूची पुनरीक्षण पर विपक्ष के हंगामे पर उन्होंने कहा कि ये लोग नवंबर महीने में हो रही हार का बहाना ढूंढ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के उस बयान का भी जवाब दिया जिसमें मांझी ने कहा था कि चिराग पासवान अनुभवहीन नेता हैं। चिराग पासवान ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है। मांझी जी हमारे अभिभावक हैं और वह कुछ भी बोल सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं। मुझे उनकी बात किसी भी तरह बुरा नहीं लगती है और मैं उनसे हमेशा आशीर्वाद लेता रहता हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इन सब बातों से खुश नहीं होना चाहिए हम लोग एकजुट हैं।

# छात्र, शिक्षक, कर्मचारियों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास से होगा पीपीयू का विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की गरिमा को उसके पौराणिक रूप में स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विकास के लिए छात्र, शिक्षक व कर्मचारियों के साथ सामूहिक प्रयास करेंगे। सभी के साथ मिलकर यहां के प्रवेश, परीक्षा और परिणाम को ससमय कराएंगे। किसी कार्य को लेकर छात्रों को विवि का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। यह बातें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहीं। गुरुवार को राजभवन की ओर से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर उन्हें नियुक्ति की है। वह शुक्रवार की सुबह पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पहुंचकर प्रभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि छात्रों की समस्याओं का त्वरित निदान होगा। शिक्षक व कर्मचारियों की पदोन्नति व उनकी समस्याओं के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# विश्व पुरातत्व अधिवेशन में बी डी कॉलेज की डॉ स्वर्णा कुमार ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 10वां विश्व पुरातत्व अधिवेशन में बी. डी. कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. स्वर्णा कुमार ने भाग लिया। यह अधिवेशन ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 22-28 जून 2025 को आयोजित था। इस 10वें विश्व पुरातत्व अधिवेशन (वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस) में उनके द्वारा किए जा रहे महिला पुरातत्वविदों के जीवन एवं उसके पुरातत्व के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने तथा उपलब्धियों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि डॉ. स्वर्णा बिहार की पहली महिला हैं जिन्होंने महिलाओं द्वारा किए जाने वाले विभिन्न पुरातात्विक गतिविधियों पर प्रस्तुति दी हैं। उनका शोध आलेख का विषय था वुमेंस इन आर्कियोलाजी ऑफ बिहार: @ क्रिटिकल एनालिसिस जिसमें उनके द्वारा महिला पुरातत्वविदों द्वारा किए गए पुरातात्विक गतिविधियों, उनकी समस्याओं पर गंभीरता से बातें रखी गई। भारत के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रथम महिला महानिदेशक डॉ. देवला मित्रा जिन्होंने राजगीर के विशाल प्राचीन दीवार का सर्वेक्षण किया था तथा नेपाल के तिलॉराकोट का उत्खनन कराया था। बिहार के मुंगेर में पैसरा के पुरातात्विक गतिविधियों में कार्य करने वाले प्रसिद्ध पुरातत्वविद एवं इतिहासकार डॉ. विदुला जयसवाल के योगदानों का भी चर्चा किया। महिलाओं का वैज्ञानिक शोध में खासकर पुरातात्विक गतिविधियों में कितनी समस्यायें रहती हैं उसनें भी बिहार जैसे राज्य जहां साक्षरता दर कम हो। विदित हो कि इस अधिवेशन में दुनिया के 60 देशों से विभिन्न संस्थाओं के पुरातात्विक शोधों पर कार्य करनेवाले आए थे जिसमें भारत से 150 से भी अधिक विद्वानों की भागीदारी रही थी। विदित हो कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कॉलेज के प्राचार्य शिक्षकों को सदैव प्रेरित करते रहते हैं कि जो भी महत्पूर्ण शोध हो रहा हो उसे संबंधित फोरम तथा जन जनमानस तक पहुंचाया जाये। विश्व पुरातत्व अधिवेशन में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एक महिला सहायक प्रोफेसर का भाग लेना गौरव की बात है।

# मेदांता ने लॉन्च किया हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में समर्पित हार्ट कमांड सेंटर और अत्याधुनिक 5जी एम्बुलेंस का विधिवत उद्घाटन संतोष कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री एवं राजू कुमार सिंह, पर्यटन मंत्री के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह ने कहा बिहार के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस जैसी तकनीक-आधारित सुविधाएं आम जनता के जीवन को सुरक्षित और आसान बनाएंगी। राजू कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का समावेशन केवल इमरजेंसी सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि बिहार को एक मेडिकल हब के रूप में विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग बिंदुवार जवाब दे : महागठबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कराए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद मनोज झा ने गुरुवार को पटना में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग और सरकार पर जोरदार निशाना साधा। मनोज कुमार झा ने चुनाव आयोग के साथ विपक्षी दलों के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात पर कहा कि शिकायतें सिर्फ हमारी या राजनीतिक दलों की नहीं हैं। इससे पूरे नागरिक समाज में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने कल बार-बार कहा और हमारे सभी साथियों ने भी दोहराया, यह समावेशन का तंत्र नहीं, बल्कि बहिष्करण का तंत्र है। आप दस्तावेज जुटाओ अभियान में लगा देंगे। बिहार की 20 फीसदी आबादी पलायन करके अन्य राज्यों में है। चुनाव आयोग के मुंह से यह बात भी निकली। सबसे बड़ी चिंता यह है कि पलायन करने वाले लोग 3-4 बार और खासकर चुनाव के समय बिहार जरूर आते हैं। क्या आप इन्हें बेदखल कर देंगे? मनोज कुमार झा ने कहा कि हमने जो सवाल उठाए, उनका बिंदुवार जवाब चुनाव आयुक्त दें। कई सवाल लोगों ने पूछे हैं। अभिषेक मनु सिंघवी थे, मैं था, जॉन ब्रिटास थे, एनसीपी की फौजिया जी थीं, सपा से मलिक साहब थे, सीपीआई से डी. राजा थे, कांग्रेस से सिंघवी जी के अलावा राजेश राम थे, डीएमके से इलांगो जी थे। हम सभी ने सवाल पूछे। चुनाव आयोग हमारा भी है, जवाब तो वहां से आना चाहिए। अगर भाजपा जवाब दे रही है तो यह समझना मुश्किल हो जाता है कि हम सवाल किससे पूछ रहे हैं और जवाब किससे मिल रहा है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग लोगों में भ्रम पैदा कर रहा है। हम पूरी जानकारी दे सकते हैं। वे कहते हैं कि यह पूर्ण निरीक्षण नहीं है, लेकिन दो महीने पहले तैयार हुई मतदाता सूची के लिए अब फिर से प्रमाण मांग जा रहा है। प्रमाण मांगना पूर्ण निरीक्षण नहीं तो और क्या है? इससे भाजपा को फायदा होगा क्योंकि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटेंगे, वे गरीब लोग महागठबंधन के समर्थक हैं। इससे जनता का नुकसान होगा। सरकार की कोई भी योजना आएगी तो जनता से कहा जाएगा कि मतदाता सूची में नाम दिखाएं। अगर नाम नहीं होगा तो योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को एक साल हो चुका है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शुरू हुआ है। आप 25 दिन का समय दे रहे हैं और अधिक से अधिक दस्तावेज मांग रहे हो। दस्तावेज मांगना ठीक है, लेकिन इसके लिए समय नहीं है। प्रमाण देने का समय नहीं मिलेगा।

# दूध उत्पादों एवं तकनीक के बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में गुरुवार को 'दूध उत्पादों एवं तकनीक के बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश सिंह, डीन, एस.जी.आई.डी.टी., पटना द्वारा की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर तथा डी.पी.आई.आई.टी, आई.पी.आर चेयर प्रो. नलिन भारती थे। प्रो. भारती ने अपने व्याख्यान की शुरुआत बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की अवधारणा से की। उन्होंने समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में किसी भी नवाचार, तकनीकी खोज या परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से दूध उत्पादों और दुग्ध प्रौद्योगिकी से जुड़ी इनोवेशन को संदर्भित करते हुए बताया कि कैसे भारत के स्थानीय और पारंपरिक उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही तरीके से आईपीआर के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए। ट्रेडमार्क पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे ट्रेडमार्क एक ब्रांड को पहचान दिलाता है और बाजार में उसे सुरक्षित करता है, पेटेंट के माध्यम से नयी तकनीक या प्रक्रिया को कैसे विशिष्ट अधिकार दिए जाते हैं, कॉपीराइट रचनात्मक कार्यों को कैसे सुरक्षा प्रदान करता है और भौगोलिक संकेतक (जी.आई. टैग) कैसे किसी विशेष क्षेत्र के पारंपरिक उत्पादों जैसे मावा, पनीर या क्षेत्रीय मिठाइयों को विशिष्टता देता है और उन्हें नकली उत्पादों से बचाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईपीआर केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा चक्र भी बनाता है। प्रो. भारती ने उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे फ्रांस का चीज, दार्जिलिंग की चाय या मिथिला की मधुबनी पेंटिंग को जी.आई टैग ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई इसी प्रकार बिहार के पारंपरिक दूध उत्पादों को भी यह लाभ मिल सकता है। सस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में अनेक नवाचार होते हैं चाहे वो दुग्ध प्रसंस्करण की तकनीक हो, नई उत्पाद श्रृंखला का विकास, या मशीनरी डिजाइन। इन सभी को यदि समय रहते पेटेंट नहीं कराया जाए तो उनके दुरुपयोग की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया को अनुभव किया है और यह प्रक्रिया जटिल जरूर है, परंतु संस्थान के सहयोग और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से यह पूरी की जा सकती है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपनी खोजों और शोध कार्यों को केवल कागज तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें पेटेंट या डिजाइन रजिस्ट्रेशन की दिशा में भी बढ़ाएं। डॉ. सिंह ने आईपीआर को अकादमिक जगत और उद्योग जगत के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने संस्थान में आईपीआर सेल गठित करने की योजना पर भी प्रकाश डाला जो भविष्य में छात्रों और शिक्षकों को इस दिशा में सहयोग प्रदान करेगा।

# पांच-छह जुलाई को मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित 'फॉग्सी क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस : डॉ विनीता सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा 5 और 6 जुलाई को होटल मौर्य, पटना में 'फॉग्सी क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस 2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण चिकित्सा संगोष्ठी मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित है। इस बार का मुख्य विषय है– 'समय पर पहचान और त्वरित हस्तक्षेप से बचती है मां की जान'। इसकी जानकारी आज कांफ्रेंस की आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. विनीता सिंह और मीडिया की प्रभारी डॉ. रेनू रोहतगी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कांफ्रेंस की शुरुआत 5 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे होगी जिसका उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया जाएगा। फॉग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीता तंदुलवाडकर इस अवसर की मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने कहा कि पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा हर वर्ष पटना में इस तरह का कांफ्रेंस आयोजित किया जाता रहा है। उसी कड़ी में इस बार भी राष्ट्रीय स्तर का यह कांफ्रेंस आयोजित किया गया है जिसमें देश भर से आये डॉक्टरों का व्यख्यान होगा और साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाली नयी चुनौतियों और अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा करेंगे।

# बिहार में राजनीतिक माहौल खराब : पशुपति कुमार पारस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) की ओर से गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा कि बिहार बहुत विकट स्थति में है। राजनीतिक माहौल खराब है। अक्तूबर-नवम्बर में चुनाव होंगे। भाजपा और एनडीए के लोग हार स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम तीस दिन में कैसे होगा? गरीबों को अधिकार से वंचित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता सूची पुनरीक्षण करना था तो लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत करना चाहिए था। उन्होंने पूछा कि आखिर अब कौन सी स्थिति आ गई कि एक महीने में मतदाता पुनरीक्षण किया जा रहा है। लोगों से सभी तरह के प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। यह बिहार के लोगों के साथ अन्याय है। इसके खिलाफ हम लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

# बॉलीवुड ट्रीट्स में कल से शुरू होगा देशभर के जायकों का संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यदि आप भी उन लोगों में से हैं जो देशभर की गलियों में मिलने वाले देसी स्ट्रीट फूड का असली स्वाद चखना चाहते हैं, लेकिन सफर करने का वक्त नहीं मिलता – तो आपके लिए एक सुनहरा मौका है। पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स रेस्टोरेंट में 5 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित होने जा रहा है एक बेहद खास स्ट्रीट इट्स फूड फेस्टिवल जो स्वाद, माहौल और अनुभव – तीनों का शानदार संगम पेश करेगा। इस नौ-दिवसीय फेस्टिवल में हर दिन दोपहर 1 बजे से रात 11 बजे तक आने वाले मेहमानों को देश के अलग-अलग हिस्सों के लजीज और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड आइटम्स परोसे जाएंगे –



वह भी बिल्कुल उसी अंदाज में, जैसे आप किसी ठेले या हाट में खा रहे हों। फेस्टिवल का सबसे बड़ा आकर्षण है इसका मेनू, जो भारत की हर दिशा से चुने गए अनोखे व्यंजनों को एक साथ पेश करता है। उत्तर भारत की गलियों की खुशबू लाती मटर कुलचा, भल्ला पापड़ी चाट, दही गुजिया और पूर्वांचल की पहचान लिट्टी-चोखा के साथ आलू-बैंगन का चोखा यहां मौजूद होगा। दक्षिण भारत का चाउमीन डोसा, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध शेगांव कचौरी और मुंबई की कोलीवाडा स्टाइल फ्राइड फिश, प्रॉन, और रोज ऑमलेट जैसे स्ट्रीट फेवरिट्स भी स्वादप्रेमियों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा पत्ता चाट जैसे कुछ अनसुने लेकिन पारंपरिक व्यंजन भी पेश किए जा रहे हैं जो कई लोगों के लिए बिल्कुल नया अनुभव होंगे। मिठाइयों और पेय पदार्थों में लायची शिकंजी, अम्रखंड और फालूदा जैसे विकल्प मुहैया कराए जाएंगे। इस फूड फेस्टिवल की सबसे खास बात यह है कि यहां सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि वास्तविक स्ट्रीट फील का भी पूरा इंतजाम है। रेस्टोरेंट को बॉलीवुड रेट्रो थीम में सजाया गया है जहां पारंपरिक सजावट, हल्का संगीत और लोकसंस्कृति की झलक दिखाई देगी। गोलगप्पे, चाट और ठंडाई की कुछ स्टॉल्स इस अंदाज में तैयार की गई हैं कि ग्राहक को ऐसा लगे जैसे वह सचमुच किसी मेले या हाट में खड़े होकर चख रहा हो। होटल मौर्या के महाप्रबंधक अपूर्व गौर ने बताया कि हमने इस आयोजन को सिर्फ खाने का उत्सव नहीं, बल्कि एक अनुभव की तरह तैयार किया है।

## संपादकीय

# डील पर न झुके भारत

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अटकी हुई है। मसला फंसा है कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर, जिसमें अमेरिका खुली छूट चाहता है। यह डील भारत के लिए जरूरी है, क्योंकि इसके बिना उसे डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अमेरिका की हर शर्त को मान लिया जाए। डील होनी चाहिए, पर ऐसी जिसमें भारत के हितों का भी ख्याल रखा गया हो।भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और उन कुछ देशों में से एक है, जिसके साथ उसका ट्रेड सरप्लस है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने अमेरिका से आयात की तुलना में 41 अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात किया था। ट्रंप प्रशासन की आंखों में यही चुभ रहा है और वह इस अंतर को कम करना चाहता है। ट्रंप ने फिलहाल 8 जुलाई तक रिसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी है और अगर इस तारीख तक डील न हुई, तो माना जा रहा है कि भारत को अभी के 10 प्रतिशत के बजाय 26प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। कृषि को लेकर कोई भी डील आसान नहीं। देश की करीब 65 करोड़ आबादी कृषि पर निर्भर है और अमेरिका को इस सेक्टर में टैरिफ पर छूट देना, इनके हितों को खतरे में डालना है। भारत को लचीला रुख अपनाकर कृषि, डेयरी को भी अमेरिका के लिए खोलना चाहिए। लेकिन दोनों देशों के किसानों में जमीन-आसमान का अंतर है। आज भारत दुनिया के टॉप 10 कृषि उत्पाद निर्यातक देशों में से एक है, इसके बावजूद यहां खेती में अब भी उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो रहा। करीब आधी आबादी के खेती करने के बाद भी जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान केवल 18त्न है। कम जोत, मौसम पर निर्भरता, उचित मूल्य न मिलना जैसी समस्याएं हैं। अमेरिका की 2 प्रतिशत से भी कम आबादी खेती से जुड़ी है और जीडीपी में योगदान 5.5 प्रतिशत, जबकि रोजगार में 10.4 प्रतिशत है। एस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, अमेरिका में औसत फार्म 466 एकड़ का होता है, जबकि भारत में एक किसान के पास औसतन महज पौन एकड़ जमीन है। अमेरिका में खेती बस खेतों तक सीमित नहीं, उससे जुड़े कई उद्योग हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ डील में भी एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह मुक्त रखने पर हामी नहीं भरी। व्यापार में यही समानता अमेरिका के साथ भी होना चाहिए।

**दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है।**

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

(ललित गर्ग)

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था।

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।



फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# बड़ी चुनौती है फैक्ट्री के धमाकों को रोकना

(अशोक मधुप)

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मज़दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं।

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज एक इलाके में एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 34 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र स्थित डी-93 सेक्टर-दो स्थित शाम पेंट इंडस्ट्रीज केमिकल की कंपनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान तक छूती नजर आई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम ने इस आग की घटना में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान न होने की बात कही है। इसी 16 जून को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब दो किलोमीटर दूर यह फैक्ट्री चार महिलाओं की मौत हो चुकी थी। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। मजदूरों को न कभी ट्रेनिंग दिलाई और नही आपातस्थित से निपटने का कोई प्रशिक्षण दिया गया। फैक्ट्री में दुर्घटनाएं होने पर कुछ दिन शोर मचता है। मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा होने के बाद सब शांत हो जाता है। दुर्घटनाएं रोकने की कोई योजना नही बनती। नहीं फैक्ट्री के श्रमिकों को दुर्घटना होने के समय की चुनौती बताई जाती हैं। दुर्घटना होने के समय की चुनौती के समय के लिए प्रशिक्षित भी नही किया जाता। दुर्घटना होने पर क्या किया जाए इसका भी प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। फैक्ट्री लगती है किंतु उनका तकनीकि निरीक्षण नहीं होता। निरीक्षण करने वाली अधिकारी पैसे के बल पर अपने आफिस में ही बैठकर रिपोर्ट बना देते है। सही मायने में फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौत का जिम्मेदार वह अमला भी है जो समय?समय पर इनके सुरक्षा तंत्र का निरीक्षण करता है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मज़दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं। नवंबर 2022 में आरटीआई जवाब के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड फ़ैक्ट्रियों में हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो गई और 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्रों में होने वाले हादसों की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं की जाती है।

निदेशालय जनरल फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीट्यूट्स की रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2021 में, महाराष्ट्र में 6,492 खतरनाक फैक्ट्रियों में से केवल 1,551 का निरीक्षण किया गया, जिससे 23.89 प्रतिशत निरीक्षण दर प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, 39,255 पंजीकृत फैक्ट्रियों में से केवल 3,158 का निरीक्षण किया गया। इससे 8.04 प्रतिशत निरीक्षण मिली। अन्य प्रमुख औद्योगिक राज्यों में भी यह प्रवृत्ति दिखाई देती है। तमिलनाडु में सामान्य निरीक्षण दर 17.0 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 25.39 प्रतिशत थी। गुजरात में सामान्य निरीक्षण दर 19.33 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 19.81 मिली।। 2021 के लिए अखिल भारतीय आंकड़े सामान्य निरीक्षणों के लिए 14.65 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों के लिए 26.02 प्रतिशत थे। उपर्युक्त विवरण से लिया गया है।

खराब निरीक्षण दरों का एक कारण कर्मचारियों की कमी है। महाराष्ट्र में निरीक्षकों की नियुक्ति दर केवल 39.34 प्रतिशत थी। इसमें 122 स्वीकृत अधिकारियों में से केवल 48 कार्यरत थे। गुजरात में नियुक्ति दर 50.91 प्रतिशत रही, तो तमिलनाडु में यह 53.57 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय नियुक्ति दर 67.58 प्रतिशत थी। स्वीकृत पदों की संख्या पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या के सापेक्ष वार्षिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपर्याप्त रही है। 2021 में, अखिल भारतीय स्तर पर 953 स्वीकृत निरीक्षकों में से प्रत्येक को वार्षिक रूप से 337 पंजीकृत फैक्ट्रियों का निरीक्षण करना पड़ता है।

मई 2024 में, महाराष्ट्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट में स्वीकार किया कि सुरक्षा निरीक्षण और प्रमाणन अक्सर ऑडिटरों और फैक्ट्री मालिकों या प्रबंधकों के बीच समझ के आधार पर किए जाते थे। यह संकेत देता है कि नियोक्ता भी श्रम निरीक्षकों के समान ही दोषी हैं, और भ्रष्ट प्रथाओं की आपूर्ति पक्ष को संबोधित करना मांग पक्ष के सुधार के समान ही महत्वपूर्ण है।

प्रदेश स्तर पर विशिष्ट सीमा मात्रा के साथ खतरनाक रसायनों और ज्वलनशील गैसों की एक सूची स्थापित की जानी चाहिए। प्रत्येक राज्य को प्रमुख खतरे वाले कार्यस्थलों की सूची बनाए रखनी चाहिए। समें सुविधा का प्रकार, उपयोग किए गए रसायन और संग्रहीत मात्रा का विवरण हो। खतरनाक सामग्री की सूची और इन्वेंट्री को एक केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहीत करें, जिस तक नियामक निकाय, आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता, और जनता आसानी से पहुंच सकें। निरीक्षण प्रणाली को उदार बनाने के बजाय, सरकारों को आईएलओ सम्मेलन के प्रावधानों का पालन करके मजबूत श्रम बाजार शासन सुनिश्चित करना होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति और खतरनाक और रासायनिक पदार्थों के उपयोग को देखते हुए, सख्त निरीक्षणों की आवश्यकता है। औद्योगिक आपदाओं की पुनरावृत्ति सरकार की विफलता को दर्शाती है कि उसने पिछले घटनाओं से सबक नहीं सीखा है। सुधारों और कमजोर शासन के नाम पर, राज्य अपने मूल कर्तव्य से पीछे नहीं हट सकता कि वह एक सुरक्षित कार्य और जीवन सुनिश्चित करे। एक प्रभावी और नैतिक श्रम निरीक्षण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सार्थक सुधारों की आवश्यकता है जो श्रमिकों और समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दें।

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

**भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके।**

(प्रह्लाद सबनानी)

बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैंकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैंकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः



बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।

कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैंकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।

भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैंकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए, ताकि ऋण की किश्तों एवं ब्याज की राशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके एवं उनका ऋण खाता गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित नहीं हो।

(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

## संक्षिप्त समाचार

### बरनवाल जाति को केन्द्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा : लखन बरनवाल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरनवाल जाति को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु श्री लखन लाल बरनवाल प्रदेश अध्यक्ष,झारखंड प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा का 10 सदस्यीय दल गुरुवार को रांची पहुंचा।जहां प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय पिछड़ा



आयोग के अध्यक्ष के समक्ष अपने समाज की आर्थिक स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए बरनवाल जाति को केन्द्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के साथ सकारात्मक वातार्लाप हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि निश्चित ही बरनवाल जाति को ओबीसी सूची में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष के साथ सुबोध कुमार बरनवाल,संजय कुमार बरनवाल गिरिडीह,राजकिशोर कुमार राँची,सीताराम बरनवाल,रतन लाल बरनवाल देवघर,नरेश बरनवाल बगोदर, अजय कृष्ण कोडरमा,सूरज कुमार हजारीबाग,सुनील कुमार राँची,सुरेन्द्र मोदी कोडरमा,बिपिन मोदी गिरिडीह,बिरेन्द्र बरनवाल बोकारो उपस्थित थे।

### प्लास्टिक के बैग्स हटाओ और कपड़े के बैग्स अपनाओ : ज्योति महिपाल



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज आईडब्ल्यूसी ऑफ गिरिडीह सनशाइन हमारा ये एसोसिएशन लक्ष्य हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति महिपाल के द्वारा दिया गया है की प्लास्टिक बैग हटाओ, कपडे का बैग अपनाओ यह कार्यकर्म बीबीसी रोड स्थिथ एसडी पब्लिक स्कूल आईडब्ल्यूसी ऑफ गिरिडीह सनशाइन प्रेसीडेंट कविता राजगढ़िया के द्वारा कपड़े के बैग्स बांटे गए और पर्यावरण को बचाने के लिए "प्लास्टिक के बैग्स हटाओ और कपड़े के बैग्स अपनाओ" इस कार्यक्रम के दौरान एसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा एक पर्यावरण बचाओ पर एक अद्भुत नाटक पेश किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इसे आईडब्ल्यूसी की प्रेजिडेंट कविता राजगढ़िया आईएसओ दीप्ति सिन्हा आईपीपी सोनाली तारवे और क्लब की मेंबर्स सुमन गौरीसरिया, संगीता सिंह और उस स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ पवन कुमार के द्वारा तिसरी, गांवा, मानपुर, पिहरा बाजार में जांच-सह-जागरुकता अभियान चलाया गया। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं



आम जनों को सुरक्षित खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराना है। सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा के लाइसेंस/ रजिस्ट्रेशन के साथ ही खाद्य कारोबार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रतिष्ठानों में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने, दुकान में बनी मिठाईयों की ही बिक्री करने, खाद्य सामग्रियों में अखाद्य रंग (कामधेनु) का उपयोग नहीं करने एवं खाद्य तेलों को बार-बार उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया। खाद्य कारोबारियों को ज्ञात स्रोत से खाद्य सामग्रियों की खरीद करने, पैक्ड फूड को उचित लेबल जैसे बैच नं,एफ एसएसएआई लाइसेंस नं, मैन्युफैक्चर के नाम पता, मैन्युफैक्चरिंग की तिथि एवं एक्सपायरी की तिथि के साथ ही बिल के साथ ही करने का निर्देश दिया गया। नियमों के उलंघन करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाई की जाएगी।

### मेदांता पटना की अनोखी पहल: बिहार को मिला हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस

**पटना/ फुलवारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में गुरुवार को अत्याधुनिक हार्ट कमांड सेंटर और 5ऋएम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की गई. इस नवाचार का उद्घाटन बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह और पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने इसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया. उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह सुविधा आम लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. वहीं, पर्यटन मंत्री श्री राजू कुमार सिंह ने इसे बिहार को मेडिकल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया. मेदांता के कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार





ने जानकारी दी कि यह बिहार का पहला समर्पित हार्ट कमांड सेंटर है, जो विशेष रूप से गंभीर हृदय रोगियों के लिए तैयार किया गया है. इसमें 24ग्7 कार्डियक टीम की उपलब्धता, ईसीजी, मॉनिटरिंग बेड और तुरंत कैथ लैब जैसी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिससे हार्ट अटैक जैसे मामलों में समय पर जीवनरक्षक उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा. मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने बताया कि 5ऋएम्बुलेंस में स्मार्ट मेडिकल डिवाइस, रीयल-टाइम डेटा ट्रैकिंग, वीडियो कॉल आधारित डॉक्टर इंटरफेस और अस्पताल पहुंचने से पहले मरीज की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं. यह प्रणाली आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में तकनीक के उन्नत उपयोग का उदाहरण है और पूरे बिहार के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी.

# कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, दिए गए दिशा-निर्देश



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर जागरूकता से ही अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और अभियंता द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन कर योजनाओं में प्रगति लाना सुनिश्चित करें आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं यथा साइकिल वितरण, प्री मेट्रिक, पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति, सीएम रोजगार सृजन योजना, छात्रावास जीर्णोद्धार, पशुधन योजना, पीएम जन मन योजना समेत अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा उक्त सभी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंडवार साइकिल वितरण योजना की जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत साइकिल वितरण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्ग 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को साईकिल उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इसके अलावा प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक 2024-2025 के तहत आच्छादित बच्चों को छात्रवृति की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने पशुधन योजना, रोजगार सृजन योजना और पीएम जनमन योजना की विस्तृत समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करते हुए प्रगति लाने तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को संबंधित प्रखंडों में कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और अभियंता द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन कर योजनाओं में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, स्पेशल डिवीजन, कार्यपालक अभियंता, बीसीडी, कार्यपालक अभियंता, एनआरइपी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदाता सर्वेक्षण गरीब और मजदूर विरोधी, भाजपा-जदयू चुप्पी तोड़ेः विधायक गोपाल रविदास

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा (माले) के फुलवारी विधायक गोपाल रविदास ने बिहार में चल रहे मतदाता सर्वेक्षण को गरीब और मजदूर विरोधी करार देते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की है. एक प्रेस बयान जारी कर उन्होंने भाजपा-जदयू पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि चुनावी मौसम में किया जा रहा यह सर्वे गरीबों को मतदाता सूची से वंचित करने की साजिश है, और सत्ताधारी दल जानबूझकर इस पर चुप्पी साधे हुए हैं. विधायक रविदास ने कहा कि इस सर्वेक्षण प्रक्रिया से सबसे पहले वही लोग प्रभावित होंगे जो मेहनतकश तबके से आते हैं—खासकर दलित, आदिवासी और भूमिहीन मजदूर. चुनाव आयोग द्वारा दस्तावेजों की जो शर्तें रखी गई हैं, जैसे जन्म प्रमाण पत्र आदि, वह ऐसे समुदायों के लिए जुटाना बेहद कठिन है क्योंकि इनके पास अक्सर न तो स्थायी आवास होता है और न ही जरूरी दस्तावेज. उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ सरकार आधार कार्ड को अनिवार्य बनाकर हर सेवा से जोड़ती है, वहीं अब उसे ही अमान्य करार दे दिया गया है. ऐसे में सवाल उठता है कि फिर आधार कार्ड क्यों बनवाया गया? यह पूरी प्रक्रिया संपन्न वर्गों को लाभ पहुंचाने और गरीबों को हाशिए पर धकेलने की मंशा से की जा रही है. भाजपा-जदयू पर हमला बोलते हुए विधायक ने कहा कि एक ओर ये दल गरीबों से वोट मांगते हैं, और दूसरी ओर उन्हीं गरीबों के मतदाता अधिकारों को छीनने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा और जदयू ने इस मामले पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी, तो बिहार की जनता उन्हें आने वाले चुनाव में कूड़ेदान में फेंक देगी. रविदास ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस जनविरोधी सर्वेक्षण को तुरंत रोका जाए और गरीबों के मताधिकार की रक्षा की जाए.

## सेवा ही संकल्प": डॉक्टर आशुतोष दिनेन्द्र को मिला चिकित्सीय सेवा के लिए सम्मान

**डॉक्टर्स डे पर इनर व्हील क्लब तेजस्विनी ने दिया सम्मान-मोमेंटो और अंगवस्त्र से नवाजा सेवा भावना को बताया जीवन का उद्देश्य**

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ तेजस्विनी, सिवान द्वारा आयोजित एक सादे और गरिमामय समारोह में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आशुतोष दिनेन्द्र को उत्कृष्ट चिकित्सीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर



समाज के प्रति उनकी समर्पित सेवा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सचिव रश्मि गिरी, नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद किरण देवी, सीमा चौधरी, सोनी शोएब समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सचिव ने कहा— सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ आशुतोष दिनेन्द्र ने कहाः इस तरह के सम्मान न केवल मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि सेवा भाव को भी दृढ़ करते हैं। यह समाज के प्रति जिम्मेदारी को और बढ़ा देता है कि हम और बेहतर दें, और अधिक समर्पण से काम करें।"कार्यक्रम में डॉ दिनेन्द्र के चिकित्सीय योगदान और मरीजों के प्रति उनके संवेदनशील व्यवहार की सराहना की गई। इनर व्हील क्लब की ओर से बताया गया कि वे हर साल डॉक्टर्स डे पर समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित करते हैं ताकि उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# कुछ साइबर अपराधियों ने फोन के माध्यम से की जा रही थी ठगी : साइबर डी एस पी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के अहिल्यापुर थाना अन्तर्गत बुधुडीह बाजार एवं गिरिडीह बस स्टैण्ड के समीप झिंझरी मोहल्ला के पास कुछ साइबर अपराधी द्वारा फोन के माध्यम से ठगी किया जा रहा है। उपरोक्त सूचना के आधार पर आबिद खॉ पुलिस उपाधीक्षक साईबर क्राईम गिरिडीह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बारी-बारी से दोनो स्थानों से कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस बात की जानकारी साइबर डीएसपी गिरिडीह आबिद खान ने प्रेस वार्ता करके दी। बताया गया कि 1.दीपु कुमार मंडल उर्फ दीपक कुमार मंडल उम्र करीब 22वर्ष पिता-कान्ते मंडल उर्फ कामदेव मंडल सा0-चामलिट्टी थाना-अहिल्यापुर जिला-गिरिडीह 2.छोटी मंडल उर्फ छोटे मंडल उम्र करीब 30वर्ष पिता-गोविन्द मंडल सा0-चामलिट्टी थाना अहिल्यापुर जिला-गिरिडीह 3.श्रवण राय उम्र करीब 21वर्ष पिता-संजय राय सा0-महेशपुर थाना-मुफ्फसिल जिला-गिरिडीह 4.मोहित कुमार मंडल उम्र करीब 19वर्ष पिता-भैरो मंडल सा0-नवादा महुँआटाड़ थाना-ताराटाड़ जिला-गिरिडीह के रहने वाले हैं है। इन गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कुल 05 मोबाइल फोन एव 06 सिम कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये साइबर ठगी करने हेतु विभिन्न बैंको का केयसी अपडेट,आधार अपडेट, कूरियर सर्विस,दिल्ली जल बोर्ड का ऐपक फाइल भेज कर लोगों के साथ ठगी करते है। वंहीं पुलिस द्वारा इस संदर्भ मे साइबर थाना कांड सं0-26/2025 दिनांक-02.07.2025 दर्ज किया गया है। जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तों में से.छोटे मंडल उर्फ छोटी मंडल के विरूद्ध देवघर साइबर थाना कांड सं0-21/2023 दर्ज है एवं इसके विरूद्ध उक्त मामला के अलावे तेलंगाना, हैदराबाद में भी कुल 65 कांड दर्ज है । वंही.दीपक कुमार मंडल के विरूद्ध अहिल्यापुर थाना कांड सं0-81/2017 एवं छब्ब्ट्च में भी एक शिकायत दर्ज हैं । जबकि.श्रवण राय के विरूद्ध गिरिडीह साइबर थाना कांड सं0-19/2023 दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों को आज दिनांक-03.07.2025 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पचंबा फोरलेन के काम में सुस्ती को लेकर भाकपा माले आगामी शुक्रवार को उतरेगी सड़क पर : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक,अनुमंडलपदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन भी देंगे,सामाजिक संगठन,राजनीतिक संगठन से अपील है कि आगामी शुक्रवार को तीन बजे से चार बजे तक सभी दुकानदार सड़क पर उतरे,झंडा मैदान में तीन बजे जमा होकर साढ़े तीन से साढ़े चार तक पद यात्रा करेंगे राजेश सिन्हा और माले के सदस्य पैदल यात्रा का रूट होगा जेपी चौक से कल्याणडीह तक आगामी शुक्रवार चार जुलाई को तीन बजे से चार तक सड़क पर उतरेगा लाल झंडा लेकर माले,लोगों को जागरूक करेगा माले,माले नेता जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा ने कहा कि जनता की सुस्ती के कारण,विभाग,प्रतिनिधि और संवेदक सब सुस्त है,जनता को जागरूक करने के लिए जेपी चौक से लेकर कल्याण डीहतक पैदल और बाइक से चलेंगे माले के मेंबर,लोगो को बिना रोके,चार चक्का को बिना बाधित किए करेंगे जागरूक,गिरिडीह वासियों और पचंबा वासियों के साथ रास्ते में सभी दुकानदार और राही को जागरूक करेंगे,गिरिडीह की जनता को बगोदर राजधनवार,जमुआ के लाल झंडे के जैसा सोच पैदा करना सिन्हा का लक्ष्य है,जिस इलाके में माले का संगठन है जनता के खिलाफ थोड़ा भी गड़बडी होता है तो जनता सड़क पर बाहर निकल जाती है,किन्तु गिरिडीह विधानसभा में जनता उल्टा है,जैसे संवेदक,प्रतिनिधि,विभाग सुस्त होते है जनता भी उससे ज्यादा सुस्त नजर आती है,इस परंपरा को तोड़ेगा माले। माले गिरिडीह विधानसभा की कमिटी सभी जनता से क्रांतिकारी पुकार लगाता है कि शुक्रवार को शाम को साढ़े तीन से साढ़े चार बजे तक सड़क पर निकले,पैदल नहीं चल सकते है तो दो चक्के से पांच किलोमीटर भ्रमण करें ज्ञात हो कि रास्ता बनेगा तो वरदान साबित होगा गिरिडीह विधायक व झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के अच्छे प्रोजेक्ट में है पचम्बा फोरलेन किन्तु कार्य साल भर में होना था लेकिन आज डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी संवेदक,पेटी कॉन्ट्रेक्टर आम जनता को परेशान कर रहे है,विभाग भी ध्यान नहीं दे पा रहा है,गिरिडीह का ज्यादा विभाग कुर्सी तोड़ने का विभाग बना हुआ है या कमीशनखोरी घूसखोरी के लिए जाना जाता है,इसको जब तक जनता आंदोलन में नहीं उतरेगी सुधारना मुश्किल है,राजनीतिक दल सामाजिक दल को जनता के मुद्दे से कोई लेना देना नहीं है,स्कूली बच्चे,बुजुर्ग,बीमार,राही,जनता, दुकानदार पहले धूलकण से परेशान थे अब रास्ते के गड्ढे से परेशान है सिन्हा ने सभी जाति संगठन,सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन से अपील की यह इस अभियान से जुड़े।यदि सुधार नहीं किया, काम की गति नहीं बढ़ाई गई तो,एक सप्ताह बाद पूरे सड़क को आम जनता के द्वारा रोक दिया जाएगा,इसका जवाबदेही गिरिडीह की प्रशासन होगी,गिरिडीह के जनप्रतिनिधि होंगे और विभाग होगा,गुरुवार को इस संबंध में गिरिडीह उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी से भी वार्ता करेंगे सिन्हा और लिखित ज्ञापन भी देंगे।

## गुठनी थाने पर कांग्रेस का हंगामा : सुशीला देवी हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**प्रतिरोध मार्च के बाद थाने पर प्रदर्शन, थानाध्यक्ष को जिलाधिकारी के नाम सौंपा गया ज्ञापन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** गुठनी थाना क्षेत्र में सुशीला देवी की हत्या के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन, तेनुआ मोड़ से शुरू हुआ प्रतिरोध मार्च नारों के बीच गुठनी थाने के पास आकर जनसभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को मुआवजा और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की। 'सुशीला देवी को न्याय दो', 'हत्यारों को सजा दो', 'माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की लूट बंद करो', '25 लाख मुआवजा दो' इन नारों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता गुठनी थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष के प्रतिनिधिमंडल बुलाने में देरी होने पर कार्यकताओं ने थाने के बाहर घंटों नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन जारी रखा। कांग्रेस के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार से मुलाकात कर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जो जिलाधिकारी के नाम संबोधित था।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे –**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पाण्डेय, अशोक सिंह, जवाहर राम, इंदु देवी, डॉ. रुदल बागी और केशव तिवारी, ज्ञापन में रखी गई ये तीन प्रमुख मांगे 1. हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल के जरिए सजा 2. पीड़िता के परिजनों को 25 लाख रुपये का मुआवजा 3. मुथूट माइक्रो फाइनेंस जैसी कंपनियों की जांच और उन पर कार्रवाई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि घटना के छह दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आक्रोश और बढ़ेगा। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। अन्य मांगों को जिलाधिकारी तक पहुंचाने का भरोसा भी दिलाया।

**प्रदर्शन में ये प्रमुख चेहरे रहे मौजूद**

प्रदर्शन में जिले के दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता शामिल हुए। जिनमें प्रमुख थेः अरुण मांझी, रमेश उपाध्याय, दिनेश यादव, विकास तिवारी, कमल किशोर ठाकुर, अमित कुशवाहा, सद्दाम हुसैन, बृज किशोर सिंह, अनंत तिवारी, अलाउद्दीन अहमद, संतोष पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, प्रमोद चौधरी, विंदेश्वरी साह, उमाशंकर यादव, मो. सोहैल, डॉ. रवीन्द्र पाण्डेय, अरुण मदेशिया, रामाशीष यादव, मकसूद आलम, सुरेश यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ता। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करता तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और सड़कों पर उतरकर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

## भोजपुरी शिरोमणि स्व. अक्षयवर दीक्षित की 95वीं जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि, साहित्यकारों का हुआ सम्मान

**कन्हैया लाल केंद्रीय जिला पुस्तकालय सभागार में आयोजित हुआ भव्य समारोह**

**सीवान सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी ने किया उद्घाटन, दीक्षित जी को बताया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** भोजपुरी विकास मंडल, सीवान के तत्वावधान में भोजपुरी के पुरोधा और प्रखर साहित्यकार स्व. अक्षयवर दीक्षित की 95वीं जयंती समारोह स्थानीय कन्हैया लाल केंद्रीय जिला पुस्तकालय के सभागार में गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष युगल किशोर दुबे ने की। समारोह की शुरूआत स्व. दीक्षित जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिसमें जिले के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान सीवान सदर विधायक श्री अवध बिहारी चौधरी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अक्षयवर दीक्षित न केवल एक महान शिक्षक थे, बल्कि भोजपुरी और हिंदी साहित्य के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक भी थे। उन्होंने शोधपरक और प्रेरक लेखन से समाज को दिशा दी। आज के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

**साहित्य और आंदोलन के योद्धाओं का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर भोजपुरी भाषा और साहित्य के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रजापति त्रिपाठी, अखिलेश पांडे, श्री सदानंद तिवारी, इंजीनियर गणेश प्रसाद और वरिष्ठ शायर उस्ताद कमर शिवानी को सम्मानित किया गया।

**भोजपुरी आंदोलन को फिर से गति देने की घोषणा**

भोजपुरी विकास मंडल के सचिव मार्कंडेय ने मंडल की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराना अब भी एक लंबा संघर्ष है। उन्होंने अफसोस जताया कि कई लोग भोजपुरी के नाम पर ऊंचे पदों तक तो पहुंचे, लेकिन भाषा के संवैधानिक मान्यता के लिए गंभीर प्रयास नहीं हुए।

**गठित हुई अभियान समिति, सिवान में होगा राष्ट्रीय आयोजन**

भोजपुरी आंदोलन को संगठित रूप देने के उद्देश्य से एक अभियान समिति का गठन किया गया, जो सदस्यता अभियान और संविधान में भोजपुरी की मान्यता के लिए देशव्यापी कार्यक्रम करेगी। समिति का अध्यक्ष डॉ. प्रजापति त्रिपाठी को बनाया गया है, जबकि सदस्यों में सदानंद तिवारी, अखिलेश पांडे, इंजीनियर गणेश प्रसाद, गोरखनाथ गुंजन, रामनरेश सिंह, युगल किशोर दुबे, प्रो. उपेंद्रनाथ यादव और मार्कंडेय शामिल हैं। समिति शीघ्र ही सिवान में राष्ट्रीय स्तर का भोजपुरी महासम्मेलन आयोजित करेगी, जिसमें देशभर के भोजपुरी प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा।

**समारोह में कई साहित्यिक हस्तियों की रही भागीदारी**

कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में लायची हरि राही, विक्रम पंडित विवेक, केएचएन दीक्षित, प्रो. उपेंद्रनाथ यादव, डॉ. संदीप कुमार यादव, साहिब सिंह विजेता, डॉ. सुधांशु शेखर त्रिपाठी, मुरलीधर मिश्रा, शुभम दीक्षित, अनिल कुमार (शिक्षक), नागेंद्र पांडे (अधिवक्ता), अखिलेश्वर दीक्षित, योगेंद्र झा, राहुल यादव, ओमप्रकाश दुबे, पारस सिंह, सुभाष सिंह और पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसुंदर चौधरी, डॉ. मोहम्मद ओबैद रेयाज जैसे अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

## नाबालिग डांसर ने नशे में पुलिसकर्मी को मारा थप्पड़, दो युवतियां फरार, कार से शराब बरामद

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना गोलंबर के पास पुलिस ने गश्त के दौरान गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार को रोका, जिसमें तीन युवतियां और एक युवक सवार थे. पुलिस को देखते ही दो युवतियां फरार हो गईं, जबकि एक नाबालिग युवती कार से उतरते ही पुलिस से उलझ गई और एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती नशे में धुत थी और सड़क पर जमकर हंगामा करने लगी. महिला आरक्षी की मदद से उसे और कार चालक को थाना लाया गया. थाने में भी युवती ने हंगामा जारी रखा और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बदतमीजी करती रही. पुलिस जांच में कार से शराब की बोतलें बरामद की गईं और युवती व चालक को नशे की हालत में पाया गया. युवती काफी छोटे कपड़े में थी, जिससे उसे न्यायालय ले जाने में पुलिस को असहजता महसूस हो रही थी. पुलिस ने उसके लिए कपड़े मंगवाकर पहनाए, फिर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया. थानाध्यक्ष गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि पकड़ी गई नाबालिग युवती असम की रहने वाली है और पटना में एक पार्टी समारोह में डांस करने का काम करती थी. गिरफ्तार कार चालक की पहचान पटना निवासी ललित कुमार के रूप में हुई है. उसे भी जेल भेज दिया गया है. थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि फरार हुई दोनों युवतियों की तलाश जारी है. प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि सभी लोग पार्टी समाप्त होने के बाद शराब पीकर नशे की हालत में लौट रहे थे. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

CMYK

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए कारोबार में तेजी के कारण जून में 10 महीने के उच्च स्तर पर, पीएमआई से पुष्टि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मांग के सकारात्मक रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार होने से जून में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में गुरुवार को इसकी पुष्टि की गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि के कारण हुआ।

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि इनपुट लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्कों के मुकाबले कम थी।

आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2024 के बाद से नए ऑर्डरों में सबसे तेज वृद्धि हुई। सेवा कंपनियों को घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से सबसे अधिक लाभ हुआ। साथ ही नए निर्यात कारोबार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पैनल के सदस्यों के अनुसार, विदेशी मांग में विशेष रूप से एशियाई, मध्य पूर्वी और अमेरिकी बाजारों से सुधार हुआ है।

भारतीय सेवा क्षेत्र के निरंतर विस्तार का भर्ती पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जून में लगातार 37वें महीने रोजगार में वृद्धि हुई। मई के रिकॉर्ड से धीमी होने के बावजूद रोजगार वृद्धि की दर अपने दीर्घकालिक औसत से आगे निकल गई।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि मूल्य के मोर्चे पर, लागत दबाव उपभोक्ता सेवा श्रेणी में सबसे अधिक था, जबकि आउटपुट शुल्क में सबसे तेज वृद्धि वित्त और बीमा क्षेत्र में देखी गई। सर्वेक्षण के अनुसार, एक वर्ष के समय में उत्पादन स्तर के दृष्टिकोण के बारे में आशावाद कायम रहा, 18 प्रतिशत सेवा प्रदाताओं ने वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया। हालाँकि, उत्साहित फर्मों का यह अनुपात 2022 के मध्य के बाद से सबसे कम था। इसलिए, आत्मविश्वास का समग्र स्तर गिर गया और अपने दीर्घकालिक औसत से नीचे था।

## सोने के तेवर फिर गरम, 100719 पर पहुंचा भाव, चांदी में 1060 रुपये की उछाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के तेवर एक बार फिर गरम हो रहे हैं। आज सोने का भाव 306 रुपये और चांदी का 1060 रुपये उछला है। आज 3 जुलाई गुरुवार को 24 कैरेट सोना 97786 रुपये पर खुला है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100,719 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 110,980 रुपये किलो बिक रही है।

**22 कैरेट गोल्ड का रेट :** आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 306 रुपये उछल कर 97394 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 100,315 रुपये हो गई है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 280 रुपये बढ़कर 89572 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। जीएसटी के साथ यह 92259 रुपये का 10 ग्राम बैठेगा।

**18 कैरेट गोल्ड का भाव :** 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 230 रुपये महंगा होकर 73340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 3 पर्सेंट जीएसटी के साथ 75540 रुपये का पड़ेगा। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 179 रुपये चढ़कर होकर 57205 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इसमें जीएसटी जोड़ने के बाद यह 58921 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

**इस साल कितने बढ़े सोने-चांदी के दाम :** सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 22046 रुपये और चांदी 21731 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## पाकिस्तान का साथ देने वाले दो देशों पर दिख रहा भारतीय पर्यटकों के बायकॉट का असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष का असर देश की एयरलाइन इंडस्ट्री और मध्य एशिया जाने वाले यात्राओं पर साफ दिखा। मई के आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे इन दोनों क्षेत्रों को प्रभावित किया। जब बॉर्डर इलाकों में हमला हुआ तो उत्तर और पश्चिम भारत के 32 एयरपोर्ट बंद कर दिए गए। पहले ही दिन 50 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल करनी पड़ीं। डीजीसीए के अनुसार, मई में एयर इंडिया को सबसे ज्यादा झटका लगा। उसकी 3.4 प्रतिशत फ्लाइट कैंसल हुईं, जबकि अप्रैल में ये सिर्फ 0.27 प्रतिशत थी।

भारत और पाक संघर्ष में अजरबैजान और तुर्किये ने पाकिस्तान का साथ दिया। इसके बाद कई लोगों ने उन दोनों की अपनी यात्रा रद्द कर दी। मई के आंकड़े बताते हैं कि अजरबैजान जाने वाले भारतीयों की संख्या पिछले साल मई में 29,691 थी, जो इस साल मई में घटकर 23,326 रह गई। तुर्किये में भी भारतीय पर्यटकों की संख्या मई 2024 में 41,544 थी, जो मई 2025 में घटकर 31,659 रह गई। अजरबैजान के लिए 2018 के बाद यह पहली बार है जब भारतीय पर्यटकों की संख्या में इतनी बड़ी गिरावट आई (कोविड साल छोड़कर)। तुर्किये में यह गिरावट लगातार तीसरे महीने रही।

## यूएस-वियतनाम व्यापार समझौते से सबक ले सकता है भारत, जीटीआरआई की रिपोर्ट में अहम संकेत



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** हाल ही में अमेरिका और वियतनाम के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इस व्यापार समझौते से भारत कई सबक सीख सकता है। खासकर भारतीय निर्यातकों पर इसका गहरा असर हो सकता है। भारत, वियतनाम को निर्यात के मामले में प्रतिद्वंदी और क्षेत्रीय सहयोगी दोनों मानता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट में यह बताया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका और वियतनाम में जब साल 2000 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके बाद वियतनाम के उत्पाद अमेरिका में सिर्फ 2 से 10 प्रतिशत टैरिफ पर आने लगे। अब ट्रंप प्रशासन ने नई डील में वियतनामी उत्पादों के अमेरिका में आने पर 20 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अमेरिका के इस कदम से वियतनाम का निर्यात बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। जीटीआरआई ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को भी इससे सबक लेना चाहिए।

**नए समझौते से वियतनाम के निर्यात पर पड़ेगा विपरीत असर:** साल 2000 में हुए व्यापार समझौते के बाद वियतनाम के उत्पादों की अमेरिका में आवक काफी बढ़ गई और एक समय जो वियतनाम का निर्यात सिर्फ 80 करोड़ डॉलर था, वह बढ़कर 135 अरब डॉलर हो गया। विशेषज्ञों का दावा है कि नए टैरिफ के बाद वियतनाम की यह बढ़त खत्म हो सकती है और इससे वियतनाम का निर्यात सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित होगा। इतना ही नहीं वियतनाम होकर अमेरिका आने वाले चीनी सामान पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका का यह कदम विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। ऐसे में भारत की तरफ से बातचीत कर रहे लोगों को सलाह है कि वे वियतनाम के अनुभव से सीखें और पुरानी छूट को वापस लेने, टैरिफ लगाने और सामान के उत्पादन की जगह को लेकर अस्पष्ट नियमों पर अमेरिका के साथ स्पष्ट बातचीत करें।

## 8 देशों के पास है अमेरिका से बड़ा तेल भंडार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम को काला सोना कहा जाता है। इससे कई तरह के प्रोडक्ट्स बनते हैं जिनका कई उद्योगों में व्यापक इस्तेमाल होता है। इसके बिजनस पर कब्जा करने के लिए दुनिया देशों के बीच होड़ चलती रहती है। पश्चिम एशिया के कई देशों के इकॉनमी पूरी तरह तेल पर निर्भर है। फिलहाल अमेरिका दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है लेकिन उसके पास इसका बहुत बड़ा भंडार नहीं है। दुनिया के आठ देशों में अमेरिका से बड़ा ऑयल रिजर्व है। जानिए किन देशों के पास है कच्चे तेल के बड़े भंडार...

तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के मुताबिक दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला के पास है। इस देश के पास 303 अरब बैरल ऑयल रिजर्व है जो दुनिया के कुल ज्ञात तेल भंडार का 17.3 फीसदी है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सऊदी अरब है। इस देश का ऑयल रिजर्व 267 अरब बैरल है जो दुनिया का 15.2 फीसदी है। ईरान 209 अरब बैरल के भंडार के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। वेनेजुएला और ईरान उन देशों में शामिल हैं जहां पेट्रोल की कीमत सबसे कम है।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में:** कनाडा एरिया के आधार पर दुनिया का दूसरा बड़ा देश है। इस देश में 163 अरब बैरल कच्चे तेल का भंडार है जो दुनिया का 9.3 फीसदी है। इराक में 145 अरब बैरल कच्चे तेल का भंडार है। इसी तरह यूएई में 113 अरब बैरल, कुवैत में 102 अरब बैरल, रूस में 80 अरब बैरल, अमेरिका में 74 अरब बैरल और लीबिया में 48 अरब बैरल कच्चे तेल का भंडार है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस भारत का सबसे बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है।

## पीएनबी के बाद अब इंडियन बैंक ब ने माफ किया पूरा शुल्क, 7 जुलाई से ग्राहकों उठा सकेंगे फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंक ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। इंडियन बैंक बचत बैंक खातों में मिनिमम बैलेंस की आवश्यकता को समाप्त कर रहा है। बैंक ने ऐलान किया है कि वह 7 जुलाई, 2025 से बचत बैंक खातों में न्यूनतम बैलेंस की जरूरत को समाप्त कर रहा है। बता दें कि इससे पहले पंजाब नेशनल बैंक ने इसी तरह का ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में बैंक के आधिकारिक अकाउंट ने लिखा कि इस निर्णय का उद्देश्य ग्राहकों के लिए वित्तीय समावेशन, पहुंच और सामर्थ्य में सुधार करना है। पोस्ट में एक ग्राफिक में लिखा है, आपका पैसा, आपके नियम। कोई न्यूनतम शेष राशि नहीं, कोई जुर्माना नहीं। 7 जुलाई, 2025 से 0 प्रतिशत प्रभावी ।बैंक ने लिखा, पब्लिक अनाउंसमेंट- एक महत्वपूर्ण कस्टमर-फोकस पहल में हम 7 जुलाई, 2025 से प्रभावी, अपने सभी बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि शुल्क की पूर्ण छूट की घोषणा करते हुए खुश हैं ।इसमें कहा गया है- इस कदम का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समाज के सभी वर्गों के लिए बैंकिंग को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।

## ऑफिस में काम करने वालों की भर्तियां 20 फीसदी बढ़ी, दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में धीमी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑफिस में काम करने वालों (व्हाइट कॉलर) की भर्तियां जून, 2025 में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़ी हैं। इसमें मुख्य रूप से टियर-2 श्रेणी के शहरों (छोटे शहर) का योगदान रहा है और वे देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं।




**26 फीसदी वृद्धि के साथ कोयंबटूर सबसे आगे:** फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, भर्तियों में 26 फीसदी वृद्धि के साथ कोयंबटूर सबसे आगे रहा। इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 फीसदी की वृद्धि हुई। इसमें आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है।

**हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि:** फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं।

**दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में धीमी बढ़ोतरी:** रिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

## भारत को रोकने के लिए चीन, फॉक्सकॉन से चीनी कर्मचारियों को बुलाना देश के लिए चेतावनी, दिग्गज निवेशक ने किया अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉक्सकॉन ने भारत स्थित अपने आईफोन प्लांट्स के सैकड़ों चीनी इंजीनियरों और टेक्नीशियनों को वापस बुला लिया है। इससे भारत में एपल की आईफोन निर्माण को बढ़ाने की योजना को बड़ा झटका लग सकता है। इस बीच, कमोडिटी निवेशक सूर्या कनेगांवकर ने इसे सोचा-समझा झटका बताया। उनका कहना है कि भारत में फॉक्सकॉन के आईफोन प्लांट से चीन द्वारा इंजीनियरों को वापस बुलाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने कहा, भारत को रोकने के लिए चीन कुछ भी करने से नहीं चूकेगा।

### क्या है डिटेल

फॉक्सकॉन के तमिलनाडु और कर्नाटक प्लांट से 300 से अधिक चीनी टेक्नीशियनों को वापस बुलाना कारोबार को बाधित करने की चाल है। इसे टेक्नोलॉजी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने और भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को रोकने के कदम के रूप में देखा जाता है। कनेगांवकर ने एक्स पर लिखा, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। भारत को एक लड़खड़ाते हुए प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जाता है, जो जमीन से उठने के लिए संघर्ष कर रहा है। बता दें कि फॉक्सकॉन ने स्थानीय टीमों को ट्रेंड करने और उच्च-स्तरीय विनिर्माण प्रक्रियाओं को एम्बेड करने के लिए चीनी इंजीनियरों पर भरोसा किया है। उनके अचानक चले जाने से संचालन धीमा होने और ज्ञान हस्तांतरण में बाधा आने की उम्मीद है।

जबकि एपल और फ़ॉक्सकॉन ने ताइवान और वियतनामी प्रतिस्थापनों की ओर रुख किया है, और भारतीय श्रमिकों को अपस्किल करना शुरू कर दिया है, फिर भी अंतर बना हुआ है।

कनेगांवकर ने एक गहरी संरचनात्मक कमजोरी की ओर इशारा किया- भारत पूरी तरह से चीनी मशीन टूल्स, दुर्लभ पृथ्वी और इलेक्ट्रॉनिक्स घटकों पर निर्भर रहते हुए औद्योगीकरण का प्रयास कर रहा है, जो बेतुका है। आपूर्ति श्रृंखला के हर हिस्से का अध्ययन और सुधार कल ही किया जाना चाहिए था। मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए संदेश स्पष्ट है- आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित करने की कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत, जो अब वैश्विक आईफोन का 20 प्रतिशत उत्पादन करता है, 2026 तक अमेरिका के लिए अधिकांश उपकरणों की आपूर्ति करने की एप्पल की योजना का केंद्रबिंदु है। लेकिन भू-राजनीतिक जोखिम इस प्रक्षेपवक्र को खतरे में डालते हैं। कानेगांवकर ने कहा, एक राज्य के रूप में अपनी स्थिति को मित्रों और शत्रुओं दोनों की उदारता पर निर्भर देखना आत्मनिरीक्षण और तत्काल सुधार की मांग करता है।

## मुकेश अंबानी का गेम प्लान, एफएमसीजी ब्रांड्स को अलग कर बना रहे नई कंपनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने नए गेम प्लान से प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की तैयारी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने सभी तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान यानी एफएमसीजी ब्रांड्स को अलग करने का बड़ा फैसला लिया है। ये ब्रांड अभी रिलायंस की रिटेल कंपनियों आरआरवीएल, आरआरएल, आरसीपीएल के अंदर थे। अब इन्हें एक नई अलग कंपनी में रखा जाएगा, जिसका नाम होगा न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड। यह नई कंपनी ठीक जियो प्लेटफॉर्म्स की तरह सीधे रिलायंस की सहायक कंपनी होगी।

**बदलाव का मुख्य कारण:** इकनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक इस बदलाव का मुख्य कारण है कि इन एफएमसीजी ब्रांड्स को विशेष और पूरा ध्यान मिल सके। रिलायंस का कहना है कि एफएमसीजी का बिजनेस पूरी तरह अलग है। इसमें ब्रांड बनाना, उत्पादों पर रिसर्च करना, उन्हें बनाना, बांटना और उनका मार्केटिंग करना शामिल है। इसके लिए अलग कौशल और विशेषज्ञता की जरूरत होती है, जो सामान्य रिटेल बिजनेस से भिन्न है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के एक आदेश में भी कहा गया है कि यह कदम एक अलग तरह के निवेशकों को आकर्षित करने में मदद करेगा।

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी पहले ही अपनी रिटेल और टेलीकॉम कंपनियों के लिए आईपीओ लाने की योजना का संकेत दे चुके हैं। कंपनी के प्लान जानने वाले लोगों का मानना है कि यह रीस्ट्रक्चरिंग रिटेल बिजनेस को शेयर बाजार में लाने की तैयारी का हिस्सा है। एफएमसीजी बिजनेस को अलग करने से रिटेल कंपनी का वैल्यूएशन (मूल्यांकन) बेहतर और स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड का वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर (करीब 8.5 लाख करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है, जो इसके आईपीओ को हाल के सबसे बड़े आईपीओ में से एक बना सकता है।

**कितना बड़ा है एफएमसीजी बिजनेस कौन से हैं ब्रांड्स:** रिलायंस का एफएमसीजी बिजनेस वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 11,500 करोड़ रुपये का था। इसमें 15 से ज्यादा घरेलू और खरीदे गए ब्रांड्स शामिल हैं, जैसे... एनसीएलटी के दस्तावेज के मुताबिक, एफएमसीजी बिजनेस को लगातार बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश (कैपिटल इन्वेस्टमेंट) की जरूरत होती है और यह एक अलग तरह के निवेशकों को अपनी ओर खींच सकता है। इसलिए, यह साफ किया गया है कि कंज्यूमर ब्रांड्स का बिजनेस, रिटेल बिजनेस का हिस्सा नहीं है और इसे सीधे रिलायंस की एक अलग सहायक कंपनी में रखने का प्रस्ताव है।

## अप्रैल-जून तिमाही में विदेशी फंड प्रवाह घटा, रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत लुढ़का

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते अप्रैल-जून 2025 के दौरान भारत में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश में गिरावट आई है। इसका मतलब है कि देश में रियल एस्टेट सेक्टर (जैसे मॉल, ऑफिस, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स आदि) में बड़े वित्तीय संस्थानों द्वारा किया जाने वाला निवेश पहले की तुलना में कम हो गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल-जून 2025 में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। पिछले साल इसी अवधि में यह 2.53 अरब था। इस गिरावट की मुख्य वजह विदेशी फंडिंग में लगभग 50 प्रतिशत की कमी रही, जो 2,046.8 मिलियन डॉलर से घटकर 1,048.4 मिलियन डॉलर रह गई।

### घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर हुई 34 प्रतिशत

हालांकि, घरेलू निवेशकों ने बाजार में भरोसा जताया और अप्रैल-जून तिमाही में 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 642.8 मिलियन डॉलर का निवेश किया। यह पिछले साल की समान अवधि में 486.5 मिलियन डॉलर था। कोलियर्स इंडिया के सीईओ, बादल याग्निक ने कहा कि घरेलू पूंजी अब भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक बनकर उभरी है। 2021 में कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। यह 2024 में बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश का हिस्सा कुल निवेश का 48 प्रतिशत रहा। इससे कुल निवेश 3 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच सका।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशक सतर्क बने रहे

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून 2025 के दौरान कुल संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 2,998.10 मिलियन अमरीकी डॉलर रहा। यह एक साल पहले इसी अवधि में 3,528.50 मिलियन अमरीकी डॉलर था। इस दौरान विदेशी निवेश 1,570.6 मिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल के 2,593.8 मिलियन डॉलर से काफी कम है। वैश्विक निवेशक उभरते व्यापक आर्थिक परिदृश्यों, ऋण प्रवाह और महंगाई के दबावों के बीच सतर्क बने हुए हैं। इसके विपरीत, घरेलू निवेशकों ने 1,427.5 मिलियन डॉलर का निवेश किया, जो कि 2024 की पहली छमाही के 934.7 मिलियन डॉलर की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि संस्थागत निवेश में फंडिंग के स्त्रोतों में फैमिली ऑफिसेज, विदेशी कंपनियां, विदेशी बैंक, पेंशन फंड्स, निजी इक्विटी, रियल एस्टेट डेवलपर्स फंड, विदेशी एनबीएफसी, सूचीबद्ध रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट और संप्रभु संपत्ति कोष शामिल हैं।

# प्रेम व भाईचारे से मनाएं मुहर्रम, सभी अपने स्तर से निभाएं उत्तरदायित्व : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** किसी भी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पलामू जिले का इतिहास का सुखद रहा है। मोहर्रम आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी अपने- अपने स्तर से रिस्पांसिबिलिटी निभाएं।

उक्त बातें पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने कही। वे गुरुवार को स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बोल रही थी। उन्होंने सिविल सर्जन को ऑन कॉल एम्बुलेंस तैयार रखने क निर्देश दिया। सहायक नगर आयुक्त को शहर में विशेष साफ-सफाई रखने को लेकर डेडीकेटेड टीम तैयार रखने की बात कही। उन्होंने टाउन थाना में फायर ब्रिगेड वाहन को रेडी टू यूज की स्थिति में रखने के निर्देश दिए। कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है।

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि शाम के समय जुलूस निकलेंगे। जुलूस समाप्ति के पश्चात ही बड़े वाहनों को जुलूस वाले मार्गों पर प्रवेश की अनुमति दें। हरिहरगंज रेला पाखी सतबरवा क्षेत्र में बड़े वाहनों को जुलूस के पहले ही क्षेत्र के बाहर रोक दें। एनएचएआई के निर्माण कार्य में बड़े वाहन रोक दें। जुलूस वाले मार्ग का सभी थाना प्रभारी स्वयं से निरीक्षण कर लें। सेंसिटिव प्रोसेशन की ड्रोन कैमरा से वीडियोग्राफी जरूर कराएं। संबंधित सभी अखाड़े वाले अपने 10 वॉलिंटियर के नाम मोबाइल नंबर के साथ थाना प्रभारी को उपलब्ध कारण साथ ही वालंटियर अपने मोबाइल




फोन को वाइब्रेशन मोड में रखें। कर्बला के पास महिला बल तैनात कर दी जाएगी छतरपुर में फायर गाड़ी उपलब्ध होगा।

उन्होंने सिविल सर्जन को थाना के पेट्रोलिंग वाहनों में फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी से फेक न्यूज शेयर करने से बचने की बात कही। सभी थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने को निर्देशित किया। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि प्रशासन आप सभी के प्रॉब्लम को सॉल्व करती है। प्रयास रहेगा कि नगर निगम की टीम के साथ बैठक कर शहर में साफ सफाई व सड़क पर बने गड्ढे को भरवाया जा सके। उन्होंने शहर में बिजली वायर की स्थिति को देखकर ताजिया को बेहतर ढंग से गुजरने की बात कही। कहा कि निश्चित रूप के अलावा किसी अन्य रूट से नहीं गुजरना है। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी समस्याओं को नोट किया गया है प्रशासन हर एक पॉइंट पर कार्य कर रही है। कनीराम चौक की समस्या को साल्व किया जा रहा है। सैनिटाइजिंग, एंक्रोचमेंट व गंदगी दूर करने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने अखाड़े को पूर्व निश्चित रूट से ताजिया निकालने का आह्वान किया।

शांति समिति की बैठक में विभिन्न मोहर्रम इंतजामिया कमिटी, विभिन्न अखाड़ा व शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखीं। साथ ही मांगों से डीसी- एसपी को अवगत कराया।

बैठक में उप समाहर्ता, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, विभिन्न मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदस्य, विभिन्न अखाड़ा कमिटी के प्रतिनिधियों समेत अन्य उपस्थित थे।

# पत्थर खदान व क्रशर संचालकों पर एनजीटी का कसा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत विशनपुर, प्रतापपुर, मानसिंहपुर, सिउलीडांगा, गणेशपुर सहित आसपास के गांवों में संचालित पत्थर खदान व क्रशरों में नियमों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।

पत्थर खदान व क्रशर मालिकों पर गाज गिरने की संभावना बढ़ गई है। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण) पूर्वी क्षेत्र कोलकाता ने एक जुलाई 2025 को सात मालिकों को नोटिस जारी किया है। चार सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद मालिकों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। अध्ययनरत एलएलबी छात्र महेंद्र प्रकाश सोरेन ने 22 अप्रैल 2025 को एनजीटी में पत्थर खदानों व क्रशरों में नियमों की अनदेखी की शिकायत की थी।

एनजीटी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 17 जून 2025 को केस रजिस्टर्ड किया। पहली जुलाई को सुनवाई के पश्चात संबंधित सात मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। एलएलबी छात्र ने संचालकों पर आरोप लगाया है कि ईसी और सीटीओ के अंतर्गत दिए गए अनिवार्य शर्तों को पूरा नहीं किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान एनजीटी ने एक तथ्य अन्वेषण समिति का गठन करने का भी निर्देश दिया है। इसमें डीसी या उनके प्रतिनिधि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ विज्ञानी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ विज्ञानी को शामिल करने का आदेश दिया है।

समिति के सदस्य संबंधित स्थल का दौरा करके जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान दोषी पाए जाने वाले मालिकों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए एनजीटी की तरफ से संचालकों को नोटिस भेज दिया गया है।

एलएलबी छात्र महेंद्र प्रकाश सोरेन ने एनजीटी में शिकायत किया है कि पत्थर खदान व क्रशर से पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। ईसी और सीटीओ का उल्लंघन हो रहा है। चारों ओर धूल उड़ रही है। कार्य स्थल के आसपास न तो चारदीवारी है और न ही पक्की सड़कें।

उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र विकसित नहीं हुआ है और नियमों की अनदेखी कर खुलेआम पत्थरों की ढुलाई हो रही है। दिन-रात विस्फोट की प्रक्रिया से पत्थर निकाला जा रहा है। पत्थर तोड़ने वाली इकाइयां गंभीर सांस संबंधी बीमारियों का कारण बन रही है। आरोप है कि आसपास के गांवों के लोगों को अस्थमा, त्वचा और आंखों में जलन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कृषि योग्य भूमि और आम रास्ते को भी बर्बाद कर दिया गया है।

# युवा जदयू के नेता पुत्र पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो के डिमना चौक पर दोपहर एक बजे शिवम कुमार को कई युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

वह युवा जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष का पुत्र है। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने पहले से घात लगाकर शिवम पर हमला कर दिया और लूटपाट का भी प्रयास किया।

एमजीएम थाना में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। एमजीएम थाना प्रभारी ने बताया कि युवकों के बीच मारपीट की घटना हुई, लेकिन इसकी लिखित शिकायत नहीं दी गई है। युवक के साथ उसके बस्ती के युवकों ने ही मारपीट की है।

वहीं, दूसरी ओर मानगो के आजादनगर थाना में जेबा अजीम ने ससुराल पक्ष पर पांच लाख रुपये

## पीड़ित ने दर्ज करायी प्राथमिकी

दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने, प्रताड़ित करने और गहना छीनकर रख लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी शादी मउभंडार निवासी एजाज अहमद से हुई थी। शादी के समय पिता ने दहेज में सबकुछ दिया था। बावजूद ससुराल पक्ष के लोग मानसिक और शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ित करने लगे।

पुत्री पैदा होने पर ससुराल वालों ने और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला की शिकायत पर आजादनगर थाना में एजाज अहमद, सास हसीना बानो, ससुर रेयाजुद्दीन, ननद साहिबा बानो, फुफी मीना और अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# श्री ज्वेलर्स फायरिंग कांड के गिरफ्तार अपराधियों का पुलिस ने कराया मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के प्रतिष्ठित आभूषण व्यवसायी श्री ज्वेलर्स के बाहर सात राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले उत्तम यादव गिरोह के सभी 9 अपराधियों को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें पूरे शहर में फ्लैग मार्च के रूप में घुमाया, ताकि आम जनता को यह संदेश दिया जा सके कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

इस दौरान पकड़े गए सभी अपराधियों को हथकड़ी पहनाकर भारी पुलिस सुरक्षा के बीच सड़क पर पैदल चलवाया गया। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया और प्रशंसा की।

मुख्य आरोपी उत्तम यादव ने इस




## सभी गिरफ्तार अपराधी हैं टीन एजर

फायरिंग की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के माध्यम से ली थी, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गिरोह के कुल 9 सदस्यों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में शक्ति गिरी उर्फ साइको टाइगर, मनीष यादव, मुकेश कुमार सोनी, राहुल कुमार वर्मा, शुभम अग्रवाल, गोलू कुमार, रवि रोशन, नीतीश कुमार एवं बादल कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है।

फायरिंग की घटना श्री ज्वेलर्स से लेवी की मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम दी गई थी।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व एसपी अंजनी अंजन और सदर एसडीपीओ अमित आनंद के निर्देश पर गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने किया। आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं और उनके खिलाफ कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

हजारीबाग पुलिस द्वारा इस तरह का सार्वजनिक फ्लैग मार्च रांची और धनबाद की तर्ज पर किया गया है, जिसका उद्देश्य अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को सशक्त करना है।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# इंटर स्टेट बस टर्मिनल की रूटें हुई तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आइएसबीटी) से खुलने वाले वाहन का रूट तय कर दिया गया है। देवघर-बांका सड़क मार्ग पर बाघमारा के पास यह टर्मिनल बना है। इंटर स्टेट बस टर्मिनल इस बार मेला में बहुत राहत देगा। यह बड़ा बस स्टॉप है। इंटर स्टेट की गाड़ियां यहीं से खुलेगी।आइएसबीटी बस स्टैण्ड देवघर से गिरीडीह और रांची की ओर से जाने वाली बस कोठिया मोड़ से दाहिने कनभटिया मोड़, दुम्मा के रास्ते रिखिया आश्रम से बाएं, टीओपी आठ से दाहिने माउण्ट लिटेरा स्कूल से जाएंगी।

इसके बाद सीधे मोहनपुर बाजार से दाएं होकर चोपा मोड़, हिण्डोलावरण से दाएं तपोवन। उजाला चौक से पुराना कुण्डा थाना मोड़ होते हुए हथगढ़ मोड़ से दाएं देवसंग, कोरियासा मोड़ होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जाएगी।

सारठ-सारठ से बस टर्मिनल आने के लिए हथगढ़ मोड़ से दाएं देवसंघ होते हुए कोरियासा मोड़, रोहिणी बाजार होते हुए रोहिणी शहीद द्वार से बाएं जसीडीह, चकाई मोड़, टाभाघाट मोड़ से दाएं कुमैठा स्टेडियम होते हुए देवपुरा, कोठिया होते हुए आइएसबीटी बस पड़ाव तक जाएगी।

बस स्टैण्ड देवघर से सारठ-सारवां की ओर से जाने वाली बसें कोठिया मोड़ से दाएं कनभाटिया मोड़, दुम्मा के रास्ते रिखिया आश्रम से बाएं, टीओपी आठ से दाहिने माउण्ट लिटेरा स्कूल होकर जाएंगी। इसके बाद सीधे मोहनपुर बाजार से दाहिने चोपामोड़, हिण्डोलावरण से दाएं तपोवन, उजाला चौक से पुराना कुण्डा थाना मोड़ होते गन्तव्य की ओर जाएगी।दर्दमारा बार्डर, देवपुरा और कोठिया होते हुए बस स्टैंड तक आएगी। बस स्टैण्ड देवघर से बिहार, सुल्तानगंज की ओर जाने वाली बसें आइएसबीटी बस स्टैण्ड देवघर से कोठिया, देवपुरा, दर्दमारा बार्डर होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जाएंगी।

# डॉ. फरहाना बनी चौपारण की नई चिकित्सा प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** गुरुवार को जिला स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,चौपारण में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। भ्रष्टाचार के आरोप में एसीबी द्वारा रंगेहाथ पकड़े गए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सतीश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. फरहाना महफुज को नया प्रभारी बनाया है। उन्होंने गुरुवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया।

बता दें डॉ. सतीश कुमार को बीते कुछ दिन पहले सप्ताह एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने तीन हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। मामले की पुष्टि होते ही उन्हें जेल भेज दिया गया और विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया।

नवप्रभारी डॉ. फरहाना ने कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अस्पताल की छवि में सुधार हो और मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि वे सभी स्वास्थ्यकर्मियों और सहयोगी स्टाफ को साथ लेकर पारदर्शी और जिम्मेदार प्रणाली विकसित करेंगी।

झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित है अस्पताल, आए दिन होते हैं हादसे चौपारण सीएचसी की महत्ता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह झारखंड-बिहार सीमा के समीप स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे होने के कारण यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्राथमिक इलाज के लिए यहीं लाया जाता है। सीमित संसाधनों के बावजूद डॉक्टर और स्टाफ लगातार सेवाएं देते रहे हैं।

स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अहम स्थानीय स्तर पर यह मांग भी उठी है कि अस्पताल प्रबंधन को केवल प्रभारी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि समस्त चिकित्साकर्मी और




कर्मचारी मिलकर अस्पताल की कार्यशैली को दुरुस्त करें। डॉ. फरहाना ने इस दिशा में सहयोगात्मक और अनुशासित वातावरण बनाने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से चौपारण अस्पताल में अव्यवस्था और लापरवाही की शिकायतें मिलती रही हैं। अब जबकि नया नेतृत्व आया है,लोगों को उम्मीद है कि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी और अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर लगाम लगेगा।

# बैंड की धुन पर नवांगतुक छात्राओं का हुआ स्वागत

## अभिभावकों संग हुई बैठक में दी गई विद्यालय के नियमों की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, विष्णुगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवांगतुक छात्राओं का बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कक्षा 6, 7 और 9 में नामांकित लगभग 50 छात्राओं का विद्यालय परिसर में गुलाल लगाकर और शुभकामनाएं देकर स्वागत किया गया।

वार्डेन ज्योति वर्मा ने जानकारी दी कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे। नवांगतुक छात्राओं के आने का क्रम देर संध्या तक चलता रहा।

विद्यालय में प्रवेश के उपरांत एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवांगतुक छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय के नियमों, छात्रावास की व्यवस्था, पठन-पाठन की सुविधाओं, अवकाश प्रक्रिया और समस्या समाधान प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई।

वार्डेन ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या असुविधा होने पर तत्काल वार्डेन को सूचित करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका लीलावती कुमारी, प्रमिला टोप्पो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। इस आयोजन ने विद्यालय के सौहार्दपूर्ण और अनुशासित वातावरण की स्पष्ट झलक दी।

# दुबई में फंसे झारखंड के मजदूरों को मिली राहत

## अप्रैल की मजदूरी का भुगतान, जल्द होगी वतन वापसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** दुबई में फंसे झारखंड के 15 प्रवासी मजदूरों को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अप्रैल महीने की मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है, और बाकी बकाया मजदूरी जल्द ही दी जाएगी। साथ ही सभी मजदूरों की भारत वापसी की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। मजदूरों ने राहत की सांस लेते हुए समाजसेवी सिकंदर अली, मीडिया बंधुओं और सभी मददगारों का आभार जताया है, जिनके प्रयासों से यह मदद संभव हो सकी।

गौरतलब है कि ये मजदूर पिछले कई महीनों से दुबई में फंसे थे और उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी व्यथा साझा करते हुए सरकार से सहायता की गुहार लगाई थी।

फंसे हुए मजदूरों में हजारीबाग जिले के चुरामन महतो, चंद्रिका महतो, कैलाश महतो, बिशुन महतो, जगन्नाथ सिंह, लखन सिंह, सुखदेव सिंह, अर्जुन महतो, त्रिलोकी महतो और बालेश्वर महतो शामिल हैं।

वहीं गिरिडीह जिले से बैजनाथ महतो, महेंद्र महतो, सीताराम महतो और मूरत महतो तथा धनबाद जिले से संजय कुमार महतो भी दुबई में फंसे हुए थे।

सभी मजदूरों को अब जल्द ही वतन वापसी की उम्मीद है।

# ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस में प्रतिभा सम्मान समारोह

## टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़। प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया, विष्णुगढ़ के समीप स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के सभागार हॉल में वर्ष 2025 में इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के लिए प्रखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सह करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और संस्थान के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत गीत की प्रस्तुति बारहवीं की छात्रा खुशबू कुमारी ने दी और अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह छात्रों को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और साहस




प्रदान करता है, जिससे वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने घोषणा की कि मैट्रिक में 90% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णुगढ़ के युवा नेता महेंद्र कुमार महतो और प्रवासी मजदूरों के हितैषी व समाजसेवी सिकंदर अली उपस्थित रहे। महेंद्र कुमार महतो ने शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए संस्थान के टॉपर छात्रों को हर वर्ष 1100 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

विशिष्ट अतिथियों में विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के प्रोफेसर संजय कुमार कुशवाहा, संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो और आदर्श पब्लिक स्कूल, नरकी के निदेशक डिलेश्वर महतो शामिल थे।

प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार भी जरूरी हैं, वहीं डिलेश्वर महतो ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है, जिससे सही दिशा में प्रगति की जा सके। इस समारोह में कई मेधावी छात्रों को मेडल, ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और कलम देकर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से: पल्स टू हाई स्कूल विष्णुगढ़ के टॉपर सह संस्थान के टॉपर अब्दुल हाशमी अंसारी (87.2%) मद्रास में अध्ययनरत रमेश हेमरेम्ब,मैट्रिक टॉपर संजना कुमारी (94%), गोविंदपुर तथा अन्य सम्मानित छात्र-छात्राएं विवेक कुमार, दिलीप कुमार, विकास कुमार, पूजा कुमारी, चांदनी कुमारी, नेहा कुमारी, पायल कुमारी, आर्यन कुमार, सुमन कुमारी, स्मृति सुमन, कंचन कुमारी, सुसमा कुमारी, रूपा कुमारी, सूरज कुमार, उर्मिला कुमारी, ममता कुमारी, अजय कुमार, मौसम कुमार, प्रियंका कुमारी आदि।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षकगण–इंजीनियर राजेश कुमार महतो, अजय कुमार, इंजीनियर बालमुकुंद दास, सुरेश कुमार महतो, प्रेमचंद महतो, लखन महतो समेत 11वीं व 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं की सराहनीय भूमिका रही। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए सम्मान का अवसर बना, बल्कि करियर के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी तय की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### झारखंड में इन्फ्रास्ट्रक्चर...

कि राज्य के 19 आकांक्षी जिलों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ा जा चुका है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद बीडी राम, चतरा संसाद कालीचरण सिह, भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दक्षिण पूर्व रेलवे की...

होगी और इसे 224.44 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। प्रस्तावित परियोजना खड़गपुर स्टेशन के निकट है, जो कि हावड़ा-मुंबई एवं हावड़ा-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। कलाईकुंडा-निमपुरा वेस्ट आउटर-गोकुलपुर के बीच यह नई कनेक्टिविटी बनने से इस खंड की वर्तमान क्षमता में वृद्धि होगी और इससे ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. एसएनटी_ई_निविदा_एडीए_25_26_04,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : आद्रा मंडल के तहत विभिन्न स्थानों पर फ्यूज ऑटो चेंजओवर सिस्टम (एफएसीएस) का प्रावधान । **निविदा मूल्य:** रु. 2,14,71,388.65, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 22.07.2025 को 11.00 बजे है। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (PR-350)

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-लोको_ईक्यूपी_क्लीन-07/टीएन, दिनांक 02.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.), बोकारो स्टील सिटी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-लोको_ईक्यूपी_क्लीन-07 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, बोकारो में लोकोमोटिव और लोको इक्विपमेंट की सफाई और विविध रखरखाव। **अवधि:** 24 माह। **अनुमानित मूल्य:** रु.3,53,87,866.76, **बयाना राशि:** रु. 3,26,900/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** रु.11,800/-, निविदा कागजात आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि/समय:** दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी भरोसेमंद, अनुभवी और इच्छुक निविदाकार इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। (PR-353)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/683, दिनांक: 02.07.2025.** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3412-आर; कार्य का नाम:** (1) हावड़ा - बर्द्धमान मुख्य लाइन के लिलुआ स्टेशन पर पुराने रूट रिले इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलने के लिए साधारण विद्युत कार्य। (2) सेवड़ाफूली स्टेशन पर पुराने और पुराने पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए साधारण विद्युत कार्य; **निविदा मूल्य:** रु.82,48,636.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु.1,65,000.00; **क्रम सं. 2; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3305-आर; कार्य का नाम:** "एईएन/डीकेएई के अनुभाग में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर बीआर सं. 89 के उन्मूलन के लिए शिबाईचंडी में सड़क के नीचे पुलों के निर्माण" के संबंध में साधारण विद्युत कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 8,62,521.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 17,300.00; **समापन अवधि :** सभी निविदाओं के लिए 180 दिन; **समापन तिथि एवं समय:** 23.07.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर खूली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-172/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पुलिस एंड फायर गेम्स 2025:

# गुरुप्रसाद ने मनवाया भारतीय पुलिस का लोहा, गोल्ड के साथ जीता ब्रॉन्ज



**कर्नाटक, एजेंसी।** कर्नाटक के तुमकुरु जिला पुलिस विभाग के एथलीट गुरुप्रसाद ने अमेरिका में भारतीय पुलिस का लोहा मनवाया है। गुरुप्रसाद ने अलबामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 के 21वें संस्करण में स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किए। भारतीय पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, गुरुप्रसाद ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में स्वर्ण और 5 किलोमीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। गुरुप्रसाद वर्तमान में तुमकुरु शहर के तिलक पार्क पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 का आयोजन 27 जून से 6 जुलाई के बीच अमेरिका में हो रहा है, जो एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है। इसमें विश्व के अलग-अलग देशों के हजारों एथलीट हिस्सा लेते हैं, जिनमें लॉ-एनफोर्समेंट, फायरफाइटर्स और करेक्शन, प्रोबेशन, बॉर्डर प्रोटेक्शन, इमिग्रेशन और कस्टम के अधिकारी होते हैं।

खेलों का आयोजन हर दो साल में एक बार किया जाता है। आमतौर पर आधिकारिक खेल कार्यक्रम में 60 से अधिक खेल शामिल होते हैं। इन खेलों का संचालन कैलिफोर्निया पुलिस एथलेटिक फेडरेशन (सीपीएएफ), मेजबान शहर और डब्ल्यूपीएफजी निदेशक मंडल करते हैं। पहली बार वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स साल 1985 में सैन जोस (कैलिफोर्निया) में आयोजित किया गया था। अब तक इसका आयोजन अमेरिका सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, उत्तरी आयरलैंड, स्पेन और स्वीडन में किया जा चुका है। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स (डब्ल्यूपीएफजी) का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर कैलिफोर्निया पुलिस गेम्स की ही तरह खेलों की समान विविधता, उच्च स्तरीय स्टेडियम, कुशल अधिकारी और बेहतरीन एथलेटिक प्रदर्शन प्रदान करना है।

डब्ल्यूपीएफजी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। इसमें हिस्सा लेने वाले देशों की संख्या के साथ-साथ उपस्थिति भी लगातार बढ़ रही है। हालांकि, इसमें औसतन लगभग 9,000 एथलीट हिस्सा लेते हैं, लेकिन 2011 में न्यूयॉर्क में आयोजित डब्ल्यूपीएफजी ने अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी का रिकॉर्ड बनाया था, जिसमें करीब 70 देशों से आए 16,000 से अधिक एथलीट्स ने 67 खेलों में प्रतिस्पर्धा की थी।

# वैभव के तूफान में उड़ा इंग्लैंड

## छक्कों की बारिश की

## शतक से चूके पर बना दिया महा-रिकॉर्ड



**नॉर्थैम्पटन, एजेंसी।** वैभव ने 31 गेंद में 86 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 277.42 का रहा। वैभव शतक से चूक गए। एक तरफ जहां एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच जारी है, वहीं दूसरी तरफ बुधवार को भारतीय अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 टीम के बीच वनडे मुकाबला भी खेला गया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम पर भारत के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी कहर बनकर टूटे। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली, जिसका इंग्लिश टीम के पास कोई जवाब नहीं था। वह शतक से चूक गए, लेकिन छक्कों की बारिश से उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए। आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला पांच जुलाई को वॉर्सेस्टर में खेला जाएगा।

### वैभव ने 31 गेंद में 86 रन बनाए

दरअसल, बारिश की वजह से मैच को 40-40 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 40 ओवर में छह विकेट पर 268 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव ने 31 गेंद में 86 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 277.42 का रहा। वैभव शतक से चूक गए। उन्हें एलेक्जेंडर वेड ने जोसेफ मूर्स के हाथों कैच कराया। हालांकि, नौ छक्के लगाते ही वैभव के नाम रिकॉर्ड जुड़ गया। अंडर-19 यूथ वनडे के किसी एक मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का भारतीय रिकॉर्ड वैभव से पहले राज बावा के नाम था। उन्होंने 2022 में युगांडा के खिलाफ ऐसा किया था।

### इंग्लैंड दौरे पर वैभव का अब तक प्रदर्शन

वैभव अब तक इस दौरे पर तीन पारियों में 59.67 की औसत और 213.10 के स्ट्राइक रेट से 179 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 14 चौके और 17 छक्के लगाए हैं। वैभव फिलहाल थॉमस रियू के बाद इस दौरे पर सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। रियू ने तीन पारियों में 212 रन बनाए हैं। वैभव ने दौरे के पहले मैच में 19 गेंद में तीन चौके और पांच छक्के की मदद से 48 रन की पारी खेली थी। वहीं, दूसरे वनडे में उन्होंने 34 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 45 रन बनाए थे। 14 साल के वैभव आईपीएल 2025 में शतक लगाकर सुर्खियों में आए थे। वह लीग में ऐसा करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए थे। उन्होंने 35 गेंद पर शतक पूरा किया था जो कि किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज है।

# बदले की आग में जल रहे रोमन रेंस

## इस इवेंट में करेंगे वापसी, इन रेसलर्स की कुटाई तय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के दर्शक रोमन रेंस को लेकर काफी उत्साहित हैं। अप्रैल में रेसलमेनिया 41 के बाद से वे टेलीविजन पर नहीं दिखे हैं। उस समय सैथ रॉलिंस और ब्रॉन ब्रेककर ने उन पर हमला किया था। पॉल हेमैन ने भी उन्हें धोखा दिया था। उस एपिसोड में सैथ रॉलिंस और ब्रॉन ब्रेककर ने उन पर हमला किया था। पॉल हेमैन ने भी रोमन रेंस को धोखा दिया था। इस घटना के बाद से ही रोमन रेंस के फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

**समरस्लैम में नहीं होगी वापसी** - डब्ल्यूडब्ल्यूई के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो रोमन रेंस जल्द ही वापसी कर सकते हैं। यह भी बताया है कि उनका नाम आंतरिक दस्तावेजों में है। इससे पता चलता है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई उनके लिए कुछ बड़ा प्लान कर रहा है। हालांकि, रोमन रेंस समरस्लैम में वापसी नहीं करेंगे।

# डीपीएल की नीलामी से पहले पुरानी दिल्ली 6 ने उठाया बड़ा कदम, ऋषभ पंत को किया रिटेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग के 2024 संस्करण के सेमीफाइनलिस्ट पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को आगामी सीजन के लिए रिटेन करने की घोषणा की है। पंत को मार्की खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया, पूरे लीग चरण में ठोस प्रदर्शन किया। हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में उनका सफर छोटा हो गया क्योंकि सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।

पंत के टीम में बने रहने से उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक प्रतिस्पर्धी इकाई बनाएगी। पंत के बारे में बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, 'ऋषभ पंत न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। हम उनके ईद-गिर्द



एक मजबूत टीम बना रहे हैं और हमें इस साल जीत का पूरा भरोसा है।

अपनी खुशी जाहिर करते हुए पंत ने कहा, 'डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। डीपीएल द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के माध्यम से देश भर के कई खिलाड़ी उभरे और विकसित हुए हैं, जैसे कि दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य और अन्य। उन्होंने कहा, 'पुरानी दिल्ली 6 वास्तव में घर जैसा लगता है, दिल्ली के प्रशंसकों की जीवंत ऊर्जा और जीतने की बेजोड़ भूख से भरपूर। पिछले साल एक आशाजनक सीजन के बाद, सफल होने का हमारा दृढ़ संकल्प और भी बढ़ गया है और हम इस साल और भी मजबूती से वापसी करने के लिए आशावादी हैं।

महिला एशियाई कप क्वालीफायर

# भारत ने इराक को 5-0 से हराया

**चियांग माइ, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इराक पर जीत दर्ज की। बुधवार को चियांग माइ स्टेडियम की



700वीं वर्षगांठ पर भारत ने इराक को 5-0 से हराया।

पहले हाफ में संगीता बासफोर और मनीषा ने भारत की स्थिति मजबूत कर दी। वहीं, दूसरे हाफ में कार्तिका अंगमुथु, फंजौबाम निर्मला देवी और नोंगमाईथेम रतनबाला देवी ने गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने अब तक तीन मैचों में 22 गोल दागे हैं, जबकि एक भी गोल भारतीय टीम के खिलाफ नहीं हुआ है। भारतीय टीम तीनों मैच जीती है। भारतीय टीम ग्रुप बी में 9 अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं, थाईलैंड दूसरे स्थान पर है। 5 जुलाई को भारत-थाईलैंड के बीच मैच होगा। मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद इराक के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरी भारतीय टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

टीम ने इराकी डिफेंस को भेदने के लिए शानदार ड्रिब्लिंग का इस्तेमाल किया। वहीं, मिडफील्डर्स ने पासिंग और त्वरित बदलावों के साथ गति को नियंत्रित किया। ब्रेक के समय 2-0 से पीछे चल रहे इराक ने एक बदलाव किया और अलजेबारी की जगह फैजा महमूद को मैदान में उतारा। लेकिन भारत की बढ़त बरकरार रही।

दूसरे हाफ में बमुश्किल तीन मिनट ही हुए थे कि कार्तिका अंगमुथु ने 25 गज की दूरी से एक शानदार शॉट लगाया, जो गोल में बदल गया। भारत की तरफ से चौथा गोल 68वें मिनट में निर्मला देवी ने किया। जबकि, 5वां गोल 80वें मिनट में रतनबाला देवी ने किया।

# रोनाल्डो के साथी खिलाड़ी की मौत, 2 हफ्ते पहले बचपन की प्रेमिका से रचाई थी शादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल के स्टार डिओगो जोटा की 28 साल की उम्र में गुरुवार (3 जून) को नॉर्थ स्पेन में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी लेम्बोर्गिनी के सड़क से फिसलने से हादसा हुआ। उन्होंने अपनी बचपन की प्रेमिका से दो हफ्ते पहले ही शादी की थी। कार में पुर्तगाल के फॉरवर्ड के साथी फुटबॉलर और भाई आंद्रे सिल्वा भी थे। 26 वर्षीय आंद्रे की भी दुर्घटना में मौत हो गई। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेले हैं। वह 2019 और 2025 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में यूईएफए नेशंस लीग जीतने वाली पुर्तगाली टीम का हिस्सा भी रहे। वहीं,सिल्वा निचले डिवीजनों में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेले हैं। रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि वलाडोलिड से 70 मील पश्चिम में ए-52 पर ओवरटेक करते समय लेम्बोर्गिनी का टायर फट गया।



विश्व मुक्केबाजी कप

# मीनाक्षी और पूजा रानी ने भारत के लिए पदक सुनिश्चित

**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी दल ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रही विश्व मुक्केबाजी कप में दो पदक सुनिश्चित कर दिया हैं। मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने देश के लिए पदक सुनिश्चित किया है।

मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की गुओ यी-जुआन के खिलाफ शानदार और प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारतीय मुक्केबाज ने अपने तीखे फुटवर्क, सटीक मुक्के और रिंग में अपनी शानदार जागरूकता दिखाते हुए 5-0 के साथ सर्वसम्मत जीत हासिल की। मुकाबले की गति को नियंत्रित करने तथा दूरी से स्पष्ट रूप से अंक प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने निर्णायकों को किसी भी प्रकार के संदेह से मुक्त रखा। उन्होंने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया और इसके साथ ही अपने लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। भारत की सबसे अनुभवी मुक्केबाजों में से एक पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में स्थानीय गुलसाया येरजान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल जैसे कड़े और अहम मुकाबले में पूजा ने आक्रामकता और नियंत्रण



का मिश्रण करते हुए 4-1 के विभाजित निर्णय के जरिए जीत हासिल की। इस मुकाबले में पूजा ने शुरुआती दौर में दबाव झेला, लेकिन बाद के चरणों में निर्णायक पंच जड़े। आखिरी समय में उनके जोरदार पंच ही उनकी जीत का कारण बने। इस जीत के साथ, उन्होंने पोडियम फिनिश हासिल किया और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचकर इसे स्वर्ण में बदलने की कोशिश करेंगी।

इससे पहले, अनामिका (51 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने तुर्की की आयसेन तस्किन को हराया, जिससे इस भार वर्ग में भारतीय की उम्मीदें जीवित हैं।

पुरुषों की ओर से जदुमणि सिंह ने फिलीपींस के जे. ब्रायन बारिकुआत्रो के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में बहादुरी से मुकाबला किया। जोशीले प्रयास के बावजूद जदुमणि बहुत कम अंतर से हार गए और कड़े मुकाबले के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



# 13 छक्के अश्विन ने 48 गेंदों पर मचाया

## सबसे बड़ी पारी खेलकर टीम को टीएनपीएल के क्वालिफायर 2 में पहुंचाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाह भाई वाह. मान गए अश्विन. निभा दी टीएनपीएल 2025 में अपनी टीम डिंडीगुल के लिए सबसे बड़ी भूमिका. ये हुई ना कप्तानों वाली बात. कहते हैं जब मंच बड़ा होता है, तभी परफॉर्मेन्स देने का भी मजा होता है. अश्विन ने भी उसी बड़े मंच का फायदा उठाया है. टीएनपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच जैसे बड़े मौके पर कप्तान होने के नाते उन्होंने अपनी टीम को वाकई फ्रंट से लीड किया है. जब पहले उन्होंने ऐसे गेंद से किया तो हैरानी नहीं हुई क्योंकि उसके तो वो मास्टर हैं ही. लेकिन जो बल्ले से उन्होंने तूफान मचाया, उस देखकर भइया सचमें मजा आ गया.

**बल्ले से पहले अश्विन ने गेंद से बरपाया कहर** - अश्विन ने टीएनपीएल 2025 में अपनी सबसे बड़ी पारी खेली है. वो भी सिर्फ 48 गेंदों का सामना करते हुए. हालांकि, इस पारी की बात करें उससे पहले जरा अश्विन के गेंद से मचाए गदर के बारे में जान लीजिए. टीएनपीएल 2025 में 2 जुलाई को डिंडीगुल और चोलाज के बीच एलिमिनेटर मैच खेला गया. इस मैच में ट्रिची ग्रैंड चोलाज ने पहले बैटिंग की. मगर वो 20 ओवर में 150 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके. ऐसा इसलिए क्योंकि अश्विन की कमान में डिंडीगुल के गेंदबाजों ने उन पर नकेल कसे रखी. चोलाज ने 20 ओवर में 9 विकेट पर सिर्फ 140 रन बनाए. इन 9 विकेटों में 3 विकेट अकेले कप्तान अश्विन के रहे. उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देते हुए ये 3 विकेट लिए और मैच में अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे. टीएनपीएल 2025 में अश्विन का ये दूसरा बेस्ट बॉलिंग फीगर है. इससे पहले वो 22 रन देकर भी 3 विकेट ले चुके हैं.

**13 छक्के बल्ले से 48 गेंदों में मचाया तूफान** - अब मैच बड़ा था. मामला एलिमिनेट होने या फिर फाइनल की ओर कदम बढ़ाने से जुड़ा था. तो ऐसे में भला अश्विन सिर्फ गेंद से कहर बरपाकर कहां मानने वाले थे. ऐसे में जब 141 रन का लक्ष्य मिला तो उसे चेज करने के दौरान अश्विन ने अपने बल्ले का जौहर भी खूब दिखाया. अश्विन ने डिंडीगुल के लिए पारी की शुरुआत की और सिर्फ 48 गेंदों में ही इतने रन ठोक दिए कि ये इनिंग टीएनपीएल 2025 में उनकी सबसे बड़ी पारी की वजह बन गई.

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ थे केजरीवाल! सिरसा ने कौन सी नई बात बताई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और मंत्रियों मंजिंदर सिंह सिरसा तथा परवेश वर्मा के साथ वन महोत्सव 2025 समारोह में भाग लिया। इस दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिरसा ने बताया कि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ थे। सिरसा ने केजरीवाल के खिलाफ होने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली वन महोत्सव 2025 राजधानी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अरविंद केजरीवाल के एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ होने का दावा करते हुए सिरसा ने बताया कि जब पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम शुरू किया था, तब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे खारिज कर दिया था क्योंकि इसे पीएम मोदी ने शुरू किया था। इस वजह से दिल्ली को बहुत नुकसान हुआ। सिरसा ने आगे बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अब इसकी भरपाई कर रही हैं। दिल्ली तभी विकसित होगी जब दिल्ली हरी-भरी होगी। जब दिल्ली के लोग स्वच्छ हवा में सांस ले पाएंगे। आज एक बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। इस दिन से दिल्ली में 70 लाख पेड़ लगाने की शुरुआत हो रही है। दिल्ली का हर व्यक्ति इसमें भाग लेगा।

### ट्रेन से 17 दिन में रामायण यात्रा करने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईआरसीटीसी की ओर से भारत गौरव डिलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन 25 जुलाई को किया जाएगा। सफदरजंग स्टेशन से चलने वाली यह गाड़ी 17 दिनों में रामायण यात्रा कराकर वापस दिल्ली लौटेगी। सफर में यात्रियों को अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी, रामेश्वरम आदि स्थानों की यात्रा कराई जाएगी। यात्री इस गाड़ी में दिल्ली के अलावा गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ से भी सवार हो सकेंगे। यह गाड़ी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रेन में दो रेस्तरां, एक मॉडर्न किचन, शॉवर क्यूबिकल, फुट मसाजर आदि हैं। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी मौजूद हैं। यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं। इसमें प्रथम एसी, द्वितीय एसी और तृतीय एसी की कुल 150 सीटें उपलब्ध हैं। 17 दिनों में कुल 7600 किलोमीटर की यात्रा यह गाड़ी करेगी। इसमें तृतीय एसी के लिए 1.18 लाख, द्वितीय एसी के लिए 1.40 लाख और प्रथम एसी के लिए 1.66 लाख रुपये का टिकट है। यात्रियों को होटल में ठहराने और खाने के खर्च का वहन भी इस पैकेज में शामिल है।

### इंटरव्यू में शख्स ने सबसे लूटी वाहवाही

**नई दिल्ली।** एक भारतीय स्टार्टअप के मालिक ने हाल ही में एक होनहार उम्मीदवार को दी गई 22 लाख रुपये सालाना की नौकरी का ऑफर वापस ले लिया। वजह? उम्मीदवार की लिंक्डइन पर की गई ऐसी टिप्पणियां, जो धार्मिक समुदायों के खिलाफ थीं। जॉबी के संस्थापक मोहम्मद अहमद भाटी ने कहा कि हुनर से ज्यादा उनके लिए इज्जत और इंसानियत मायने रखती है। इस फैसले ने सोशल मीडिया पर एक नए बहस को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया पर जहां कुछ लोग तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ इसे कैंसिल कल्चर का नाम दे रहे हैं। मोहम्मद अहमद भाटी ने लिंक्डइन पर बताया कि उनकी कंपनी जॉबी ने एक रेडिट पोस्ट के बाद 12,000 आवेदनों में से 450 इंटरव्यू किए, मगर कोई सिलेक्ट नहीं हुआ। इसी दौरान एक उम्मीदवार ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया। लेकिन, आखिरी बैकग्राउंड चेक में उम्मीदवार की धार्मिक समुदायों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां सामने आईं, जिसके बाद ऑफर रद कर दिया गया। भाटी ने लिंक्डइन पर लिखा, हम इंटरव्यू से इतने प्रभावित हुए कि बजट से ज्यादा का ऑफर देने को तैयार थे।

# टॉयलेट तक साफ नहीं और आप ओलंपिक कराएंगे; बुरी तरह भड़क गया दिल्ली हाई कोर्ट?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव में उदासीनता और असंवेदनशीलता दिखाने के लिए नगर निकायों की आलोचना की। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और तुषार राव गेडेला की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा,हम ओलंपिक की मेजबानी का दावा कर रहे हैं, और हमारे शहर में साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालय भी नहीं हैं। उन्होंने सार्वजनिक सुविधाओं की स्थिति को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

अदालत ने कहा कि नगर निकायों और विकास एजेंसियों जैसे कि ख्श्र्व,ष्ठ और ह्लख्ह्य ने सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव के मामले में पूरी तरह से उदासीनता,असंवेदनशीलता और यहां तक कि कर्तव्य की उपेक्षा दिखाई है। इन एजेंसियों को बार-बार यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि कानून के तहत पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हाई कोर्ट ने जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी नामक एक पंजीकृत हलह्न की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में नगर अधिकारियों को शहर में स्वच्छ पानी और बिजली के साथ साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की गई थी। पिछली सुनवाई के निर्देशों के बाद,अधिकारियों ने इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की।

हालांकि,याचिकाकर्ता के वकील ने कुछ सार्वजनिक शौचालयों की ताज़ा स्थिति का हवाला दिया,जिसके बाद अदालत ने अधिकारियों द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की कमी दर्ज की। अदालत ने कहा,आखिरकार,नगर निकाय और विकास एजेंसियां विधानमंडल द्वारा आम जनता के लाभ के लिए बनाई गई हैं और वे जनता के पैसे से काम करती हैं।

पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शौचालयों की हालत देखकर दुख होता है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लगता है कि शहर में हर जगह शौचालयों की स्थिति बेहतर नहीं है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखने वाले अधिकारी कभी उनका उपयोग करते हैं,यह बताते हुए कि यदि उन्हें मजबूरन इनका उपयोग करना पड़े,तो ये सुविधाएं तुरंत चकाचक साफ हो जाएंगी। पीठ ने आगे कहा,शहर में उपलब्ध सार्वजनिक सुविधाओं की ऐसी स्थिति को देखते हुए,महिलाओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वे स्वाभाविक कारणों से और बढ़ जाती हैं। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर तक ले जाने का आदेश दिया गया। साथ ही,उन्हें अपने-अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्रों में व्यक्तिगत व्यापक योजनाएं तैयार करने का भी निर्देश दिया गया। पीठ ने कहा कि यह योजना एक उचित विशेषज्ञ अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए,जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सिफारिशें की जानी चाहिए कि सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं उपयोग करने योग्य बनी रहें। इसने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सार्वजनिक सुविधाएं ठीक से काम करें।

## दिल्ली स्टेशन बना किडनैपिंग का अड्डा, तीन लेडी चोर बनाती थीं मासूमों का शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, जहां हर दिन हजारों लोग आते-जाते हैं, वह तीन महिलाओं के लिए किडनैपिंग का खतरनाक अड्डा बन गया। तीनों महिलाएं अलग-अलग बैकग्राउंड की हैं। एक नर्स, एक प्रवासी नागरिक और एक अकाउंटेंट। लेकिन जुर्म की दुनिया ने तीनों को एक ही रास्ते पर खड़ा कर दिया। ये महिलाएं भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर मासूम बच्चों को निशाना बनाती थीं। ये प्लेटफॉर्म से बच्चों को उठातीं और फिर बेच देतीं।

35 साल की आरती, जिसका असली नाम रजिना कोटी था, पश्चिम बंगाल के बर्धमान से फरीदाबाद पहुंची थी। 18 साल की उम्र में शादी, दो बच्चे और एक हिंसक पति से तंग आकर 2017 में उसने घर छोड़ दिया। फरीदाबाद में उसकी मुलाकात 28 साल के मजदूर सूरज सिंह से हुई, जिससे उसने शादी कर ली। लेकिन आर्थिक तंगी ने उसे अपराध की राह पर धकेल दिया।

वहीं 45 साल की कांता भुजेल, जो खुद को डॉ. प्रिया कहकर नर्स की आड़ में क्लिनिक चलाती थी और 32 साल की निर्मला नेम्मी, जो दिल्ली में वकीलों के लिए अकाउंटेंट थी, इस रैकेट की अहम कड़ी थीं। तीनों ने मिलकर एक ऐसा जाल बुना, जिसमें मासूम बच्चे फंसते चले गए। 31 जुलाई 2023 को आरती ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास सो रहे एक तीन साल के बच्चे को उठा लिया। उसे दो दिन तक फरीदाबाद में अपने घर में रखा, लेकिन जब कांता ने खरीदार न मिलने की बात कही, तो आरती घबरा गई। उसने बच्चे को फरीदाबाद के एक टोल प्लाजा के पास छोड़ दिया। हरियाणा पुलिस ने बच्चे को ढूंढकर उसके परिवार तक पहुंचाया, लेकिन तब तक किडनैपर्स का कोई सुराग नहीं था। 17 अक्टूबर 2024 को आरती फिर स्टेशन पहुंची। इस बार उसने ढाई साल के एक बच्चे को उसकी मां के पास से सोते हुए उठाया। निर्मला की मदद से उसने और सूरज ने खुद को बच्चे के माता-पिता बताकर उसे गाजियाबाद के एक दंपति को बेच दिया, जो बेटा चाहता था। जाली कागजात बनाए गए और 3 लाख रुपये में सौदा हुआ, जिसमें से 1.2 लाख रुपये आरती और सूरज को मिले।

## दिल्ली में मां-बेटे की गला काटकर हत्या, गिरफ्तार नौकर बोला- मालकिन ने डांटा था

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के लाजपत नगर में एक महिला और उनके बेटे की घर में गला कटी हुई लाश मिली है। इस घटना के बाद से घर का नौकर लापता है। पति ने घर पर फोन ना रिसीव होने और सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिलने के बाद पुलिस को बताया। यहां पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो दोनों की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने महिला के घर में काम करने वाले नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हत्या नौकर ने ही की है।

पिता ने घर पर कॉल किया और किसी ने कॉल नहीं रिसीव की। फिर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंची तो पहले दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब ना आने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। जब अंदर जाकर देखा तो मां और उनके बेटे की गला कटी हुई लाश पड़ी थी। बेटे का शव बाथरूम में पड़ा मिला और मां का शव बेडरूम में। इस घटना के बाद घर में खून ही खून बिखरा पड़ा था।

इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने घर के नौकर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, महिला ने नौकर को किसी बात के लिए डांटा था, जिससे गुस्साए नौकर ने दोनों की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस नौकर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।



इस मामले में पुलिस ने बताया कि बुधवार को करीब 10 बजे कुलदीप नाम के शख्स ने पुलिस को फोन किया और बताया कि लाजपत नगर-1 से बोल रहा है। कुलदीप ने कहा कि उनके पत्नी और बेटे को फोन लगा रहे हैं लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही है और घर की सीढ़ियों पर खून बिखरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा तो अंदर महिला और उनके बेटे की गला कटी हुई लाश पड़ी थी।

## इतिहास की अद्भुत सैर पर ले जाएगा 'शीश महल', आम लोगों के लिए खुला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के ऐतिहासिक धरोहरों की सूची में पर्यटकों के लिए एक और नाम जुड़ गया है। दिल्ली के शालीमार बाग स्थित शीश महल का जीर्णोद्धार कार्य पूरा करने के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसे पर्यटकों को समर्पित कर दिया है।



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शीश महल विरासत संरचनाओं का अनावरण किया। इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि संरक्षण को लेकर योजनाबद्ध तरीके से काम किया। इसके संरक्षण में राजस्थान और आगरा के लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया। बारादरी के साथ संरचनाओं को प्रामाणिकता और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए चुने की कंक्रीट, सुर्खी, लखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया। इसके साथ गुड़, बेलगिरी और उड़द जैसे प्राकृतिक बाइंडरों जैसी पारंपरिक सामग्रियों और तकनीकों का भी उपयोग किया। इसके संरक्षण के कार्य में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई कारीगरों ने काम किया। शीश महल में प्रवेश निशुल्क है।

शीश महल में बारादरी और तीन ऐतिहासिक कुटीर का जीर्णोद्धार किया है। एक कुटीर में बुक कैफे बनाया गया है। दूसरे कुटीर, कैफे शालीमार बाग में पर्यटकों को कई खानपान की वस्तुएं मिलेंगी। तीसरे कुटीर को आधिकारिक प्रयोजनों के लिए समकालीन उपयोग के लिए तैयार किया गया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डीडीए दिल्ली के अन्य विरासत संरचनाओं की रक्षा और उन्हें बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से संरक्षण का काम कर रहा है। इसी दिशा में महरौली पुरातत्व पार्क, सेंट जेम्स चर्च, हजरत निजामुद्दीन बस्ती और अनंगपाल तोमर वन में विरासत संरचनाओं की बहाली जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इन ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का मरम्मत, जीर्णोद्धार प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह पर्यटकों के लिए नए पर्यटन स्थल के रूप में फिर से स्थापित होंगे। ये बहाल कार्य पर्यटकों और नागरिकों को शहर के इतिहास से जुड़ने के नए रास्ते प्रदान करेंगे। यह स्थल मनोरंजन के स्थान के रूप में भी काम करेंगे। शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन से ई-रिक्शा और ऑटो पकड़ कर शीश महल जा सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली की बस रूट नंबर 127, 183, 631 और 160 से भी जा सकते हैं। यह शीश महल 17वीं सदी का स्मारक है। इसका निर्माण शाहजहां ने अपनी बेगम अइज्जुन्निसा की याद में करवाया था। महल के अवशेष को देख कर इसकी भव्यता और खूबसूरती का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतिहासकार बताते हैं कि शालीमार बाग का इस्तेमाल दिल्ली में मौजूद अंग्रेज अधिकारी भी करते थे। अंग्रेज रेजिडेंट सर डेविड ऑक्टरलोनी ने इसका इस्तेमाल गर्मियों में अपने एकांतवास के रूप में किया था।

# कमला हैरिस बन सकती हैं कैलिफोर्निया की गवर्नर, सर्वे में मिली जबरदस्त बढ़त

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अगर 2026 में कैलिफ़ोर्निया की गवर्नर रेस में उतरती हैं तो उन्हें पहले से ही मजबूत जन समर्थन हासिल है। यह दावा यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफ़ोर्निया, इरविन के स्कूल ऑफ सोशल इकोलॉजी द्वारा जारी एक नए सर्वे में किया गया है। कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक प्रत्याशियों में 24प्रतिशत वोटरों का समर्थन मिला है। दूसरे स्थान पर रियल एस्टेट कारोबारी रिक कारुसो हैं, जिन्हें सिर्फ 9 प्रतिशत समर्थन मिला। 40प्रतिशत मतदाता अभी अपना मत तय नहीं कर पाए हैं।

एक अनाम रिपब्लिकन के खिलाफ हैरिस को 41प्रतिशत समर्थन मिलता



दिख रहा है। वहीं 29प्रतिशत मतदाता रिपब्लिकन के पक्ष में हैं, 16प्रतिशत ने अपना स्टैंड अभी साफ नहीं किया है। 14प्रतिशत वोटर वोट नहीं देंगे। कमला हैरिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जुलाई-अगस्त के अंत तक निर्णय लेने की तैयारी में हैं। उन्होंने अपने पुराने समर्थकों से बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि, कुछ लोग 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी हार को देखते हुए संकोच में हैं।

कमला हैरिस को नाम पहचान और जबरदस्त फंडिंग क्षमताओं का फायदा है। उनका नेट फेवरबिलिटी रेटिंग +11प्रतिशत है, जो उन्हें अन्य डेमोक्रेट्स से आगे रखता है। अन्य संभावित डेमोक्रेटिक प्रत्याशियों में लाइफ्ट. गवर्नर एलेनी कौना लाकिस, स्टेट सुपरिंटेंडेंट टोनी थरमंड और पूर्व कांग्रेस सदस्य केटी पोर्टर के नाम शामल हैं। वहीं अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कमला हैरिस की संभावित उम्मीदवारी ने मैदान को साफ कर दिया है।

## दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, वियना में रोकने के बाद की गई रद्द



**वियना, एजेंसी।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रहे विमान संख्या,ढ्ढ103 को वियना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भरने के दौरान नियमित जांच के वक्त विमान तकनीकी खराबी का पता लगा। इस खराबी को ठीक करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। इसके कारण विमान की वियना से वाशिंगटन डीसी तक की यात्रा रद्द कर दी गई और यात्रियों को उतार दिया गया।

वीजा-मुक्त प्रवेश के लिए पात्र यात्रियों या वैध शेंगेन वीजा वाले यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ान तक वियना में होटल में रहने की सुविधा प्रदान की गई। जबकि प्रवेश की अनुमति के बिना वाले यात्रियों के लिए ऑस्ट्रियाई अधिकारियों की ओर से आव्रजन और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक रहने की व्यवस्था की जा रही है।

इसके बाद वॉशिंगटन डीसी से वियना होते हुए दिल्ली जाने वाली उड़ान 104 भी रद्द कर दी गई और प्रभावित यात्रियों को दिल्ली के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया गया। साथ ही उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर पूरा रिफंड दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि असुविधा के लिए गहरा खेद है और वह सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय उड़ान से पहले सुरक्षा जांच पहल के तहत लिया गया था। एअर इंडिया और इसकी सहायक कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस रोज 1100 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। इसमें 150,000 से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने हवाई क्षेत्र बंद होने, यूरोप और पूर्वी एशिया में हवाईअड्डों पर प्रतिबंध और हवाई यातायात की भीड़ जैसे कारकों के कारण चुनौतियों को स्वीकार किया। एअर इंडिया ने पहले घोषणा की थी कि वह सुरक्षित संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए स्वेच्छा से बढ़ी हुई उड़ान पूर्व सुरक्षा जांच करेगी।

# यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन की बढ़ीं मुश्किलें

### सांसदों ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव; 10 जुलाई को मतदान

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेयेन के खिलाफ दक्षिणपंथी यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर 10 जुलाई को मतदान होगा। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव के असफल होने की संभावना है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन पर कोविड टीकों की खरीद मामले और रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के आरोप लगे हैं। इसके बाद लेयेन के खिलाफ यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर मतदान की तिथि तय करने के लिए जरूरी कम से कम 72 सांसदों के हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सांसद सोमवार को स्ट्रासबर्ग में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस करेंगे।

अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले रोमानिया एमईपी घेरघे पिपेरिया ने कोविड के दौरान फाइजर की सीईओ अल्बर्ट बौर्ला के साथ चैट को लेकर वॉन डेर लेयेन की पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। पिपेरिया ने यूरोपीय आयोग पर रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया। हालांकि लेयेन के अविश्वास प्रस्ताव हारने की संभावना कम है। क्योंकि पिपेरिया की अपनी ही पार्टी ईसीआर ने पहले ही अविश्वास प्रस्ताव से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारी पहल नहीं है। प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्ण बहुमत यानि 720 में 361 वोटों की जरूरत होगी। 2024 में उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं थीं।




**टीका मामले में लगे यह आरोप:** साल 2021 में यूरोपीय संसद के कुछ सदस्यों ने यूरोपीय आयोग से कोविड टीकों को लेकर समझौतों का पूरा विवरण मांगा था, लेकिन आयोग केवल कुछ अनुबंधों और दस्तावेजों तक आंशिक पहुंच प्रदान करने के लिए सहमत हुआ, जिन्हें संशोधित संस्करणों में ऑनलाइन रखा गया था। इसने यह बताने से भी इनकार कर दिया कि उसने अरबों खुराकों के लिए कितना भुगतान किया, यह तर्क देते हुए कि गोपनीयता कारणों से अनुबंधों को संरक्षित किया गया था। इस पर यूरोपीय संघ की अदालत ने भी कहा था कि यूरोपीय आयोग ने महामारी के दौरान दवा कंपनियों के साथ किए गए कोविड-19 वैक्सीन खरीद समझौतों के बारे में जनता को पर्याप्त जानकारी नहीं दी।

# अवैध खनन व परिवहन पर करें प्रभावी कार्रवाई, प्रशासन का होना चाहिए खौफ: उपायुक्त






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक स्थित कार्यालय सभागार में गुरूवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह उपस्थित थे। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार जानकारी ली। जिला खनन पदाधिकारी ने क्रमवार अनुपालन की जानकारी दी। इस क्रम में पिछ्ली बैठक से अब तक जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया। बताया कि बालू, पत्थर, कोयला खनिज के कुल 31 वाहनों को जप्त, 12 के विरुद्ध प्राथमिकी एवं कुल 2.76 लाख जुर्माना वसूली किया गया है। इस पर उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन झ परिवाहन पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों में प्रशासन का खौफ होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोई सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध बालू खनन झ पत्थर खनन पर अंकुश लगाने को लेकर सभी संबंधित विभागों - पदाधिकारियों को समन्वय के साथ अभियान चलाकर सतत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**कार्रवाई हो दिखने लायक, जनता को मिले भरोसा**

उपायुक्त ने अंचलाधिकारी झ थाना प्रभारियों व अन्य अधिकारियों से कहा कि केवल कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं, वह कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए। ताकि आम जनता को यह विश्वास हो कि प्रशासन अवैध गतिविधियों के प्रति संवेदनशील और सक्रिय है। अवैध खनन - परिवहन में संलिप्त लोगों में प्रशासन का खौफ होना चाहिए। उन्होंने ऐसे कार्यों में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टर - वाहनों के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुमार्ना वसूली करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त कर उन पर प्राथमिकी दर्ज करें, अंचलाधिकारी थाना प्रभारी अपने - अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती करें। यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कहीं कोई अवैध खनन - परिवहन नहीं हो। उपायुक्त ने संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को इसकी मानीटरिंग करने का निर्देश दिया।

**किसी भी संरचना के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

उपायुक्त ने बैठक में विशेष चिंता कुछ जिलों में पुल - पुलियों के पिलरों के नीचे हो रहे अवैध खनन कार्य को लेकर जताई। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। इस तरह का मामला बोकारो में नहीं हो, किसी भी संरचना के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी, इसे सुनिश्चित करने को कहा। अगर कहीं किसी तरह की कोई सूचना प्राप्त होती है ऐसे तत्वों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएं।

**सामूहिक समन्वय से कार्रवाई को बनाएं असरदार**

बैठक में उपायुक्त ने परिवहन विभाग, खनन विभाग और मोटरयान निरीक्षक को एकजुट होकर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कहा कि यह किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से ही अवैध खनन पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने जब्त किए गए खनिजों के सुरक्षित भंडारण के लिए स्टॉक यार्ड के लिए भूमि को चिन्हित करने का अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया। इससे संबंधित शीघ्र प्रतिवेदन सौंपने को कहा।

**अवैध गतिविधियों पर अपनाएं जीरो टॉलरेंस**

बैठक के अंत में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में अवैध खनन - परिवहन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस दिशा में तेज, सतत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि खनन माफिया और अवैध परिवहन में शामिल तत्वों पर नकेल कसी जा सके। जिला प्रशासन की नीति जीरो टॉलरेंस की है। कोई भी अधिकारी यदि सुस्ती बरतता है, तो उस पर जवाबदेही तय की जाएगी। इसके अलावा बालू घाटों की वर्तमान स्थिति, लघु खनिज पत्थर के अनुज्ञप्ति को लेकर प्राप्त आवेदनों पर ससमय निष्पादन, बंद कोल खदानों को लेकर कंपनियों की सुरक्षा - व्यवस्था, सीसीटीवी अधिष्ठापन, ई- ट्रांसिट चालान का शत प्रतिशत अनुपालन, वातावरण मुआवजा आदि पर चर्चा कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज से 64 वां सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला सरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 5 जुलाई तक चलेगी। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना, धनबाद, द्वारा किया गया है। इसमें जिले के पूर्वी टुंडी, गोविंदपुर, बलियापुर, कलियासोल, झरिया, निरसा, धनबाद, एगारकुंड, तोपचांची, टुंडी एवं बाघमारा प्रखंड में आयोजित प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंडर 15 व अंडर 17 बालक व बालिका की टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन 10 मैच आयोजित किए गए। जिसमें अंडर 17 बालक समूह में तोपचांची प्रखण्ड की टीम और अंडर 15 में बालिका समूह में पूर्वी टुंडी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। शुक्रवार को अंडर 17 बालिका समूह के भी मैच आयोजित होंगे। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, एडीपीओ आशीष कुमार, एपीओ अशोक कुमार पांडेय, कॉमेंटेटर घनश्याम दुबे, जय हेरो, दिलीप कुमार, राजू साव सहित विभिन्न प्रखंडों के बीपीओ उपस्थित थे। जबकि रेफरी एसोसिएशन के उदय मिश्रा, सुरेश किस्कू, धनपति, सूदन कुमार, तापस कुमार, संतोष कुमार निर्णायक की भूमिका में रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीजीएसईएसटीसी के छात्रों का श्री सीमेंट में चयन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीजीएसईएसटीसी कांड्रा, बोकारो के दो छात्रों का श्री सीमेंट लिमिटेड, रायपुर की कंपनी में चयन हुआ है। बेनू गोपाल बांगुर द्वारा सन्‍ 1979 में स्थापित यह सीमेंट कंपनी भारत की टॉप पाँच सीमेंट कंपनियों में से एक है, जो अपने इको फ्रेंडली जंग रोधक तथा चट्टान सी मजबूती के गुणवत्यो से लैस बांगुर सीमेंट के नाम से जानी जाती है। आज ऑन लाइन पद्धति द्वारा महाप्रबंधक श्री शर्मा द्वारा साक्षात्कार लिया गया, जिसमें बी. टेक., सिविल इंजीनियरिंग के 8 छात्र शामिल हुए जिनमें दो छात्र मिराज आलम एवं रिश्वराज का चयन हुआ। गुरु गोबिंद सिंह एडुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रियदर्शी जारूहार ने बताया कि अभी कई नामी - गिरामी कंपानीयाँ, और कैंपस के लिए आने वाली हैं। उन्होंने बताया की प्रोफेसर रश्मि ठाकुर, ओ. एस. डी. (एच.आर.) ने रायपुर की इस कंपनी के प्लेसमेंट हेतु विशेष योगदान दिया। जी. जी. ई. एस. संस्थान के अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह तथा सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह जी ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए; उनके भविष्य की मंगलकामना की।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फूंका बीजेपी का पुतला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा आज बोकारो के डीसी ऑफिस कार्यालय के समक्ष भाजपा का पुतला फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम आदिवासियों के खिलाफ भाजपा के द्वारा रची जा रही



कथित साजिश के खिलाफ किया गया है। पिछ्ले 30 जून को हूल दिवस के दिन भोगनाडीह में जिस प्रकार से भाजपा की साजिश सामने आई है ,उसको लेकर पार्टी ने इसे शहीदों का अपमान बताया है झामुमो नेताओं का कहना है कि भाजपा संथाल को मणिपुर बनाना चाहती है। लेकिन यह मानसा उनका कभी पूरा होना नहीं दिया जाएगा ।भाजपा आदिवासी और गैर आदिवासियों को लड़ना चाहती है। नेताओं ने कहा कि भाजपा की बौखलाहट का नतीजा है कि इस तरह से यह हरकत कर रहे हैं। क्योंकि जनता ने राज्य की सत्ता से उन्हें फेंकने का काम किया है।

### उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के सभी संविदा कर्मियों के अवधि विस्तार को प्रदान की स्वीकृति

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभाग में संविदा पर कार्यरत 44 महिला पर्यवेक्षिका, चार लिपिक, तीन आदेशपल एवं दो सांख्यिकी सहायिका का वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के लिए अवधि विस्तार करने की स्वीकृति प्रदान की। उपायुक्त ने वैसे कर्मी जिनकी कार्यशैली असंतोषजनक है, को चयन



मुक्त कराने, जिस क्षेत्र में आंगनबाड़ी बंद रहती है उस क्षेत्र की महिला पर्यवेक्षिका को शॉ कोज करने तथा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की निरंतर निगरानी व समीक्षा करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद मौजूद थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त दुमका ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**दुमका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुमका जिले के मसलिया प्रखंड की गोलबंधा पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा 'जनता दरबार-सह-जन संवाद-सह-वित्तीय समावेशन एवं संतृप्ति शिविर' का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने किया। शिविर के माध्यम से 'सरकार आपके के द्वार' तक पहुंची और लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत तीन लाभुकों को दो-दो लाख रुपये के चेक, 10 दीदियों को 11 लाख रुपये का मुद्रा लोन, 17 सखी मंडल की दीदियों को कुल 37 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज तथा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत तीन लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अब तक बैंक खाता नहीं खुलवा सके ग्रामीणों से शिविर के माध्यम से खाता खुलवाकर वित्तीय सेवाओं से जुड़ने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी योजनाओं के अंतर्गत सिर्फ 436 एवं 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर जीवन बीमा का लाभ भी प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में 30 सितंबर तक वित्तीय समावेशन एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# बोकारो शहर में दो समय नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद डुल्लू महतो के सेल एवं उद्योग विभाग के प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता अपने सहयोगी विनेश नायक के साथ बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी से मुलाकात की। उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया एवं समाधान की मांग की। श्री गुप्ता ने बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों की समस्या को अवगत कराते हुए प्राथमिकता एवं क्षमता के अनुरूप क्रेयादेश देने की मांग की। कहा कि काम के अभाव में वित्तीय बोझ बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।



विस्थापितों की समस्याओं को अवगत कराते हुए उन्होंने स्थापित अपरेंटिस एवं मृत कर्मचारी आश्रितों को समझौता के अनुरूप नौकरी क्वार्टर तथा बीजेएच में इलाज की सुविधा देने के साथ साथ बीस विस्थापित गांव दर्जा देने एवं विकास का काम पुनर्वास क्षेत्र में करने की मांग की। कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्होंने बोकारो। स्टील के आवासीय कॉलोनी का समुचित अनुरक्षण एवं मरम्मत के साथ दो टाइम। नियमित रूप से पानी बिजली की आपूर्ति करने एवं बिजली विभाग के महाप्रबंधक मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए कहा कि उनके मनमानी पर अंकुश नहीं लगा। तो आंदोलन की जाएगी। उन्होंने बोकारो शहर में औद्योगिक विकास एवं अन्य समस्याओं के निष्पादन के लेकर जिला प्रशासन एवं बोकारो स्टील प्रबंधन के बीच होने वाली बैठक में सांसद सुझाव लेने के लिए उन्हें बैठक में आमंत्रित करने की मांग की। इसके अलावे बोकारो स्टील में काम करने वाले छोटे ठेकेदारों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए समूह के स्थान पर स्थानीय युवाओं एवं विस्थापित ठेकेदारों को काम देने की मांग की बोकारो। शहर का सौंदर्यीकरण एवं सिटी सेन्टर में पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि बोकारो का मुख्य बाजार सिटी सेन्टर इन। दिनों जल जमाव से परेशान है जिसके कारण लोगों को आने जाने में कठिनाई हो रही है। जल जमाव से मुक्ति के लिए जिस स्तर पर नाले। की सफाई जरूरी है। इसके अलावा भी बोकारो एवं बोकारो स्टील प्लांट के विकास से जुड़े कई सुझावों से सांसद प्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी ने निदेशक प्रभारी को अवगत कराया।

# धनबाद पुलिस ने किया दंगा-रोधी मॉक ड्रिल, जुलूसों पर ड्रोन से होगी निगरानी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुहर्रम के अवसर पर धनबाद पुलिस द्वारा जिले में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी जुलूस पर ड्रोन के जरिये निगरानी के निर्देश भी दिए गए है। गुरुवार को पुलिस केंद्र में दंगा रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी संभावित गड़बड़ी के लिए तैयार करना था, जिसमें पुलिस अधीक्षक (नगर) रित्विक श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया। अभ्यास की शुरूआत दंगा जैसी स्थितियों के प्रबंधन में अपनाए जाने वाले उद्देश्यों और रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी के साथ हुई। जवानों ने भीड़



नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिनमें पानी की बौछारें, आंसू गैस और लाठीचार्ज का प्रयोग शामिल था। इस अभ्यास में नागरिकों को सुरक्षित निकालने, बैरिकेड्स लगाने तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों को शीघ्र भेजने जैसे परिदृश्य भी शामिल थे। अभ्यास के दौरान मौजूद सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव ने कहा कि मुहर्रम जैसे महत्वपूर्ण अवसर के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभ्यासों के महत्व पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मुहर्रम जुलूस बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। मॉक ड्रिल किसी भी स्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमारी तैयारी का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों के बीच समन्वय बहुत महत्वपूर्ण है। आज के अभ्यास के जरिये पुलिस जवानों ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हमारी तत्परता और हमारे बलों के निर्बाध एकीकरण को प्रदर्शित किया है। धनबाद पुलिस जनता से अपील करती है कि किसी भी तरह के अफवाह पर बिल्कुल ध्यान न दें साथ ही कोई भी भ्रामक सूचना की जानकारी अथवा मदद के लिए नजदीकी पुलिस थाना के अलावा डायल 112 या फिर पुलिस कंट्रोल रूम को 03262311217 / 9262998499 / 8210840901 पर सूचना साझा कर सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, सर्जेन्ट मेजर विनोद कुजूर, सर्जेन्ट लक्ष्मण मेहता, सर्जेन्ट अर्जुन महथा समेत अन्य पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# सुदूरवर्ती कोलाबाड़िया टोला पहुंचे पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त, ग्रामीणों से सुनीं समस्याएं

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी खुद बाइक और फिर पैदल रास्तों पर लंबी दूरी तय कर दुर्गम गांव में पहुँचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। गांव में पहुँचे उपायुक्त का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी परेशानियाँ साझा कीं। सड़क, बिजली, पेयजल, आवास योजनाओं का लाभ, और स्थायी आंगनबाड़ी केंद्र की मांग प्रमुख रही। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहुँचने का पक्का रास्ता नहीं होने के कारण रोजमर्रा की जिंदगी काफी कठिन है। बच्चों और महिलाओं के लिए पोषण और शिक्षा सुविधाओं की भी कमी उजागर हुई। उपायुक्त सत्यार्थी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि हर मांग को प्राथमिकता पर लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपने साथ पहुँचे विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करें और सुनिश्चित करें कि उसका लाभ ग्रामीणों को समय पर मिले। उन्होंने ग्रामीणों को कृषि और पशुपालन योजनाओं से जोड़ने और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की भी बात कही।दौरे के दौरान उपायुक्त ने कोलाबाड़िया टोला के प्राथमिक विद्यालय और अस्थायी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, उपस्थिति और पाठ्य सामग्री की जानकारी ली। शिक्षकों से चर्चा करते हुए उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। बच्चों को उपायुक्त ने प्रोत्साहित किया कि वे नियमित स्कूल जाएँ और पढ़ाई



में मन लगाएँ।उपायुक्त ने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और अपनी समस्याएँ पंचायत और प्रखंड स्तर पर समय पर साझा करें, ताकि जल्द समाधान संभव हो सके। उन्होंने कहा, ह्रराज्य सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसके लिए दुर्गम क्षेत्रों में लगातार दौरा कर जमीनी हकीकत जानी जा रही है।

# विद्युत विभाग के एसडीओ एवं जे ई, बेंगाबाद के द्वारा जल्द बिजली व्यवस्था सुधारने के आश्वासन पर अनशन खत्म किया गया : सुनीता देवी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता देवी मुखिया ग्राम पंचायत छोटकी खरगडीहा , ताराटांड़ मुखिया वीरेंद्र दास, ओझाडीह मुखिया वासुदेव नारायण सिंह, जिला मुखिया संघ है के संरक्षक महेंद्र प्रसाद वर्मा जिला परिषद के सदस्य केदार हाजरा ,राजेंद्र प्रसाद वर्मा मुखिया करणपुरा, जलसहिया सरिता देवी,



संतोषी देवी, रीता देवी, सुनीता देवी, जागेश्वर भोक्ता, सुभाष राणा, अरुण शर्मा, सुनीता देवी, प्रतिमा स्वराज, भाजपा नेता सुनीता देवी, अशोक यादव उप मुखिया ओझाडीह, कुमारी अनुराधा, अनुराधा वर्मा, सतीश कुमार, जयप्रकाश अग्रवाल,भाजपा नेता शिवपूजन राम आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे अनशन कार्यक्रम के माध्यम से चार बिंदुओं पर अपना मांग पत्र समर्पित किया गया जिसमें ताराटांड़ में अवस्थित वाटर प्लांट में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय 3 नंबर फीडर में हर 5 किलोमीटर पर एबी स्विच एवं फिउज लगाना सुनिश्चित किया जाय फीडर नंबर 3 जो वर्तमान में 55 किलोमीटर क्षेत्र में 11000 लाइन संचालित है जिसे छोटा-छोटा फीडर बनाया जाए, फीडर नंबर 3 से जो 11000 लाईन खेत जंगल व नदी से ले गया है उसे पक्की सड़क के किनारे से ले जाया जाए।

# आपसी भाईचारे-सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं मुहर्रम का पर्व : डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में आगामी 06 जुलाई को मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस दौरान विशेष शाखा द्वारा जिलों को बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई। बैठक में की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेश कुमार गुप्ता, एसडीओ बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, डीपीआरओ रवि कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास/बेरमो,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। डीसी एवं एसपी ने क्रमवार सभी अंचलों/थानों में शांति समिति की बैठक की जानकारी ली। सभी ने कहा कि शांति समिति की बैठक कर ली गई है। समिति सदस्यों का विवरण,समाज के सम्मानित लोगों का संपर्क नंबर आदि प्राप्त कर लिया गया है। द्वय पदाधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों/मोहल्लों पर विशेष निगरानी रखने/सर्तक रहने को कहा। छोटी सी छोटी घटना की अविलंब सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देना सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाले। जिले में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल उपलब्ध है, सभी की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। दंडाधिकारी एवं पुलिस बल समन्वय के साथ प्रतिनियुक्त स्थल

## निर्धारित रूट और तय समय पर ही निकलेंगे जुलूस, ताजिया की ऊंचाई 12 फिट से उपर नहीं



पर तैनात रहेंगे। सभी अलर्ट मोड में रहते हुए अपने दायित्वों का निष्पादन करेंगे। निर्धारित एसओपी का अनुपालन करेंगे। डीसी एवं एसपी ने इस बात को सुनिश्चित करने को कहा कि पूर्व से निर्धारित रूट एवं तय समय पर ही जुलूस निकले तथा संपन्न हो। सुरक्षा कारणों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से उपर नहीं हो। चास एवं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी को समितियों को लाइसेंस जारी करने के क्रम में ही इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, जुलूस का वीडियो रिकॉर्डिंग हो, आवश्यकतानुरूप सीसीटीवी/ड्रौन कैमरे से भी निगरानी करें। अनुमंडल पदाधिकारियों को उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए बीएनएस की धारा 126 की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करने को कहा। पर्व को देखते हुए जिला कंट्रोल रूम के साथ अनुमंडल कंट्रोल रूम एवं अस्थायी मिनी कंट्रोल रूम भी संचालित किया जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के लिए जिला टीम को सक्रिय करने एवं स्थानीय स्तर पर भी इसकी निगरानी करने को द्वय पदाधिकारियों ने कहा। वाट्स एप समूह के एडमिन एवं संबधित समूह के सदस्य बिना पुष्टि के किसी भी भ्रामक खबर का प्रसार नहीं करेंगे,ऐसा करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाट्स एप समूह को ओनली फार एडमिन करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उत्पाद विभाग को क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में नजर रखने एवं मोहर्रम को लेकर जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखना सुनिश्चित करने को कहा। सिविल सर्जन को को अलर्ट मोड में रहते हुए सभी चिकित्सकों को आन ड्यूटी रहने, एबुलेंस, मेडिकल टीम आदि की व्यवस्था करने को कहा।

**सभी फोन कॉल को करें रिसीवः डीडीसी**

बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने सभी सिविल झ पुलिस पदाधिकारियों को अपने फोन कॉल को रिसीव करने का निर्देश दिया। अगर कोई कॉल छूट जाता है, तो कॉल बैक कर बात करें। हो सकता है कि कोई जरूरी सूचना/इनपुट देने के लिए आपसे कोई संपर्क कर रहा हो। इसलिए इसे गंभीरता से लेने की बात कहीं। वहीं, अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी ने विशेष शाखा से प्राप्त इनपुट एवं बरती जाने वाली सावधानियों से सभी सिविल एवं पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराया। कहा कि जुलूस में डीजे का इस्तेमाल नहीं होगा। किसी अन्य माध्यम से कोई भी भड़काऊ गाने का इस्तेमाल नहीं करेगा। इसके अलावा कई अन्य बातों पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

**04 अतिरिक्त मिनी कंट्रोल स्थापित**

बैठक में बताया गया कि मुहर्रम पर्व को लेकर समेकित जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्याः 06542 - 223705/223475/100 एवं 112) के अलावा 04 अतिरिक्त मिनी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। सभी के वरीय पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए है। मिनी कंट्रोल रूम क्रमशः मिनी नियंत्रण कक्ष सिवनडीह, मिनी नियंत्रण कक्ष रितुडीह, मिनी नियंत्रण कक्ष बेरमो थाना (दूरभाष संख्याः 06549-230674) एवं मिनी नियंत्रण कक्ष अनुमंडल कार्यालय बेरमो में स्थापित होंगे। आमजन भी नियंत्रण कक्ष में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी साझा कर सकते हैं, प्रशासन त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

**डीसी-एसपी ने किया अपील**

डीसी अजय नाथ झा ने जिलावासियों से आपसी भाईचारे के साथ त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम मनाने का अपील किया। उन्होंने आमजनों से सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के किसी भी भ्रामक खबर का प्रसार नहीं करने की बात कहीं। वहीं, एसपी हरविंदर सिंह ने जिलावासियों से शांति पूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK